संसेक्स 71,423.65 ▲ +236.79
डॉलर 83.110 ▼ -0.053

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 22.0 | 08.0 | 16.0 |
| धनबाद | 22.0 | 10.0 | 18.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 10.0 | 20.0 |
| पलामू | 22.0 | 07.0 | 17.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष शुक्ल पक्ष 11, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 21 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 96, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय प्रभु श्रीराम ने जब मुझे अयोध्या बुलाया ...8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
सानिया मिर्जा ने शोएब से लिया 'खुला' ... 10 देश/विदेश




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर आज से काम करने लगा है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,160

चांदी (किलो) 71,550

## एक नजर

### रांची में दिनभर रेंगती रही गाड़ियां



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी की पूछताछ को लेकर पूरी राजधानी रांची जाम से जूझती रही। दिन भर गाड़िया रेंगती रही। आम लोगों को जाम से दो चार होना पड़ा। शहर के सभी चौक चौराहों पर गाड़ियों के लंबे कतार लगी और जिससे लोगों को काफी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। राजधानी के रातू रोड चौक, करमटोली चौक, भारत माता चौक, अरगोड़ा चौक, हॉट लिप्स चौक, रणधीर वर्मा चौक, किशोरगंज चौक, बरियातू रोड में सभी गाड़ियां रेंगती रही। इन सभी चौक चौराहों पर लंबा जाम रहा। पांच मिनट की दूरियों को करीब एक घंटे का समय लगा। इडी के अधिकारी जमीन घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ कर रहा है। हालांकि सुरक्षा व्यवस्था को मध्य नजर रखते हुए पुलिस बल की भारी मात्रा में तैनाती की गई थी लेकिन विभिन्न चौक चौराहों पर जाम की स्थिति बनी हुई है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बंद कमरे में सात घंटे पूछताछ

# ईडी असंतुष्ट, फिर हो सकता है आमना-सामना

- मुख्यमंत्री आवास के 500 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू
- ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से करीब एक दर्जन सवाल पूछे
- ईडी के जाते ही मुस्कुराते हुए बाहर निकले सीएम, कार्यकर्ताओं को संबोधित किया



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** ईडी और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के बीच जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पिछले छह महीने से चल रहे 'पत्र युद्ध' के बाद शनिवार को मिलन की घड़ी आ ही गई। ईडी के आठवें समन के बाद आखिरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूछताछ के लिए राजी हुए। लेकिन वह खुद ईडी दफ्तर नहीं गए। ईडी के अधिकारियों को खुद अपने आवास में बुलाया। इसके बाद ईडी अधिकारी शनिवार दोपहर करीब एक बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंचे और मुख्यमंत्री से सात घंटे की लंबी पूछताछ की। पूछताछ के बाद रात करीब आठ बजे मुख्यमंत्री आवास से ईडी की टीम बाहर निकली।

सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री से ईडी ने बड़गाई अंचल में डीएवी बरियातू के पीछे स्थित 8.46 एकड़ जमीन के संबंध में पूछताछ की। मुख्यमंत्री से उनके और पारिवारिक सदस्यों द्वारा अर्जित संपत्ति के बारे में भी पूछताछ की गई। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में ईडी को जानकारी दी। बताया जा रहा है कि ईडी ने सीएम से करीब एक दर्जन सवाल पूछे। अफसरों ने सीएम का जो बयान दर्ज किया है, उसका दस्तावेजों के साथ मिलान किया जाएगा। इसके बाद एक बार फिर उनसे पूछताछ हो सकती है।

**ईडी की गाड़ियों की भी हुई जांच :** मुख्यमंत्री आवास के अंदर दाखिल होने से पहले ईडी के अधिकारियों की गाड़ियों की भी जांच की गई। वहीं मुख्यमंत्री आवास के बाहर भी डीसी, एसएसपी सहित भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात रहे।

### जरूरत हुई तो गोली खा लेंगे लेकिन झुकेंगे नहीं : मुख्यमंत्री



ईडी के पूछताछ के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने आवास से मुस्कुराते हुए बाहर निकले और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उनके बाहर निकलते ही कार्यकर्ताओं में जोशभर गया और वह जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हम किसी से डरने वाले नहीं है। हेमंत सोरेन हर कार्यकर्ता के साथ खड़ा रहेगा, ये वादा करता हूं। जरूरत होगी तो गोली खा लेंगे लेकिन झुकेंगे नहीं। हर सवाल का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद से षड्यंत्र के जाल बिछाए जा रहे हैं। हम ना कभी झुके हैं न डरे हैं। कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पैदल ही मुख्यमंत्री हाउस के पीछे के गेट से वापस आवास चले गये। मुख्यमंत्री के संबोधन के बाद उत्साहित कार्यकताओं ने एलपीएन सहदेव चौक पर पटाखे फोड़े।

### 14 अगस्त 2023 से भेजा रहा था समन

जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन का बयान लेने के लिए 14 अगस्त 2023 को पहला समन भेजा था। दूसरा समन जारी कर 24 अगस्त को, तीसरे समन पर 9 सितंबर, चौथे समन पर 23 सितंबर, पांचवें समन पर 4 अक्टूबर और छठे समन पर 12 दिसंबर को बुलाया गया था। सातवें समन का तरीका बदल गया। ईडी ने सीएम से कह दिया कि आप 30 दिसंबर से 5 जनवरी के बीच बयान दर्ज कराने के लिए ईडी दफ्तर आयें या खुद जगह तय करें। आठवीं बार ईडी ने 13 जनवरी को पत्र जारी कर स्पष्ट कर दिया कि अगर 16 से 20 जनवरी के बीच आप नहीं आते हैं तो टीम को खुद आपके पास आना पड़ेगा।

### स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत नियोजन

# सुनिश्चित करने की दिशा में बढ़ रही राज्य सरकार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत नियोजन सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार लगातार आगे बढ़ रही है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन 22 जनवरी को 2500 युवाओं को निजी क्षेत्र में ऑफर लेटर सौपेंगे। खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में कौशल प्राप्त युवाओं को अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपैरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट टेक्सटाइल कंपनियों के लिए ऑफर लेटर सौंपा जायेगा। इससे पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेले में 56 हजार युवाओं को निजी क्षेत्र में ऑफर लेटर दिया जा चुका है।

**प्लांट्स के शुरू होने से कुल्ही गांव की बदली तस्वीर :** हेमन्त सोरेन के प्रयासों का ही प्रतिफल है कि दिसंबर 2021 में रांची के ओरमांझी स्थित कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में कई टेक्सटाइल प्लांट्स का शुभारम्भ किया गया था। आज उन प्रयासों से महज तीन वर्ष में 10 हजार से अधिक युवाओं को रांची में रोजगार मिला है। यहां स्थित कपड़े की फैक्ट्रियां न सिर्फ लोगों को रोजगार दे रही हैं, बल्कि उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। यहां काम करने वालों में 90 प्रतिशत महिलाएं हैं। ये सभी युवा कुल्ही स्थित अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपैरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट की अत्याधुनिक कपड़े की यूनिट्स में काम कर जीवन यापन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि ने कुल्ही गांव की तकदीर और तस्वीर दोनों ही बदल दी है।

### विभिन्न राज्यों से लाई गईं बेटियों और श्रमिकों को भी मिला रोजगार

इन उद्योगों में विभिन्न राज्यों में कार्य करने गई झारखंड की बेटियों को भी रोजगार से आच्छादित किया गया है। नियोजित बेटियां कोरोना संक्रमण काल में वापस लाई गईं थीं या विभिन्न राज्यों में कार्य के दौरान उन्हें बंधक बना कर कार्य लिया जा रहा था। ऐसी सभी बेटियों को मुख्यमंत्री के निर्देश पर वापस झारखंड लाकर नियोजित किया गया है। उत्तराखंड के नवनिर्मित टनल हादसे से सुरक्षित रेस्क्यू किए गए कुछ श्रमिकों को भी कुल्ही स्थित प्लांट्स में रोजगार उपलब्ध कराया गया है।



अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह होना है। इससे पहले पीएम मोदी देश के कई मंदिरों में जाकर दर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी इन दिनों तमिलनाडु के दौरे पर हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने रामेश्वरम में 'अंगी तीर्थ' समुद्र तट पर पवित्र स्नान किए। समुद्र में डुबकी लगाने के बाद भगवान रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा की। रुद्राक्ष की माला पहने नजर आए पीएम मोदी ने तमिलनाडु के प्राचीन शिव मंदिर रामनाथस्वामी मंदिर में प्रार्थना की। पुजारियों द्वारा उन्हें पारंपरिक सम्मान दिया गया। उन्होंने मंदिर में आयोजित भजनों में भी हिस्सा लिया।

# आ गये श्रीराम : 500 वर्षों की तपस्या हो रही साकार

### अनुकूल होते गये ग्रह नक्षत्र और अयोध्या में श्रीराम के भव्य मंदिर ने लिया आकार

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** आखिरकार आ गये श्रीराम। परम पावन अयोध्या धाम में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण व उसके गर्भगृह में रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा अनायास ही नहीं है। यह श्रीराम पर हमारे अटूट विश्वास के साथ अनवरत 500 वर्षों से जारी तपस्या की परिणति है। यह श्रीराम के प्रति हमारी अगाध भक्ति की ही शक्ति थी कि इन पांच सौ वर्षों में न सिर्फ हमारे पुरखों ने श्रीराम मंदिर को विध्वंस करने वाले मुगल आक्रांताओं का डटकर मुकाबला किया। भारतवर्ष में अंग्रेजी राज स्थापित होने के बाद भी यह संघर्षगाथा जारी रही। आजादी के बाद भी छद्म सेकुलरिज्म के कारण अपने आराध्य को उनकी जन्मभूमि में विराजमान करने के लिये हमें लगातार संघर्ष करना पड़ा। कहते हैं नीयत साफ हो व उद्देश्य सार्थक हो तो लक्ष्य एक ना एक दिन अवश्य हासिल होता है। भक्तों की आस्था व विश्वास देख भगवान भी मंजिल पाने का समय व माध्यम निर्धारित कर देते हैं। भले ही उसमें विलंब हो। श्रीराम जन्म भूमि के मामले में भी ऐसा ही हुआ। एक सदी पूर्व तक असंभव सा दिखने वाले श्रीराम मंदिर के निर्माण का मार्ग क्रमशः बनता गया। हम भाग्यशाली हैं कि अपने जीवन काल में श्रीराम मंदिर का निर्माण ही नहीं, बल्कि रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा का भी साक्षी बन रहे हैं। ऐसा श्रीराम की कृपा से ही संभव हो रहा है।



### प्राण-प्रतिष्ठा के दिन श्रीराम जन्म जैसा संयोग

मां भगवती काली मंदिर रेड़मा के पुजारी श्याम पांडेय उर्फ श्याम बाबा ने बताया कि सदियों के बाद श्रीराम जन्म जैसा संयोग बनता है। एक समय बना था जब गोस्वामी तुलसीदास ने अमर कृति श्रीराम चरित मानस की रचना की थी। वर्तमान में यह सनातन धर्म के रग-रग में बसी है। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के दिन भी श्रीराम जन्म जैसा ही संयोग बन रहा है।

### मृत्यु से अधिक श्रीराम मंदिर न देख पाने का दुख

अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के लिये संघर्ष करने वालों को अपनी मृत्यु से अधिक दुख श्रीराम मंदिर न देख पाने का रहा। गोरक्षपीठ के महंत अवैद्यनाथ इसके साक्षात प्रमाण हैं। उनके शिष्य व उत्तराधिकारी वर्तमान में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ जो अंतिम समय में उनके साथ थे ने एक साक्षात्कार में कहा था कि गुरुदेव को श्रीराम मंदिर न देख पाने का अपार कष्ट था। उनके जैसे न जाने कितने महापुरुषों की आत्मा को 22 जनवरी को निश्चित ही असीम शांति मिलेगी।

## इंडिया

# राम और ओराम का झारखंड से गहरा संबंध



सुनील बादल

**उरांव** या कुड़ुख जनजातीय समूह को झारखंड और छत्तीसगढ़ में उराँव महाराष्ट्र में धनगड़ या धनगर, यूपी में धांगर तो बिहार में मालतो नाम से भी जाना जाता है। ये अपनी मूल भाषा उरांव या कुड़ुख बोलते हैं, जिसका संबंध द्रविड़ भाषा परिवार से बताया जाता है। उरांव और कन्नड़ भाषा में अनेक समानताएं हैं। इस आधार पर, यह संभावना व्यक्त की जाती है कि द्रविड़ भाषा-भाषी उरांव मूलतः रामायण में वर्णित कोंकण की 'किष्किंधा' की वानरी सेना, जिसके प्रमुख सुग्रीव थे के वंशज हैं। लंका युद्ध में ये भगवान श्रीराम चंद्र की सेना की मुख्य भूमिका में थे। वाल्मीकि रामायण के लंका कांड के 124 वां अध्याय के अनुसार रावण विजय और लंका युद्ध की समाप्ति के पश्चात वानरी सेना भी अपने परिवारों के संग अयोध्या को चली। इनमें से कुछ लोग तो अयोध्या तक पहुंचे, लेकिन अधिकतर वानरी संख्या नर्मदा नदी के सहारे वर्तमान मध्य प्रदेश के क्षेत्रों और फिर सोन घाटी से कैमूर पहाड़ी के आस-पास स्थित 'करुष' प्रदेश पहुंच गयी। वे यहां कृषि कार्य करने लगे। करुष प्रदेश (रोहतास के आसपास) में रहने के कारण ही ये अपने को 'करख' और बाद में 'कुड़ुख' कहने लगे। कुड़ुखों ने रोहतासगढ़ को खरवारों से हस्तगत कर लिया। फिर अपने शासन का केन्द्र पटनागढ़ को बनाया। इससे जुड़ी कई अन्य कहानियां भी हैं। ये बाद में वह छोटानागपुर पठार में आकर बस गए। भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्री रहे जुएल ओराम ओडिशा में भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। इनके टाइटल ओराम का बिगड़ा हुआ रूप उरांव मानने के आधार पर यह भी मान्यता है कि लंका विजय के बाद जब राम अयोध्या लौटे तो ये सुग्रीववंशी ओराम कहते हुए अयोध्या तक गए जहां इनकी अच्छी आबादी आज भी है । वहां से महाराज हरिश्चंद्र के पुत्र रोहिताश्व के नाम पर बसे रोहतास गढ़ पहुंचे। उरांव जनजातियों के कुडुख लोकगीतों में रोहतासगढ़ को उरांव राजाओं का धरोहर कहा गया है। इन गीतों में रोहतासगढ़ को रुइदास कहा गया है। इसके अलावा पूर्व के रोहतास और अब कैमूर जिला के पटना और निंदौरगढ़ को उरांव जनजाति आदिकाल से ही अपनी राजधानी मानते हैं। वहां के अनेक स्थानों के नामों में आंव प्रत्यय लगा है जैसे अगियांव। कैमूर जिले के चांद प्रखंड में स्थित यह स्थान अब पटनवां-निंदौर गढ़ के नाम से जाना जाता है। इस स्थान का वर्णन वाल्मीकि रामायण में भी मिलता है। उरांव जनजातियों के कुडुख लोकगीतों में रोहतासगढ़ को उरांव राजाओं की धरोहर कहा गया है। इन गीतों में रोहतासगढ़ को रुइदास कहा गया है। इसके अलावा पूर्व के रोहतास और अब कैमूर जिला के पटना और निंदौरगढ़ को उरांव जनजाति आदिकाल से ही अपनी राजधानी मानते हैं। उरांव जनजातियों के कुडुख लोकगीतों में रोहतासगढ़ को उरांव राजाओं की धरोहर कहा गया है। इन गीतों में रोहतासगढ़ को रुइदास कहा गया है। इसके अलावा पूर्व के रोहतास और अब कैमूर जिला के पटना और निंदौरगढ़ को उरांव जनजाति आदिकाल से ही अपनी राजधानी मानते हैं। कैमूर जिले के चांद प्रखंड में स्थित यह स्थान अब पटनवां-निंदौर गढ़ के नाम से जाना जाता है। इस स्थान का वर्णन वाल्मकि रामायण में भी मिलता है। वाल्मीकि रामायण का जैन संस्करण है पौमचरिया रामायण जिसमें अहिंसा व नैतिक आचरण के सिद्धांतों का पालन करते हुए रावण को राम नहीं।



# सरकार कर रही राज्य में आक्रोश और भय का माहौल दिखाने की कोशिश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी की पूछताछ के पहले सत्ताधारी गठबंधन की ओर से पूरे राज्य में आक्रोश और भय का माहौल दिखाने की कोशिश की जा रही है। इसमें सरकार की पूरी संलिप्तता है। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने तो ईडी के अधिकारियों पर हमले का आह्वान कर रहे हैं। झामुमो के प्रवक्ता कह रहे कि जनता में आक्रोश है और कुछ भी हो सकता है। प्रतुल ने कहा कि जनता में इस बात को लेकर जरूर आक्रोश है कि मुख्यमंत्री की सरकार ने चार वर्ष तक सिर्फ भ्रष्टाचार किया। आदिवासी मूलवासी का कोई विकास नहीं हुआ। शुक्रवार को जिस तरीके से राजभवन के आस पास निषेधाज्ञा लगे होने के बाद भी हरवे-हथियार के साथ प्रदर्शनकारियों को जाने की छूट थी, उससे साफ दिख रहा है कि राज्य सरकार अपने दायित्व का निर्वाह नहीं कर रही। प्रतुल ने कहा ये सब सरकार प्रायोजित था। राज्य सरकार को इनपर रोक लगानी चाहिए। प्रतुल ने कहा कि संविधान के आर्टिकल 7 के अनुसार विधि व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है। विधि व्यवस्था बनाए रखना भी राज्य सरकार का दायित्व है।

## एक नजर

### शिविर में 110 मरीजों का उपचार

**मेदिनीनगर।** सेम्फोर्ड हॉस्पिटल रांची के द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में सबसे पहले ग्रासिम इंडस्ट्रिज केमिकल डिवीजन रेहला के सीएमओ डॉक्टर हरि प्रसाद ने सैमफोर्ड हॉस्पिटल से आए चिकित्सकों को बुके देकर उनका स्वागत किया। न्यूरो रोग के डॉक्टर अरुण कुमार ने 50 एवं हड्डी रोग के डॉक्टर रोहित कुमार रुंगटा ने 60 मरीजों की जांच की। मौके पर हॉस्पिटल के मार्केटिंग मैनेजर अमित चंदेल , रवींद्र, छोटू, बिरजू आदित्य बिरला हॉस्पिटल के डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ सुरेंद्र, डॉ. अनुपा कुजूर, जितेंद्र वर्मा, छोटे लाल, अंगद, रूबी मौजूद रहीं।

### समाजसेवी ने गरीबों को बांटें कंबल

**पांडू।** कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोग कड़ाके की ठंड से त्रस्त हैं। गरीबों की परेशानी को देखते हुये समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने गांवों में जाकर जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किया। उन्होंने कहा कि हर गरीब की सेवा करना हमारी पहली प्राथमिकता है और सच्ची सेवा भी है। मौके पर प्रवीण सिंह, राहुल दुबे, निर्मला सिंह, मीरा सिंह, सुरेश चौधरी उपस्थित रहे।

### दवा दुकान का उद्घाटन

**पाटन।** थाना क्षेत्र के सेमरी में दवा दुकान का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी और जिला परिषद संग्राम सिंह के द्वारा फीता काट कर किया गया। संग्राम सिंह ने कहा कि पाटन का पहले की अपेक्षा सभी क्षेत्र में विस्तार हो रहा है। दुकान के संचालक दिनेश कुमार उर्फ टपु ने कहा कि आने वाला समय में यहां अस्पताल खोलने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। मौके पर रामानंद पासवान, उमाकांत प्रजापति, कमलेश पासवान, सुजीत पासवान, आशुतोष पाण्डेय, अर्पित राज, मनोज यादव, रिंकी, आशुतोष पांडे उपस्थित रहे।

### बकोरिया में हाथियों ने चौथी बार फसल किया बर्बाद, किसान बेबस

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर सदर प्रखंड क्षेत्र के सरजा पंचायत अंतर्गत बकोरिया गांव में हाथियों ने चौथी बार उत्पात मचाया। किसानों की फसल नष्ट कर दी। हाथियों के चिंघाड़ने की आवाज सुनकर लोग घरों में दुबक गए। प्रभावित किसानों ने शनिवार को बताया कि अभी तक चार बार हाथियों द्वारा खेतों में आकर गेहूं और सरसों के फसल को नुकसान पहुंचाया गया है।

### ब्रह्म स्थान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश जलयात्रा, लोगों में उत्साह

# पूजा पाठ से सुख समृद्धि व मन को शांति मिलती है : कर्नल संजय

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के महुअरी पंचायत के ग्राम झरहा में श्री ब्रह्म स्थान मंदिर प्राण- प्रतिष्ठा सह धार्मिक अनुष्ठान को लेकर शनिवार को बैंड बाजा व डीजे के साथ विद्वान महात्माओं के नेतृत्व में भव्य कलश जलयात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा चिरैयाखाड़ ब्रह्म स्थान से आरंभ होकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए बुधुआ सोन नदी घाट पर पहुंची। जहां विद्वान पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी कराया। जल भरकर श्रद्धालु पुनः पूजा स्थल पर पहुंचे। जहां यज्ञाचार्य के नेतृत्व में अनुष्ठान आरंभ हुआ। कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान व हर-हर महादेव के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। कलश यात्रा में शामिल भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ.संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन से क्षेत्र में शांति बनी रहती है तथा वातावरण में शुद्धि आती है। यज्ञाचार्य प्रजा तिवारी ने बताया कि अनुष्ठान की पूणार्हुति 23 जनवरी को हवन पूजा के साथ की जाएगी। इस अवसर पर महा प्रसाद सह भण्डारा का आयोजन किया गया है। अनुष्ठान के दौरान चौबीस घंटे श्रीराम नाम अखंड संकीर्तन किया जाएगा। कलश यात्रा में मुखिया सरिता कुमारी, मिथिलेश सिंह, बद्रीनारायण सिंह, तृप्ति सिंह, लालधन ठाकुर, ललन सिंह, मनोज कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय सिंह, शिवनाथ राम, मुकेश सिंह, उमेश चन्द्रवंशी, आनंद कुमार शामिल थे।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

# बारी मुखिया निरोत्तमा को मिला प्रथम पुरस्कार

### रांची में विधान सभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने किया पुरस्कृत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग के द्वारा रांची में आयोजित पुरस्कार वितरण सह कार्यशाला में शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के क्रियान्वयन और निगरानी में बेहतर काम करने के लिए सतबरवा प्रखंड के बारी पंचायत की मुखिया निरोत्तमा कुमारी को विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया है। इस सम्मान को प्राप्त करने के बाद मुखिया निरोत्तमा कुमारी ने कहा कि यह सम्मान मुझे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा। बारी पंचायत को पलामू जिला में अव्वल बनाने का पूरा प्रयास किया जायेगा। क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनका उद्देश्य है। मुखिया को पुरस्कार मिलने की जानकारी मिलने की खबर पाते ही गांव में हर्ष व्याप्त हो गया। पंचायत समिति प्रमुख रीमा देवी, जिप सदस्य सुधा कुमारी, सदस्य रुबी देवी, जुबैर खां, बीस सूत्री सदस्य श्रीनिवास चौधरी, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम, उप मुखिया संघ की प्रखंड अध्यक्ष अर्चना कुमारी,उदय सिंह ने खुशी जाहिर की है।



# हैं तैयार हम, रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। 22 जनवरी को शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर नागरिकों को शांति का संदेश दिया। शहर के अंबेडकर चौक, मुख्य बाजार, जेपी चौक सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में का भ्रमण कर पुलिस ने अपनी चौकसी का भी परिचय दिया। अधिकारियों ने लोगों को सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के अफवाह न फैलाने की कड़ी चेतावनी देते हुये कहा कि शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के साथ सख्ती से निपटा जायेगा। मौके पर अंचल पदाधिकारी धनंजय गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार, हुसैनाबाद थाना प्रभारी समीर तिर्की, एसआई सौरभ कुमार, एएसआई वीर बहादुर सिंह, विनोद राम, सीताराम सिंह मौजूद थे।



फ्लैग मार्च करती पुलिस व साथ में सीओ, बीडीओ।

### असमाजिक तत्वों पर विशेष नजर



**ऊंटारी रोड।** श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर ऊंटारी व पांडू थाने की पुलिस ने शनिवार को फ्लैग मार्च निकालकर शांति का संदेश दिया। निरीक्षक प्रियंका आनंद की उपस्थित में पुलिस ने विभिन्न इलाकों का चक्रमण कर नागरिकों को विधि-व्यवस्था में सहयोग करने का आह्वान किया। पांडू में बीडीओ राहुल उरांव, पांडू थाना प्रभारी राहुल गुप्ता, बीपीओ रंधीर सिंह,ऊंटारी रोड में बीडीओ परितोष प्रियदर्शी ,थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो, सब इंस्पेक्टर रमेश चंद्र महतो आदि मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी।

### पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**पाटन।** रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पाटन पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च। फ्लैग मार्च का नेतृत्व सीओ दीपक कुमार मिश्रा व एसआई रॉबिन कुमार ने किया। जवानों ने पाटन बाजार, किशुनपुर, लोईंगा, सुठा, नौडीहा, पाल्हे का भ्रमण कर नागरिकों को शांति का संदेश दिया। मौके पर एसआई राकेश कुमार, मनोज कुमार, राजनंदन यादव, राजकिशोर महतो, संतोष कुमार,अंचल सहायक सुशील कुमार मौजूद थे।

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 1,141 परीक्षार्थी शामिल

**हुसैनाबाद।** स्थानीय जवाहर नवोदय विद्यालय जपला द्वितीय में वर्ग छह में नामांकन के लिये प्रवेश परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्वक संपन्न हुयी। जनवि के प्राचार्य सह डीएलओ अशहर रूमी ने बताया कि सात परीक्षा केंद्रों पर 1141 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। परीक्षा के लिये 1760 अभ्यर्थियों ने फार्म भरा था। जिसमें 619 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बताया कि शांति पूर्ण संचालन हेतु सात परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। जिसमे प्लस टू बालिका उवि., रा. उर्दू मवि, राजकीयकृत मध्य विद्यालय, बक्शी उवि, हार्वे उवि, शहीद भगत सिंह कॉलेज, रा. कन्या मवि. परीक्षा केंद्रों पर सीएलओ के रूप में राणा तब्बसुम, प्रिया भारती, नसीम आलम मल्लिक, एनके डे,आरपी सिंह, एनके पांडेय, रश्मि वर्मा, अभिषेक सिंह आदि सक्रिय रहे। परीक्षा के दौरान डीएलओ सह प्राचार्य अशहर रूमी, बीईईओ नरेश राम ने सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

# विधायक ने किया 14 योजनाओं का शिलान्यास



**छतरपुर।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुर्मदाग एवं ग्राम पंचायत पिंडराही में विधायक कोटे की राशि से 14 योजना का शिलान्यास विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने किया। इसके साथ ही एक स्वास्थ्य उप केंद्र एवं छतरपुर से कविक्षा नदी तक कालीकरण रोड का भी शिलान्यास किया गया। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, छतरपुर मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव, लाठ्य मंडल अध्यक्ष प्रयाग विश्वकर्मा, युवा अध्यक्ष अजीत प्रजापति, एससी मोर्चा के अध्यक्ष शिवराम जी, पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव, भाजपा नेता जगदीश यादव, भाजपा नेता विक्रम कुमार, पिंडराही की मुखिया रीता देवी, अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष कामेश्वर पासवान, विधायक प्रतिनिधि संतोष प्रसाद गुप्ता मौजूद रहे।

# थाने में शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह, थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह उपस्थित थे। इस दौरान 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर शांति व्यवस्था को लेकर रूपरेखा तय की गयी। विभिन्न पूजा कमेटी के सदस्यों ने प्रशासन को निर्धारित कार्यक्रम से अवगत कराया। थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर है। जगह-जगह सुरक्षा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, पांकी मध्य जिला परिषद खुशबू कुमारी, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, शंकर प्रसाद गुप्ता, श्याम नंदन ओझा, मुखिया राजेंद्र पांडे, मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे।



# पलामू-गढ़वा के 10 इलाकों में होगा एलएचएस-आरयूबी का निर्माण : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू-गढ़वा में लो हाईट सब-वे एलएचएस-आरयूबी निर्माण कार्य की रेलवे बोर्ड से जल्द स्वीकृति मिलेगी। यह जानकारी सांसद वीडी राम ने शनिवार को दी। सांसद ने कहा कि लंबे समय से एलएचएस-आरयूबी निर्माण की मांग की जा रही थी। वित्तीय वर्ष 2023-2024 में कार्य को स्वीकृत करने के लिए रेलवे बोर्ड नई दिल्ली को प्रस्तावित किया गया। उन्होंने कहा कि पलामू में विश्रामपुर प्रखंड के अंतर्गत लालगढ़ एवं पंजरीकला, हैदरनगर प्रखंड में डाली, मेदिनीनगर में बुढ़वापीपर सुआ एवं बखारी, हुसैनाबाद में कजरात नावाडीह, उंटारी रोड के लहर बंजारी में उपरोक्त निर्माण होना है। इसी तरह गढवा में सोनपुरवा, नगर उंटारी में अहिरपुरवा एवं मेराल के कुम्भी में लो हाईट सबवे एलएचएस-आरयूबी निर्माण कार्य कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इन स्थानों पर आवागमन में हो रही कठिनाईयों को देखते हुए सांसद ने वर्ष 2014 से ही विभिन्न स्तरों पर पत्राचार, संसदीय मंडल स्तर की बैठकों, लोकसभा में शून्य काल एवं नियम 377 के तहत मामले को उठाया गया था। साथ ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर कठिनाईयों से अवगत कराया गया था।

# संगीता बनी आंगनबाड़ी सेविका

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड अंतर्गत कुलहिया आंगनबाड़ी केंद्र पश्चिमी में ग्रामसभा का आयोजन कर सेविका का चयन किया गया। हरिहरगंज सीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी यामुन रविदास ने बताया कि संपन्न चुनाव में आंगनबाड़ी सेविका में अव्वल अभ्यर्थी संगीता देवी का चयन किया गया। उक्त आमसभा में सेविका पद के लिए तीन अभ्यार्थियों ने आवेदन दिया था। ग्राम सभा की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया नीतू कुमारी ने की। आंगनवाड़ी महिला प्रवेशिका सुमित्रा कुमारी, शिक्षा उपेंद्र कुमार यादव, पंसस सत्येंद्र कुमार, अनुसेवक पारस राम, एएनएम उषा देवी, समाजसेवी सत्येंद्र भुइयां, आंगनबाड़ी सेविका मीना देवी, एएसआई मनोज कुमार, राजद छात्र अध्यक्ष दीपक यादव, वीरेंद्र यादव, मंटू मेहता, सुनील मेहता, मोहन भुइयां, बसंत भुइयां, सुधीर कुमार, वार्ड सदस्य बृहस्पत भुइयां मौजूद थे।




### कार्यपालक पदाधिकारी ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने हुसैनाबाद के जेपी चौक स्थित छठ पोखरा घाट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही दीपोत्सव को लेकर साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने छठ घाट निर्माण में गुणवत्तापूर्ण कार्य के साथ-साथ कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा,सीएलटीसी योगेंद्र कुमार,लेखापाल रविकांत पटेल मौजूद थे।

### बीडीसी की बैठक में विकास योजनाओं पर चर्चा

# बगैर भेदभाव करायें जायें विकास कार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को प्रखंड विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने की। संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार ने किया। इसमें प्रखंड में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही अन्य बिदुओं पर भी चर्चा की गयी। मनरेगा, पंचायती राज्य विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत होने वाले कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए बीडीसी की बैठक महत्वपूर्ण है।। उन्होंने पंचायत सदस्य व मुखिया को गांव में बिना किसी भेदभाव के प्राथमिकता के साथ विकास कार्य कराने पर बल दिया। इस मौके पर उप प्रमुख इंदु देवी,सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता,रंजीत पासवान, बीपीओ विष्णु प्रताप मिश्रा, पंचायत सेवक सूर्यदेव राम,प्रखंड कोऑर्डिनेटर राजू रंजन कुमार, मुखिया श्रवण राम, ओमप्रकाश, राजवंशी,आवास कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार सिंह, पंसस अजीत कुमार सिंह,राजवंश यादव मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल गुमला**

पत्रांकः–154 दिनांकः– 19.01.2024

**नोटिस प्रेस विज्ञप्ति**
(आवश्यक सूचना)

एतद् द्वारा संवेदक महेश्वर साहु, ग्राम– रकमशेरा, पो0– ढीढौली, थाना + जिला – गुमला को सूचित करते हुए कहना है कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना अंर्तगत Construction & maintenance of road from T04 to Jhariyatoli , Length- 1.10 km फेज –fourteen , Batch-4th , Package no.- JH –XIV-IV-GUM-03 के संपादन हेतु अपका एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि दिनांक 21.06.2017 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 20.12.2017 थी। आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में पूरी तरह से शिथिलता बरती जा रही है। अनेकों बार दिये गये निर्देशों के बावजुद आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में कोई रूचि नहीं लिया जा रहा है। कार्य पिछले कई महिनों से बन्द है, एवं आज तक अपूर्ण है। जो अत्यन्त खेदजनक है। इस कार्यालय के पत्रांक 2017 दिनांक 22.11.23 द्वारा भी आपसे तीन दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण का जवाब मॉंगा गया था। परन्तु आपके द्वारा कोई जवाब अब तक नहीं दिया गया है, और न ही प्रमण्डलीय कार्यालय के अभियन्ताओं से सम्पर्क स्थापित किया गया है। जो आपके कार्य के प्रति उदासिनता को दर्शाता है।

अतः आपको इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से निदेश/सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.02.2024 को सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता द्वारा अन्तिम मापी सुबह 10.00 बजे से शाम 3.00 बजे के बीच किसी भी समय ले ली जायेगी। अन्तिम मापी के समय आप स्वयं या आपके प्रतिनिधि स्थल पर उपस्थित रहेंगे। यदि उक्त तिथि एवं समय पर आप या आपके प्रतिनिधि उपस्थित नही रहते हैं तो भी पथ की अन्तिम मापी ले ली जायेगी, जो आपको मान्य होगा एवं भविश्य में कोई भी दावा स्वीकार नही किया जायेगा। अंतिम मापी के पश्चात आपके एकरारनामा को विखण्डित करते हुए जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं एकरारनामा के कण्डिका 52.2 के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी।

ह 0 / –
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल,गुमला

PR 316694 (Rural Work Department)23-24*D

**कार्यालय जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या
**E-Tender Ref No- DOPR/DE/Gumla/01/2023-24**

| क्रम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जारी प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत मेराल में नया पंचायत भवन निर्माण | 99,89,000 | 1,99,800 | 10,000 | 12 माह |
| 2 | गुमला प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत फसिया में नया पंचायत भवन निर्माण | 99,89,000 | 1,99,800 | 10,000 | 12 माह |
| 3 | पालकोट प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत डहुपानी में नया पंचायत भवन निर्माण | 99,89,000 | 1,99,800 | 10,000 | 12 माह |
| 4 | रायडीह प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत परसा में नया पंचायत भवन निर्माण | 99,89,000 | 1,99,800 | 10,000 | 12 माह |
| 5 | भरनो प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत भरनो में नया पंचायत भवन निर्माण | 99,89,000 | 1,99,800 | 10,000 | 12 माह |
| 6 | घाघरा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत कुहीपाट में नया पंचायत भवन निर्माण | 99,89,000 | 1,99,800 | 10,000 | 12 माह |
| 7 | विशुनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत हेलता में नया पंचायत भवन निर्माण | 99,89,000 | 1,99,800 | 10,000 | 12 माह |
| 8 | विशुनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत चिरोडीह में नया पंचायत भवन निर्माण | 99,89,000 | 1,99,800 | 10,000 | 12 माह |

नोट :– केवल ई–टेण्डर ही स्वीकार होंगे।
1. अधिक जानकारी के लिये वेबसाईट **jharkhandtensers.gov.in** में देखा जा सकता है।
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–29.01.2024
3. ई निविदा डालने प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 30.01.2024 से 06.02.2024 तक अप0 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– 07.02.2024 को अप0 4:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला ई0 निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :–9801557645
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते से अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।
7- **Form of Bid** एवं **Bill of Quantity** में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जायेगा।
8. निविदा **Double Bid** पद्धति से होगा।
9. इस निविदा में भवन निर्माण विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेंगे।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद,गुमला

PR 316656 (Rural Development)23-24*D

**झारखंड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला।**
**ई– निविदा आमंत्रण सूचना।**
ई–निविदा संख्या:- 15/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA दिनांकः–19-01-2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार **e-procurement** पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ GUMLA/ STPKG-15/ 2023-24 | एस0एच0 बसिया से कुलुसेरा पार्ट–ए तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–6.150 कि0मी0)<br>एस0एच0 बसिया से कुलुसेरा पार्ट–बी0 तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–6.500 कि0मी0)<br>करमटोली से मंझकेरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.250 कि0मी0)<br>तिरल से बोम्बीयारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.000 कि0मी0)<br>किनीरकेला से तुरबुंगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.600 कि0मी0) | 1258.869 | बारह करोड़ अंठावन लाख छियासी हजार नौ सौ रू0 मात्र। | 09 माह | प्रथम |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 29.01.2024
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय–08.02.2024 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 10.02.2024 अपराहन 03.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0–06524–465040 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR 316662 Rural Work Department(23-24)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला।**

**निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या – 9/2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
2 परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थान। :– दिनांक 02.02.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 01.00बजे अपराहन तक।
(क)कार्यपालक अभियंता,ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,गुमला।
(ख) सहायक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य अवर प्रमण्डल, गुमला–1।
(ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
3 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं स्थान। :– दिनांक 03.02.2024 को 3.00 बजे अपराहन तक। जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान :– दिनांक 03.02.2024 को 4.00 बजे अपराहन में। कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
5 कार्य मद :– DMFT.
6 कार्यो का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा आमंत्रण सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Bishunpur | Construction of PCC road from Main to Tutuwapani Basti Part-A, Gram Tutuwapani, Panchayat - Narma, Block- Bishunpur, Dist- Gumla. | 2463900.00 | 49500.00 | 5000.00 | 3 माह | प्रथम |
| 2 | Bishunpur | Construction of PCC road from Main to Tutuwapani Basti Part-B, Gram Tutuwapani, Panchayat - Narma, Block- Bishunpur, Dist- Gumla. | 1550500.00 | 31100.00 | 5000.00 | 3 माह | प्रथम |

निविदा की शर्तें:–
1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2- S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) देना अनिवार्य होगा।
3. निविदा संबंधित सभी कागजात स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पीन कोड– 835207 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा संबंधित सभी कागजात निर्धारित तिथि एवं समय (30.01.2024 अपराह्न 3.00 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR 316686 (Rural Work Department) 23-24 (D)

## सुप्रभात पलामू



पलामू वासियों को नमस्कार। जीवन अनमोल है सावधानी ही दुर्घटनाओं से बचने का सर्वोत्तम उपाय है। रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए सदैव फुट ओवरब्रिज का प्रयोग करें।

**बनारसी यादव, निरीक्षक आरपीएफ गढ़वा रोड**

# आर्य समाज मंदिर में 11 कुंडीय महायज्ञ कल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के जय भवानी चौक स्थित आर्य समाज मंदिर के तत्वावधान में सोमवार को अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के दिन हवन-पूजन के साथ वृहद भंडारे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक अमित कुमार महाजन व पप्पू लाठ ने बताया कि सोमवार सुबह 10 बजे से सोनीपत हरियाणा से आये पंडित महेंद्र शास्त्री व हजारीबाग से आयीं ब्रह्मचारिणी गुरुकुल की कन्याओं के सानिध्य में 11 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान प्रद्युम्न शास्त्री द्वारा प्रवचन भी किया जायेगा। पवन खेतान, टिंकू शंघाई, विकास सिंघानिया, प्रभात उदयपुरी, दीपक निर्मला, संदीप केजरीवाल, प्रभात अग्रवाल, मानस तुलस्यान, नीरज कामदार आदि कार्यक्रम की तैयारी में तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।

### प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व पलामू राममय, सुन्दर कांड पाठ से श्रीरामोत्सव का आगाज

# रंग-बिरंगे विद्युत झालरों से सजा नगर, तोरण द्वार कर रहे मंत्रमुग्ध







**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर /चैनपुर।** श्रीराम जन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर चैनपुर में महान क्लब के नेतृत्व में आयोजित तीन दिवसीय श्रीरामोत्सव समारोह शनिवार को संगीतमयी सुन्दर कांड के पाठ से शुरू हो गया। पूरे नगर में ध्वनि विस्तारकों से गूंज रहे सुन्दर कांड की चौपाई, दोहा व षोरठा से सम्पूर्ण वातावरण राममय हो उठा है। इस अवसर पर महान क्लब द्वारा पूरे नगर की खास सजावट की गई है। नगर के सभी प्रवेश मार्गो पर आकर्षक व भव्य तोरण द्वार बनाये गये हैं। कार्यक्रम स्थल सूर्य मंदिर तालाब की साज सज्जा का आकर्षण देखते बन रहा है। पूरे नगर की सजावट अयोध्या के चैनपुर की धरती पर उतर आने का एहसास करा रहा है। जिसे देखकर लोग 'अद्भुत,अविश्वसनीय व अद्वितीय 'जैसी संज्ञा से अलंकृत कर रहे हैं। इतना ही नहीं पूरे गांव में बिछाए गये ध्वनि विस्तारकों से बज रहे 'बजाओ ढोल स्वागत के मेरे घर राम आये हैं, राम आयेंगे -आयेंगे -राम आयेंगे...' जैसे भक्ति गीत व मानस पाठ के स्वर लोगों को मन्त्रमुग्ध कर रहे हैं। इस तीन दिवसीय उत्सव का शुभारंभ मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ से आये श्रीराम सुंदरकांड मंडल के विद्वानों शिवम तिवारी, अजय जी,नीरज जी, राज शर्मा, जयपाल जी, मानव, नीरज हनुमान जी एवं चहलभाई जी की टोली ने सुन्दर कांड के सस्वर लय बद्ध पाठ से किया। इस दौरान बड़ी संख्या में सनातनी श्रोता मन्त्रमुग्ध भक्ति के सरोवर में घंटों डुबकी लगाते रहे। गौरतलब हो कि महान क्लब के द्वारा चैनपुर के विभिन्न मुहल्ला जैसे भट्टी मुहल्ला, थाना रोड, कश्यप मुहल्ला,तालाब रोड,बीचला मुहल्ला, दर्जी मुहल्ला, पूरनचंद चौक आदि स्थानों पर साउंड व लाइट की व्यवस्था की गई है। सभी घरों में भगवा झंडे लगाये गये हैं।इस दौरान कल यानि 21 जनवरी रविवार को स्थानीय रोटरी स्कूल के मैदान में प्रख्यात भजन गायिका शहनाज अख्तर व इशरत जहां की भजन प्रस्तुति भक्ति जागरण के रूप में आयोजित होगी। जबकि 22 जनवरी को सभी मंदिरों में महाआरती, संध्या में सूर्यमंदिर तालाब परिसर में भव्य गंगा आरती व झांकी के साथ भंडारा आयोजित किया जायेगा।

## पूजित अक्षत के साथ निकली भव्य राम जागरण यात्रा

**मेदिनीनगर।** परम पावन अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत-कलश के साथ शनिवार को पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में भव्य राम जागरण यात्रा निकाली गयी। भक्तों द्वारा भगवा ध्वज के साथ गाजे-बाजे के साथ जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारे के बीच निकली जागरण यात्रा से पूरा शहर राममय हो गया। विश्व हिंदू परिषद द्वारा निकाली गयी शोभा यात्रा के दौरान आम नागरिकों के बीच पूजित अक्षत का वितरण भी किया गया। विहिप पदाधिकारियों ने इस दौरान भक्तों का आह्वान किया कि जिस किसी को भी किसी कारणवश अभी तक पूजित अक्षत प्राप्त नहीं हुआ है। वे कार्यालय से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। साहित्य समाज चौक के समीप स्थित संस्कृत महाविद्यालय परिसर से निकली शोभा यात्रा ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण किया। जगह-जगह लोगों ने कलश शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया। मौके पर पूर्व उप महापौर राकेश सिंह उर्फ मंगल सिंह, विहिप के विभाग अध्यक्ष शिव प्रकाश, जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, मंत्री दामोदर मिश्र, विभाग सह मंत्री महेंद्र नाथ, विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पांडेय, अमित तिवारी, संदीप प्रसाद गुप्ता, गोपाल तिवारी आदि मौजूद रहे।

## रामलला के स्वागत को डालटनगंज रेलवे स्टेशन तैयार

**मेदिनीनगर।** अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भक्तों का उल्लास धरातल पर उतरने लगा है। इस खुशी में डालटनगंज रेलवे स्टेशन को शनिवार शाम को ही विद्युत झालर की रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि बुकिंग काउंटर से लेकर प्लेटफार्म नंबर एक पर अवस्थित रेलवे के नए प्रशासनिक भवन तक पूरे परिसर को विद्युत झालरों से सुसज्जित किया गया है। इससे स्टेशन की सुंदरता देखते ही बन रही है।

### अलर्ट मोड में प्रशासन, डीसी-एसपी ने संयुक्त बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

# रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के दिन ड्रोन से होगी निगरानी



बैठक करते अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के दिन विधि-व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से ड्रोन से निगरानी की जायेगी। उपायुक्त शशि आनंद ने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में ड्रोन उपलब्ध हैं। ऐसे में जिस पदाधिकारी को ड्रोन की आवश्यकता हो वह तत्काल संपर्क कर सकता है। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पलामू जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। विधि व्यवस्था बनी रहे इसे लेकर उपायुक्त शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रिष्मा रामेशन ने शनिवार को संयुक्त रूप से उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में कई महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम व जेएसएससी की ओर से प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन होना है। जिसमें लाखों विद्यार्थियों के शामिल होने की सूचना है। इसके मद्देनजर जिला प्रशासन की भूमिका बेहद ही अहम हो जाती है। उन्होंने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों व मंदिरो में कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होने हैं। जिसमें भारी संख्या में लोग एक स्थान पर एकत्रित होंगे। ऐसे में सभी थाना प्रभारी व सीओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे।

### संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त करें :एसपी

एसपी रिष्मा रमेशन ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर लागातर गश्त करने के निर्देश दिये। जिले के धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष चौकसी बरतने की बात कही। मौके पर नगर आयुक्त मो. जावेद हुसैन, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, कई अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, स्पेशल ब्रांच के पदाधिकारी समेत सभी थाना प्रभारी व अंचलाधिकारी मौजूद थे।

### सोशल मीडिया पर रखें पैनी नजर

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि ऐसे दिनों में सोशल मीडिया अफवाहों का कैरियर हो जाता है। ऐसे में सभी थाना प्रभारी व सीओ सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों को अफवाहों का कैरियर न बनने दें। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय अनुसार ही डीजे बजाये जायें यह सुनिश्चित होना चाहिए। अगर कहीं किसी पदाधिकारी के संज्ञान में कोई आपत्तिजनक मामला सोशल मीडिया पर पाया जाता है तो उस व्यक्ति के विरुद्ध आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ड्यूटी पर तैनात नहीं रहने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जिले में सामाजिक समरसता बनी रहे,इसका पूरा इंतजाम करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को मोबाइल मोड में रहने व पूरी चौकसी बरतने का निर्देश दिया।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।


## एक नजर

### रामलला प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पुलिस अलर्ट

**मेदिनीनगर।** अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। इस संबंध में सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने को लेकर जहां विशेष सजगता बरती जा रही है। वहीं किसी भी अप्रिय स्थिति को रोकने के लिये हेल्प लाईन नंबर 9934465613 जारी किया गया है। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने नागरिकों का आह्वान किया है कि कोई भी किसी भी स्थिति में किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना को सोशल मीडिया पर शेयर न करे। जिससे जिले में शांति व्यवस्था / विधि-व्यवस्था भंग न हो। पुलिस का साइबर सेल सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखे हुए है। उल्लंघन करने वाले लोगों के विरुद्ध विधि-सम्मत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### मुनव्वर राना को आज दी जायेगी श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** इप्टा पलामू की सांस्कृतिक पाठशाला की 32वीं कड़ी में रविवार को रेड़मा स्थित कार्यालय में पिछले दिनों दिवंगत प्रख्यात शायर मुनव्वर राना को श्रद्धांजलि दी जायेगी। इप्टा के सचिव ने बताया कि सायं चार बजे से आयोजित कार्यक्रम में मुनव्वर की कृतियों को याद किया जायेगा।

### विशेषज्ञ चिकित्सक ने लोगों को किया सचेत, दी

चिकित्सक की राय

# ठंड में त्वचा की देखभाल जरूरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सामान्य दिनों की अपेक्षा ठंड के मौसम में त्वचा संबंधी समस्यायें बढ़ जाती हैं। इस मौसम में त्वचा की समुचित देखभाल जरूरी है। इस दौरान मुंहासों की समस्या भी बढ़ जाती है। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल के स्किन विशेषज्ञ डॉक्टर उदय कुमार सिंह ने इस मुंहासे से बचने के लिए पांच खास उपाय बताया हैं। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में भी पानी पर्याप्त मात्रा में लें। औसतन प्रतिदिन तीन से पांच लीटर पानी का अवश्य सेवन करें। चेहरा साफ करने के लिये बार-बार साबुन का प्रयोग कदापि न करें। मोबाइल का प्रयोग कम से कम करें। क्योंकि उसके स्क्रीन पर त्वचा को नुकसान पहुंचाने वाले तमाम बैक्टिरया पनपते हैं। साथ ही हाथों से बार-बार चेहरा न छुयें। साथ ही मुंहासों को अपने हाथ से न दबाये। इससे कम होने की जगह मुंहासे बढ़ जाते हैं। डॉक्टर सिंह ने बताया कि ठंड में रूखेपन की वजह से खाज, खुजली, एलर्जी समेत त्वचा से संबंधित बीमारियां बढ़ जाती हैं। पसीने और गीलेपन की वजह से शरीर के आंतरिक और गुप्त अंगों में इंफेक्शन के चलते खुजली और अन्य कई तरह की परेशानियां उत्पन्न हो जाती हैं। इसके लिए समुचित खानपान के साथ ही परहेज भी जरूरी है। दिक्कत होने पर चिकित्सक से परामर्श लेकर ही दवाओं का सेवन करना चाहिये।

## खेलते समय छत से गिरी बच्ची, गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पिपरा टांड़ थाना क्षेत्र के ग्राम गोंगों निवासी विपिन बिहारी सिंह की आठ वर्षीय पुत्री सलोनी कुमारी शनिवार की सुबह छत से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की शनिवार की सुबह सलोनी कुछ बच्चों के साथ अपने छत पर खेल रही थी। तभी असंतुलित होकर वह छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए पांकी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने सलोनी की गंभीर स्थिति को देखते हुये उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी सलोनी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

**चिकित्सकों ने सलोनी की गंभीर स्थिति को देखते हुये उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया**

### डा. सीमा बनीं जिला उपाध्यक्ष

**मेदिनीनगर।** ह्यूमन राइट्स काउंसिल आफ इंडिया ने डा. सीमा को पलामू जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अवसर पर डा. सीमा ने कहा कि जिले में मानव अधिकारों की रक्षा के लिए बढ़-चढ़कर कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के लिये लोगों के सहयोग एवं सरकार के मार्गदर्शन में सतत प्रयास किये जायेंगे। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा महिला की प्रदेश अध्यक्ष किरण प्रसाद आदि ने बधाई दी है।


## परिवार कल्याण दिवस

प्रत्येक माह की 21 तारीख को

आयुष्मान आरोग्य मंदिर/शहरी स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन की सेवाएं

अवकाश की स्थिति में आगामी कार्य दिवस पर

### परिवार कल्याण के लक्ष्य समूह-

- नव विवाहित दम्पत्ति
- एक बच्चे वाले योग्य दम्पत्ति
- जटिल गर्भावस्था वाली महिलाएं
- दो या दो से अधिक बच्चों वाले योग्य दम्पत्ति
- युवक–युवती

### गतिविधियाँ

- परिवार नियोजन पर परामर्श
- अस्थाई विधियों का वितरण एवं अन्य परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता
- धात्री माता एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य संबंधी सलाह
- पोस्टर पेंटिंग एवं स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता
- आदर्श दम्पत्ति का सम्मान

जोड़ी जिम्मेदार जो प्लान करे परिवार

"आजादी के अमृत महोत्सव में हम ले ये संकल्प, परिवार नियोजन को बनाएंगे, खुशियों का विकल्प।"

### परिवार नियोजन की विधियाँ

स्थायी विधियाँ: पुरुष नसबंदी, महिला नसबंदी

अस्थायी विधियाँ: इंजेक्शन एम.पी.ए, आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली, गर्भ निरोधक गोलियाँ, कॉपर आई.यू.सी.डी 375 आई.यू.सी.डी 380 A, कंडोम

**फिक्स डे एप्रोच** के तहत प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार या शुक्रवार को परिवार नियोजन की सेवाएं

अधिक जानकारी के लिए निःशुल्क डायल करें 104 चिकित्सा सलाह 24x7 Health Information Helpline

108 24x7 एम्बुलेंस सेवा

अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र या जिला अस्पताल से सम्पर्क करें।

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 316529 (Health Med Edu and Family Welfare) 2023-24


### उम्मीद: अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने बार काउंसिल के चेयरमैन से की मुलाकात

# बार चुनाव विवाद के समाधान की आस



चेयरमैन के साथ अधिवक्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर उत्पन्न विवाद के समाधान की आस जगी है। अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात में झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन ने सकारात्मक आश्वासन दिया है। शनिवार को विवाद का हल निकालने के लिये मेदिनीनगर में वरिष्ठ अधिवक्ताओं व रांची में स्टेट बार काउंसिल के पदाधिकारियों ने अलग-अलग बैठक की। विदित हो कि पलामू जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव सहित 16 पदों के लिये 16 दिसंबर 2023 को पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में मतदान संपन्न हुआ था। 17 दिसंबर को मतगणना के अंतिम चरण में कतिपय प्रत्याशियों की आपत्ति के बाद मतगणना रोक दिया गया। उसके बाद से चुनाव परिणाम की घोषणा अधर में लटकी है। इसे लेकर जिले से चार सदस्यीय अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने रांची जाकर स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राजेंद्र कृष्ण व सचिव राजेश पांडेय से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे अधिवक्ता प्रेमतोष सिंह ने बताया कि चेयरमैन ने सकारात्मक आश्वासन देते हुये आगामी दो-तीन दिनों में समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में अधिवक्ता श्याम बिहारी राय, मधुलता रानी व प्रदीप कुमार पासवान शामिल थे।

## एक नजर

### शिक्षकों का चार दिनी प्रशिक्षण शिविर शुरू

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी सभागार में शनिवार को एफएलएन कार्यक्रम के तहत शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। बीपीओ वीरेंद्र प्रसाद, लेखापाल प्रदीप कुमार शुक्ल, बीआरपी जयप्रकाश लाल, सुनील कुमार व मास्टर ट्रेनर ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया। प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के 40 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षक अभय कुमार दुबे, विनोद कुमार चंचल, पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी व प्रेम चंद सिंह ने विद्यालय में अध्यनरत बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान देने से संबंधित विषयों पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से जिनकारी दी। मौके पर प्रशिक्षणार्थी के रूप में तारा कुमारी, प्रतिभा कुमारी, जगरनाथ मेहता, दुर्गा सिंह, संजय राम, सुदीप पाल, देवमुरत राम, सीआरपी अरुण कुमार, प्रभु राम, एमडीएम प्रभारी सुमंत राम, आदेशपाल प्रदीप कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

### बिजली बिल भुगतान को विशेष कैंप 22 से

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड बंशीधर नगर के द्वारा बिजली बिल भुगतान के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप 22 जनवरी से 30 जनवरी तक अपने-अपने प्रखंडों में लगाई जाएगी। 22 जनवरी को अरसली में दुर्गा मंदिर के पास, 23 जनवरी को बिलासपुर बस स्टैंड के पास, 24 जनवरी को केतार प्रखंड के पचाडुमर मोड़ व परसोडीह गांव में मंदिर के पास, 25 जनवरी को सगमा प्रखंड के यात्री भवन, रमना बजार में,हरादाग बजार में, 27 जनवरी को बिशनपुरा के रानी बगीचा के पास व धुरकी में सब स्टेशन भवन में, 28 जनवरी को खरौंधी बाजार में,सिसरी में बस स्टैंड, अरंगी में मंदिर के पास, 29 जनवरी को नगर ऊंटरी बस स्टैंड में श्री राधा कृष्ण मंदिर के पास तथा 30 जनवरी को भवनाथपुर बाजार में बिजली बिल भुगतान के लिए विशेष कैंप लगाई जाएगी।

### झामुमो नेता दीपक वर्मा को पितृ शोक

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर निवासी सह झामुमो नेता दीपक वर्मा के पिता सुरेंद्र चंद्रवंशी (62) का निधन शुक्रवार की रात में हो गया। वे पिछले कई माह से बीमारी से जूझ रहे थे। अंतिम संस्कार बक्का श्मशान घाट पर किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, केतार प्रखंड प्रमुख चन्द्रवाती देवी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, बबलू सिंह, कपिल चंद्रवंशी, गोविंद चंद्रवंशी, विमलेश यादव, खरौंधी प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, बब्लू यादव, रवि पाल, शमशेर अंसारी, विजय राउत, अजमुद्दीन अंसारी शामिल रहे।

### पीर असगर इमाम साहब की आमद

**महुआडांड़।** पीरे तरीकत रहबरे शरियत, औलादे गौसै आजम पीरो मुर्शिद सैयद असगर इमाम साहब की आमद महुआडांड़ की सरजमीं पर शनिवार को हुई। ज्ञात हो कि पीर सैयद असगर इमाम साहब की आमद शनिवार रात को हुई पूर्व सदर फहीम अहमद की बेटी एवं पूर्व सदर आजाद अहमद के बेटे के निकाह को लेकर हुई। वहीं पीर सैयदअसगर इमाम साहब द्वारा रविवार को जामा मस्जिद में लाइब्रेरी का उद्घाटन भी किया जाएगा।

# अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हिंदू एकता मंच के बैनर तले राधा कृष्ण मंदिर के महंत बाबा केशव नारायण दास के नेतृत्व में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसके बाद राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान की मंच पर मंगल आरती की गई। तत्पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। इसके बाद राधा कृष्ण मंदिर परिसर से शुरू होकर गायत्री शक्तिपीठ मंदिर परिसर में ब्लॉक रोड लहरपुरवा, मुख्य बाजार होते हुए पुनः राधा कृष्ण मंदिर में भव्य जुलूस का समापन किया गया।



रामभक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर अपने अपने घर को प्रस्थान किया। शोभायात्रा के दौरान स्थानीय थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित द्वारा जगह पर पुलिस बल तैनात किया गया था। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार अपने कर्मियों के साथ मुख्य बाजार स्थित शोभायात्रा में देखे गए। शोभा यात्रा के दौरान अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश कुमार भगत उपस्थित थे। मौके पर विवेक सोनी, पवन कुमार, निवर्तमान सुमित्रा देवी, नगर पंचायत के भावी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मारूतमंदन सोनी, सोभा जयसवाल, सत्या दुबे आदि शामिल थे।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलशयात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड के तोरेलावा श्रीराम जानकी मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर के पुजारी इंद्रजीत पाठक के नेतृत्व में शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। विद्वान आचार्य संत विनोदानंद महाराज के नेतृत्व में आचार्यों की मंडली ने पंडा-डोमनी के पावन संगम स्थल से मंत्रोच्चार के साथ शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की कलश में जलभरण कराया। इसके बाद मंदिर परिसर में कलश की स्थापना की गई। आचार्य ने बताया कि रविवार को पूजन अखंड मानस पाठ, अन्नादिवास, जलाधिवास,



फलाधिवास के बाद सोमवार को शुभ मुहूर्त में श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। इस दौरान तीन दिनों तक रोहतास बिहार के सुरेश शास्त्री और अयोध्या से पधारे शैल मिश्रा का प्रवचन होगा। मौके पर पंडित जयशंकर वैद्य, अजय वैद्य, सत्यकुमार वैद्य, रामानुज वैद्य, कामेश्वर पाठक, धर्मजीत पाठक, प्रयागदत्त पाठक, नंदकुमार पाठक, सुरेंद्र मेहता, मिथिलेश कुमार पाठक, कमलाकांत पाठक, सुनील पाठक, राकेश पाठक, अशोक यादव, संजय मेहता आदि उपस्थित थे।

# ग्रामसभा की सहमति के बिना उपलब्ध कराई आवास की सूची

## मुखिया संघ का विरोध, कहा-ग्रामसभा की प्राथमिकता के आधार पर हो लाभुकों का चयन

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

नगर ऊंटारी मुखिया संघ ने झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के लिये ग्रामसभा के बिना सहमति के ही आवास की सूची उपलब्ध कराये जाने पर कड़ा विरोध जताया है। नगर ऊंटारी मुखिया संघ के अध्यक्ष फिरदौस अंसारी के नेतृत्व में सभी मुखिया ने बीडीओ विकास कुमार को आवेदन देकर अबुआ आवास का चयन ग्रामसभा की प्राथमिकता के आधार पर करने का आग्रह किया है। मुखिया संघ ने पत्र की प्रतिलिपि डीसी, डीडीसी एवं एसडीओ श्री बंशीधर नगर को भी प्रेषित किया है।

बीडीओ को दिये गये आवेदन में मुखिया संघ ने लिखा है कि प्रखंड के सभी ग्राम पंचायतों में अबुआ आवास के लिये सर्वे कराया गया।



लेकिन सर्वे करने वाले पदाधिकारी को न ही मुखिया को जानकारी दिया गया की सर्वे में स्कोर तय करना है। जबकि सर्वे कताओं के द्वारा केवल योग्य एवं अयोग्य लाभुकों का चयन किया गया। जबकि राज्य सरकार के आदेश के आलोक में सभी पंचायत में ग्रामसभा कर आवास के लिये प्राथमिकता तय करने का आदेश दिया गया है। लेकिन ग्रामसभा की प्राथमिकता को दरकिनार करते हुये पदाधिकारियों ने मनमानी तरीके से स्कोर बैठा कर प्राथमिकता तय कर आवास की सूची तैयार कर दी। जबकि एससी, एसटी, ओबीसी, माइनॉरिटी एवं सामान्य का कैटेगरी तय करने में भी भारी अनियमितता बरती गई। और तो और ग्राम सभा में मृत व्यक्ति का नाम हटाने के बाद भी उक्त प्राथमिक सूची में देखा जा रहा है, जो सूची में गड़बड़ी किये जाने का पुख्ता प्रमाण है। आवास के लिये प्राथमिकता तय करने में अमीर व्यक्ति का नाम सूची के ऊपर तथा गरीब, विधवा, दिव्यांग व बेघर लोगों का नाम सूची में नीचे कर दिया गया है, जिससे सूची सार्वजनिक करने के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। मुखिया संघ ने बीडीओ से अबुआ आवास का चयन ग्रामसभा के प्राथमिकता के आधार पर किये जाने का आग्रह किया है, जिससे कि सरकार का जो सपना कच्चा घर को पक्का घर देने का है वह साकार हो सके। आवेदन देने वालों में मुखिया संघ के अध्यक्ष फिरदौस अंसारी के साथ मुखिया सविता देवी, विवेक कुमार, ओमप्रकाश उरांव, सुशीला देवी, कुमारी रेखा, मनोज कुमार ठाकुर, सुनीता देवी, सनिधा सोनी, उषा देवी, अनुराधा देवी, सिबिश्टियानी केरकेट्टा आदि के नाम शामिल हैं।

### सामूहिक विवाह के सफल आयोजन के बाद मुखिया ने सचिन को किया सम्मानित

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी द्वारा आयोजित 6 दिसंबर को 151 कन्याओं की सामूहिक विवाह के सफल आयोजन के बाद डंडई प्रखंड के मुखिया लोगों के द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डंडई प्रखंड के 9 मुखिया उपस्थित थे। समान समारोह के दौरान उपस्थित सभी मुखिया के द्वारा कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली को माला एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि सोसाइटी के द्वारा आयोजन बहुत ही नेक का कार्य है। सोसाइटी के सचिव के द्वारा एक साथ 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह कर कर गढ़वा जिला के लिए एक मिसाल कायम किया है। उन्होंने कहा कि संस्था का यह कार्य से हम जनप्रतिनिधि को काफी लाभान्वित होंगे। सोसाइटी के द्वारा उसका विवाह का पूरा जिम्मा उठाएगा। विदाई स्वरूप घरेलू उपकरण सामग्री भी उन्हें प्रदान किया जाता है। मौके पर मुखिया जितेंद्र ठाकुर, झोतर पंचायत के मुखिया बिष्णु यादव उपस्थित थे।

## श्री शिव शक्ति महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में

**नवीन मेल संवाददाता। सगमा**

आगामी 29 जनवरी सगमा प्रखंड मुख्यालय स्थित भैया रुद्र प्रताप देव हाई स्कूल के प्रांगण में 29 जनवरी से लेकर 6 फरवरी तक होने वाले श्री शिव शक्ति नौ दिवसीय महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में हैं। इस महायज्ञ को यज्ञाचार्य राधे बोल राधे जी महाराज संगम तट नैनी इलाहाबाद उतर प्रदेश के द्वारा कराया जा रहा है। यज्ञ समिति के पदाधिकारी हरिदास यादव ने बताया कि नव दिवसीय शिव शक्ति महायज्ञ का शुभारंभ 29 जनवरी को कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। जिसमें अगल-बगल दर्जनों गांव से हजारों की संख्या में महिला पुरुष व कन्याएं कलश यात्रा में शामिल होगी 9 दिनों तक यज्ञ स्थल पर मेला का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन रात्रि में प्रवचन का आयोजन किया गया है।

शिव शक्ति महायज्ञ के लिए 28 जनवरी को शंखनाद अंकुर रोपण वह 29 जनवरी को कलश यात्रा मंडप प्रवेश पंचांग पूजन कर कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा यज्ञ मंडप से होते हुए शारदा गांव के तूरा नदी से वैदिक मंत्रों चार के साथ



कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप में स्थापित किया जाएगा। महायज्ञ को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस यज्ञ स्थल पर जिले के विभिन्न गांव प्रखंड के लोग कलश यात्रा में शामिल होंगे। यज्ञ स्थल पर प्रत्येक दिन सुबह 8 बजे से 1 बजे तक पूजा हवन दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक काशी नगरी से आई श्रीमती प्रियंका पांडे के द्वारा श्री राम कथा का आयोजन तथा रात्रि 8 बजे से 1 बजे तक रासलीला का कार्यक्रम दिखाया जाएगा। बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए समुचित व्यवस्था यज्ञ समिति द्वारा की गई है। यह यज्ञ 29 जनवरी को कलशयात्रा के साथ 6 फरवरी को महा प्रसाद के साथ पूणार्हुति होगी। 7 फरवरी को भंडारा का भी आयोजन कि गई है। यज्ञ को सफल बनाने को लेकर 101 सदस्य कमेटी का गठन किया गया है।

# कार्यान्वयन समिति की बैठक में उठा अस्पताल में बिजली और चहारदीवारी नहीं होने का मामला

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

20सूत्री उपाध्यक्ष भोला राम की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। बीडीओ राहुल कुमार सानू, सीओ चोना राम हेम्ब्रम, ब्लॉक प्रधान लिपिक उमेश राम, आंचल प्रधान लिपिक नुमानअंसारी के साथ-साथ सभी विभागों के पदाधिकारियों ने इसमें भाग लिया।

बैठक के दौरान अस्पताल में बिजली की व्यवस्था नहीं होने और उसकी चहारदीवारी का निर्माण नहीं होने का मामला भी प्रमुखता के साथ 20सूत्री सदस्य दीनानाथ पांडे ने उठाया। वहीं क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड को लेकर ग्रामीणों के डिमांड अनुसार अलाव की व्यवस्था नहीं होने की भी बात उन्होंने रखी। पीएम आवास योजना मद की

**कड़ाके की ठंड में डिमांड के अनुसार अलाव की व्यवस्था नहीं होने की भी बात रखी गई**

राशि से विद्यालय भवन बनने का भी मामला उठा। लाभुक के खिलाफ जारी किए गए तीनों नोटिसों को उपाध्यक्ष भोलाराम ने बीडीओ राहुल कुमार सानू के हाथों में थमाया। साथ ही मामले पर उनसे अग्रेतर करवाई की मांग किया। उसके अलावा मनरेगा, कल्याण, सावित्रीबाई फुले, बिरसा संवर्धन हरित सिंचाई कूप योजना, आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़े मामलों को भी एक-एक कर 20 सूत्री के सदस्य व पदाधिकारीयों ने बैठक के दौरान उठाने का काम किया। इस बीच संबंधित विभाग से जुड़े पदाधिकारी उनके सवालों का जवाब देते गए। अस्पताल से जुड़े समस्या बिजली की व्यवस्था नहीं होने व चहारदीवारी का निर्माण नहीं होने को लेकर बैठक में भाग लिए सभी पदाधिकारीयों ने गंभीरता पूर्वक विचार किया। साथ ही उसके लिए संयुक्त रूप से कार्रवाई के लिए आगे बढ़ाने बढ़ने का निर्णय लिया। वहीं बीडीओ ने कहा कि 20 सूत्री सदस्यों द्वारा उठाए गए अधिकांश सवालों का जवाब कर्मियों की ओर से दिया जा चुका है। जिस सवाल का उत्तर मेरे अधीन है उसके लिए मैं खुद कार्य करने का काम करूंगा। मौके पर एई राहुल कुमार, जेई मुकेश कुमार दुबे, पंचायत सचिव सुदर्शन राम, राजकुमार राम, सुनील कुमार, नरेश ठाकुर, रोजगार सेवक बृजमोहन कुमार, अशोक राम इत्यादि कर्मी उपस्थित थे।

# ओबीसी जागरूकता रथ पहुंचा खरौंधी बाजार

## ओबीसी समाज को नहीं मिला उचित हक और अधिकार : गोरखनाथ

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

ओबीसी एकता व अधिकार जागरूकता रथ शनिवार को खरौंधी बाजार पहुंचा, जहां नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय संयोजक सदस्य गोरख नाथ चौधरी ने समाज के लोगों से आगामी 11 फरवरी को शिवाजी मैदान पलामू चलने का आग्रह किया। वहीं अजय वर्मा ने कहा कि ओबीसी समाज का मकसद राजनीतिक दलों और संगठनों को ठेस पहुंचाना नहीं, बल्कि ओबीसी को उचित हक और अधिकार दिलाना है। वहीं वरुण विहारी यादव ने ओबीसी समाज को एकजुट होकर अपने हक एवं अधिकार के प्रति सचेत होने की बात कही। मौके पर वरुण विहारी




यादव, रामभजन गुप्ता, अख्तर अंसारी, सुरेश साह, आदित्य गुप्ता, जसमुदिन अंसारी, लालबहादुर साह, रामधारी यादव, मनोज गुप्ता, रौशन गुप्ता, निरंजन साह, राजेंद्र साह, विद्याधर चौधरी आदि मौजूद थे।

# डीडीसी ने किया प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**

गढ़वा डीडीसी राजेश कुमार राय ने शनिवार को प्रखंड व अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण में सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित पाये गये। डीडीसी ने बताया कि अबुआ आवास योजना राज्य सरकार के प्राथमिकता सूची में है। उन्होंने कहा कि बीडीओ को निर्देश दिया गया है कि अबुआ आवास की प्राथमिकता सूची सभी पंचायतों में दीवारों पर सटवाएं ताकि अगर किसी जनता को आपत्ति हो तो वह बीडीओ के पास लिखित आवेदन देकर आपत्ति



दर्ज कर सके व उसका निपटारा हो सके। कहा कि सभी जरूरतमंदों को जल्द ही अबुआ आवास मिलेगा। साथ ही डीडीसी ने बीडीओ को पोटो योजना के तहत खेल गतिविधि संचालित करवाने का निर्देश दिए। डीडीसी ने कुछ आंगनबाड़ी निर्माण की भी समीक्षा की और तेजी से निर्माण कराने के बीडीओ को निर्देश दिए। मौके पर बीडीओ ललित सिंह, सीओ अफताब आलम, जिला विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### परसोडीह गांव में शहीद नीलांबर-पीतांबर क्रिकेट टूर्नामेंट आज से शुरू

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के परसोडीह गांव स्थित हाई स्कूल के मैदान में रविवारा से शहीद नीलांबर-पीतांबर कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का आगाज हो गया। टूर्नामेंट के अध्यक्ष संजय वर्मा और सचिव देव कुमार ठाकुर ने बताया कि इसमें 16 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन पूर्व मुखिया अनील पासवान करेंगे। उद्घाटन मैच डंडई प्रखंड के सोनेहारा टीम और कांडी टीम के बीच खेला जायेगा। विजेता टीम को 25 हजार रुपये और ट्राफी और उप विजेता टीम को 20 हजार रुपये और ट्राफी दी जायेगी। मौके पर उपाध्यक्ष लव वर्मा, सतेंद्र गुप्ता, संतोष रजक, नागेंद्र ठाकुर कमलेश प्रजापति आदि मौजूद थे।

# बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या के खिलाफ लोगों को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

प्रखंड परिसर में कन्या विवाह एवं विकास सोसाइटी की तरफ से दहेज प्रथा एवं बाल विवाह बहिष्कार हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सचिव विकास कुमार माली, बीडीओ नंदजी राम, सीओ रामशंकर श्रीवास्तव, प्रमूख शोभा देवी, मेराल प्रखंड प्रमुख दिपमाला कुमारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, उप प्रमुख पिंटू टोप्पो, मुखिया बेबी देवी, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद तिवारी एवं अध्यक्षता मंजू देवी ने की।

मौके पर कन्या विवाह एवं विकास सोसाइटी के सचिव विकाश कुमार माली ने उपस्थित लोगों से कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या पर रोक लगाना एवं सामूहिक विवाह का प्रोत्साहित करना और महिला सशक्तिकरण को लेकर दृढ़ संकलिप्त हैं और अपने पदाधिकारियों, सर्वेयरों एवं कार्यक्रताओं के सहयोग से प्रतिदिन अग्रेसित हैं। उन्होंने ने बताया कि 6 दिसम्बर को गढ़वा में 101 कन्याओं को सामूहिक विवाह करा कर यह भी संदेश दिया कि संस्था हर निर्धन परिवार के साथ है जो बेटियों को बोझ समझते हैं वे अपने बेटियों को बोझ नहीं समझें। संस्था में आकर मिले उन्हें सहयोग करते हुए सम्मान के साथ विवाह करा कर विदाई करने का कार्य करेगी। प्रमुख सोभा देवी ने कहा कि सामूहिक विवाह कन्या विवाह, और विकास समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम काफी सराहनीय है संस्था के द्वारा वैसे लड़कियों की शादी कराई गई जहाँ दहेज को लेकर बेटियों के साथ अत्याचार हो रहा है उसी को रोकने के लिए संस्था सामूहिक विवाह का कार्यक्रम का आयोजित कर रही है। संस्था की जितनी भी तारीफ की जाए कम है। शिविर में मुख्य अतिथियों के द्वारा आठ बहनो को पलंग, रजाई, बरतन, गोदरेज सहित अन्य जरूरत मंद समान दिया गया। वहीं सभी साथी जिन्होंने के इस सोसाइटी के लिए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किए थे सभी को समानित किया गया। मौके पर अंजू देवी, शैलेन्द्र यादव, हल्का कर्मचारी सुमित देव, शैलेन्द्र यादव, समसेर अंसारी, अजमुद्दीन अंसारी, राजकुमार मेहता आदि मौजूद थे।

**पहल** | जिला शिक्षा निकेतन में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

# अभिभावक गोष्ठी में परीक्षा परिणाम का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सुशीला देवी एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित अशोक बिहार स्थित जिला शिक्षा निकेतन में शनिवार को अभिभावक गोष्ठी का आयोजन कर द्वितीय सावधिक परीक्षा का परिणाम वितरित किया गया। परीक्षा में अब्बल स्थान वाले कक्षा नर्सरी से तृतीय स्थान फैज खान, द्वितीय स्थान अनमोल राज तथा प्रथम स्थान अनुष्का कुमारी, कक्षा एलकेजी से तृतीय स्थान हिमांशु कुमार, द्वितीय स्थान अप्सा खातून एवं दुर्गा कुमारी, प्रथम स्थान सनी कुमार, कक्षा यूकेजी से तृतीय स्थान कृतिका कुमारी, द्वितीय स्थान अंकुश कुमार, प्रथम स्थान आकृति कुमारी कक्षा प्रथम से तृतीय स्थान इरम सब्बा, द्वितीय स्थान हैप्पी राज, प्रथम स्थान आर्यन कुमार, कक्षा दूसरी से तृतीय स्थान अंशिका कुमारी, द्वितीय स्थान नेहा कुमारी, प्रथम स्थान दीपक कुमार, कक्षा



तीसरी से तृतीय स्थान प्रिंस मिश्रा, द्वितीय स्थान आरव कुमार, प्रथम स्थान नैतिक कुमार, कक्षा चौथी से तृतीय स्थान अंश जयसवाल, द्वितीय स्थान आयुषी कुमारी, प्रथम स्थान श्रेया कुमारी, कक्षा पांचवीं से तृतीय स्थान हर्षिका कुमारी, द्वितीय स्थान जिशु कुमारी, प्रथम स्थान रिया कुमारी, कक्षा छठी से तृतीय स्थान रौशनी कुमारी, द्वितीय स्थान कशिश कुमार, प्रथम स्थान गूंजा कुमारी, कक्षा सातवीं से तृतीय स्थान साहिन गजाला, द्वितीय स्थान अणु रानी, प्रथम स्थान संत सरन, कक्षा आठवीं से तृतीय स्थान खुशबू कुमारी, द्वितीय स्थान सिंकी तिवारी, प्रथम स्थान अमन राजा कक्षा नौवीं से तृतीय स्थान प्रीती कुमारी(इ), द्वितीय स्थान वैशाली कुमारी प्रथम स्थान प्रीति कुमारी कक्षा दसवीं से तृतीय स्थान अहमद रजा, द्वितीय स्थान प्रियांशु कुमार, प्रथम स्थान प्रियांशु राज को मिला। मौके पर निदेशक अनिल विश्वकर्मा, प्रधानाचार्य वसीम अकरम, शिक्षक आदित्य चौधरी, अरुण पाठक, विवेकानंद, कौस्तूक, सिंपल जायसवाल, जेनीफर किस्फोटक, सुमन, सृष्टि कुमारी, हिमानी, सिमरन कुमारी, प्रिया कुमारी, जयदीप तिग्गा, सुशीला कांशी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### अधेड़ पर नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

**चतरा।** सिमरिया थाना क्षेत्र की एक नाबालिग छात्रा के साथ टुटीलावा गांव निवासी पूर्व भाजपा प्रखंड अध्यक्ष के विरुद्ध दुष्कर्म का आरोप लगाया गया है। इस मामले में पीड़ित छात्रा की मां के लिखित आवेदन पर पोक्सो व संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है। आवेदन में बताया गया है कि घटन 13 जनवरी देर रात की है। वहीं पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराने तथा न्यायालय में बयान दर्ज करवाने के उपरांत, पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### प्रतिष्ठान का शुभारंभ

**पत्थलगड़ा।** प्रखंड क्षेत्र के सिमरिया रोड स्थित रामपुर में शनिवार को डीआरडी कलेक्शन नमक प्रतिष्ठान का शुभारंभ संचालक की मां केशरी देवी, जिप सदस्य रामसेवक दांगी, प्रमुख मनीषा कुमारी, बरवाडीह मुखिया संदीप कुमार सुमन, समाजसेवी महेंद्र दांगी एवं पूर्व मुखिया मेघन दांगी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर संतोष कुमार, देवकी दांगी, महफूज रहमान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### दस बकायेदारों का काटा गया बिजली कनेक्शन

**गिद्धौर।** प्रखंड के द्वारी गांव में शनिवार को विद्युत विभाग द्वारा कनीय अभियंता तरुण कुमार के नेतृत्व छापेमारी अभियान चलाकर दस बकायदाओं का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। साथ ही बिजली बिल जल्द जमा करने की हिदायत दी गई। दल में विद्युत सहायक कर्मी संतोष कुमार निराला, पंकज कुमार, विकास कुमार, महावीर दांगी शामिल थे।

### चौकी का वितरण

**गिद्धौर।** प्रखंड अंतर्गत जपुआ में निवास करने वाले आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों के बीच शनिवार को कल्याण विभाग द्वारा चौकी मुहैया कराया गया। वहीं कांग्रेस जिला महासचिव सत्येंद्र दांगी ने कल्याण विभाग द्वारा घटिया क्वालिटी की चौकी मुहैया कराने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।सभी चौकी कच्ची लकड़ी का बना हुआ है। एक चौकी की कीमत 5000 से 7000 रुपये है, परंतु जिस क्वालिटी की चौकी बिरहोर परिवारों को दी गई है, वह 1200 से 1500 रुपये के बीच की है। बीडीओ हरिनाथ महतो ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कर कल्याण विभाग को रिपोर्ट दी जाएगी।

### रन फॉर सेफ्टी के माध्यम से लोगों को किया गया जगरूक



**लातेहार।** जिला परिवहन कार्यालय द्वारा शनिवार को सड़क सुरक्षा माह के तहत रन फॉर सेफ्टी का आयोजन किया गया। दौड़ समाहरणालय परिसर से शुरू होकर थाना चौक होते हुये जिला खेल स्टेडियम में समाप्त हुई। इसमें वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता उदय कुमार, थाना प्रभारी लातेहार आशुतोष कुमार, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, पंकज तिवारी, परिवहन कार्यालय के कर्मी, पुलिस के जवान, छात्र-छात्राएं शामिल थे।

# हाथियों को सामने देख कर मजदूर की हार्ट अटैक से मौत



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** प्रखंड की सिबला पंचायत के अंतर्गत भाटचतरा के टोला ब्राह्मनी निवासी प्रभु गंझू (48) की हाथियों के उत्पात के कारण मौत हो गई। मृतक की पत्नी पनवा देवी, पुत्री अंशु कुमारी व दशरथ कुमार गंझू ने बताया कि शुक्रवार रात हाथी कई लोगों की फसलों को क्षति पहुंचाते हुए पास में चहारदीवारी तोड़ रहे थे। इस पर हमलोग घर के बाहर निकल गए। मृतक मजदूर घर में सो रहे थे तभी दो हाथी घर के पास पहुंचकर में तोड़फोड़ करने लगे।

हाथियों के आतंक से प्रभु गंझु नींद से जागकर जान बचाने के लिए घर से बाहर निकलने का प्रयास कर रहे थे। तभी घर के दरवाजे के पास दोनों हाथी को खड़े और चिंघाड़ते सुनकर घर में ही गिर गए। उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई। हाथियों के उत्पात से मौत के खबर सुनते ही जिला परिषद रमेश राम, समाजसेवी गौतम सिंह मुखिया सुरेश उरांव मृतक के घर पहुंचकर हरसंभव विभाग से मदद दिलवाने का आश्वासन दिया। मृतक के एक पुत्री अंशु व दो पुत्र शनि कुमार, अभिमन्यु कुमार हैं। अचानक हाथियों के कारण मौत से परिजनों में चीख पुकार मच गई। वहीं हाथियों ने किसान लुढ़न यादव के घर की चहारदीवारी को तोड़ते हुए घर में रखा 14 बोड़ा धान खा लिया। किसान लुढ़न यादव ने बातया कि लगभग दस क्विंटल धान का नुकसान हुआ है, जिससे तीस हजार रुपये की क्षति हुई है। वहीं दशरथ गंझु के का घर में लगे दो खिड़कियों को हाथियों ने उजाड़ दिया। पास में लगी आलू एवं चने की फसल को रौंदकर बर्वाद कर दिया। बता दें कि हाथी पिछले पांच दिनों से भाटचतरा जंगल में रह रहे हैं। शाम होते ही गांव में प्रवेश कर जाते हैं और उत्पात मचाते हुए काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसको लेकर ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति काफी आक्रोश है।

## 160 बच्चों ने दी नवोदय परीक्षा

**बालूमाथ।** प्लस टू हाई स्कूल में शनिवार को नवोदय विद्यालय के लिए चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें 193 में से कुल 160 बच्चे उपस्थित हुए। पर्यवेक्षक सुमंत कुमार साव एवं बीईओ, प्रधानाध्यापिका रूबी बानो आदि ने परीक्षा संपन्न कराई। इस दौरान शिक्षक ज्ञानेश्वर प्रसाद पांडे, राजीव रंजन पांडे, ओम प्रकाश, पंकज सिंह, शंकर राय, लक्ष्मण किमर, अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

**संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन : बारियातु।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को कक्षा चतुर्थ से अष्टम तक प्रधानाचार्य जितेंद्र राम के निर्देशन में परीक्षा प्रमुख शशि सिंह की देखरेख में संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया।

## ईंट भट्ठे से दो शव बरामद पुलिस जांच में जुटी

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चमातू ग्राम के तिलैया तार टोला के भट्टे से पुलिस ने संदिग्ध हालात में दो शव बरामद किए। मृतक की पहचान सुदेश उरांव, पिता बलदेव उरांव, तिलैयातांड़ व मरंगलोइया निवासी परवीन उरांव, पिता ईश्वर उरांव के रूप में हुई है। मृतक के भाई बलराम उरांव से मिली जानकारी के अनुसार सुदेश एवं प्रवीण ने बांग्ला ईंट को पकाने के लिए शुक्रवार शाम को भट्ठे में आग लगाई और खाना खाने के बाद भट्ठे के ऊपर ही सो गये। सुबह इसके बाद परिजनों ने देखा तो दोनों मृत पड़े हुए थे। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्या की आशंका जताते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# जीएम ने किया बरवाडीह रेलवे डीपू का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** मध्य पूर्व रेलवे हाजीपुर जोन के रेल महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल शनिवार सुबह धनबाद मंडल रेल प्रबंधक समेत हाजीपुर जोन के अपने अधीनस्थ कई अधिकारियों के साथ विशेष ट्रेन से रेलवे डीपू का निरीक्षण करने बरवाडीह पहुंचे। रेल महाप्रबंधक, धनबाद डीआरएम कमल किशोर सिन्हा समेत सभी विभागों के अधिकारियों के साथ अपने निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम रेलवे वैगन वर्कशॉप शेड पहुंचे। 45 मिनट से अधिक समय का निरीक्षण कर विभाग के अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जीएम के समक्ष डीपू में सेफ्टी सेमिनार का भी आयोजन किया गया। इसके साथ ही जीएम ने बरवाडीह रेलवे स्टेशन, रेलवे अस्पताल, ट्रेन नियंत्रण कक्ष समेत कई विभागों का निरीक्षण किया। इस क्रम में अस्पताल में चिकित्सक के अभाव में फार्मासिस्ट के भरोसे अस्पताल का संचालन देखकर मंडल रेल प्रबंधक केके सिन्हा को तत्काल चिकित्सक को पदस्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने रेलवे क्षेत्र की जर्जर सड़कों का निर्माण समेत अन्य मांगों को अविलंब पूरा करने का आश्वासन दिया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेल कर्मियों को जीएम ने पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। कहा कि रेल कर्मियों के निष्ठा एवं लगन से धनबाद मंडल कोयला रैक भेजने में अव्वल रहा है। मौके पर हाजीपुर, धनबाद रेल मंडल के कई अधिकारियों समेत बरवाडीह रेलवे वर्कशॉप के एएमई विकास दुबे, इंचार्ज जुगनू दास, रेलवे वरीय कार्य निरीक्षक विवेकानंद बसु, विद्युत अधिकारी आसिफ इकबाल, आरपीएफ इंस्पेक्टर ओम प्रकाश ठाकुर, रेलवे स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, अरुण मौजूद थे।

## बचरा दो ग्राम पंचायत नगर पंचायत से पुनः ग्राम पंचायत घोषित

**टंडवा।** प्रखंड क्षेत्र की बचरा पंचायत के उत्तरी व दक्षिणी को नगर पंचायत से पुनः ग्राम पंचायत क्षेत्र सरकार द्वारा घोषणा किए जाने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। ज्ञात हो कि अक्टूबर 2022 में अधिसूचना जारी कर बचरा को नगर पंचायत घोषित किया गया था, जिसे संशोधित करते हुए राज्य सरकार द्वारा गजट प्रकाशित कर पुनः पंचायत गठन की स्वीकृति दी गई है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार बचरा उत्तरी की आबादी 5699 एवं बचरा दक्षिणी की आबादी 7220 है। बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिप सदस्य सुभाष यादव ने कहा कि ग्रामीणों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुवे राज्य सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है। इससे नवगठित पंचायतों में केंद्र व राज्य से संचालित विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों तक सुलभ हो सकेगा।

# एसपी ने कहा-होटल संचालक किसी पुलिस अधिकारी को 1 रुपये भी न दें

## पुलिस अधीक्षक व विधायक के आश्वासन के बाद होटलों की बंदी समाप्त



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़** थाना पुलिस की कारवाई से आक्रोशित होटल संचालकों की बंदी तीसरे दिन शनिवार को विधायक रामचंद्र सिंह के आश्वासन के बाद होटल संचालक संघ ने वापस ले ली। वहीं थाना पुलिस पदाधिकारियों के कार्यकलाप के खिलाफ रोजना मिल रही शिकायतों को लेकर थाना में कार्यरत एसआई संजय रतन एवं एसआई रौशन कुमार के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। इसको लेकर होटल संचालकों ने विधायक एवं पुलिस अधीक्षक के प्रति आभार व्यक्त किया है।

पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने कहा कि आप लोगों को डरने की आवश्यकता नहीं है। आप लोग किसी भी पुलिस पदाधिकारी को एक रुपये भी न दें। वे इसमें संलिप्त दोषी पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। वहीं एसडीएम बिपिन दुबे ने कहा कि महुआडांड थाना पुलिस का यह कार्य पुलिस के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। ये हमलोगों के अधिकार क्षेत्र में आता है। पुलिस का यह कार्य समझ से परे है। इसे लेकर मैं छानबीन करूंगा।

**क्या था मामला? :** इस संबंध में होटल संघ के अध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद गुप्ता का कहना है कि बिना सूचना दिए ही होटल प्रतिष्ठान में पुलिस द्वारा जाकर फोटो लिया गया एवं वीडियो ग्राफी की गई। हम लोगों को थाने में बुलाया गया। हम लोग थाने गए तो हमसे सिर्फ आधार कार्ड एवं गैस कनेक्शन की फोटो कॉपी मांगी गई। हम लोगों ने पूछा कि क्या कार्रवाई हो रही है तो पुलिस की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके कारण हम सभी होटल मालिकों के मन में शंका एवं डर बना हुआ था।

# शांति समिति की बैठक में विधि व्यवस्था पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/मयूरहंड/पत्थलगड़ा/गिद्धौर** जिले के विभिन्न थाना परिसरों में शनिवार को राम मंदिर के उद्घाटन पर शांति व्यवस्था बनाए रखने व विधि व्यवस्था को लेकर शांति समिति की बैठक हुई।

मयूरहंड थाना में आयोजित बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ साकेत कुमार सिन्हा व संचालन थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, मुखिया रामनाथ यादव, ईश्वरी मेहता, मुबारक अंसारी, राजू कुमार, डीएन प्रसाद, रामस्वरूप यादव, जयनंदन यादव, नंदलाल गुप्ता, सतेन्द्र कुमार सिंह, सिकन्दर कुमार, अशोक महतो, प्रभु महतो, बिरन भुइयां, मोहम्मद मुख्तार, मुबारक अंसारी आदि मौजूद थे। वहीं पत्थलगड़ा थाना परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता बीडीओ मोनी कुमारी व संचालन थाना प्रभारी सचिन कुमार दास ने किया। गिद्धौर थाना परिसर में थाना प्रभारी गुलाम सरकार के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रमुख अनिता यादव, मुखिया निर्मला देवी, बीजेपी मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, प्राणेश गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे। इटखोरी थाना परिसर में बैठक की अध्यक्षता डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम व संचालन थाना प्रभारी विनोद कुमार ने किया।

## बारियातु में गणतंत्र दिवस के मौके पर झंडोत्तोलन की समय सारणी हुई निर्धारित

**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शनिवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में सभी राजनीतीक दलों, प्रखंड व पंचायत प्रतिनिधियों इत्यादि के साथ बैठक हुई। इसमें गणतंत्र दिवसर पर झंडोत्तोलन की समय सारणी निर्धारित की गई। इसके अनुसार प्रखंड सह अंचल कार्यलय परिसर में 8:30, पशुपालन विभाग 8:40, जेएमएम कार्यालय 8:45, मेमर्स प्रिंस भारत गैस 8:50, राजकीय मध्य विद्यालय बारियातू 8:55, झारखंड राज्य आवासीय विद्यालय व जामिया इस्लामिया इटके में 9:00, बीआरसी कार्यालय 9:05, स्वास्थ्य उपकेंद्र बारियातु 9:10, राजद कार्यालय 9:15, सभी पंचायत सचिवालय मे 9:20, बीजेपी कार्यालय 9:25, आजसू कार्यालय 9:30, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9:35, सांसद प्रतिनिधि कार्यालय 9:40, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक 9:45, कांग्रेस पार्टी कार्यालय 9:50, लैम्पस कार्यालय 9:55, परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय 10:00, सभी प्राईवेट विद्यालय 10:05, बारियातू थाना परिसर में 10:30 बजे झंडोत्तोलन का निर्णय लिया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख उर्मिला देवी, सीओ नंद कुमार राम, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि सतेंद्र कुमार सिंह, आजसु प्रखंड अध्यक्ष बीनोद राम, मुखिया शांति देवी, सरीता देवी, तेतरी देवी, रानो, केदार गंझु, मध्य विद्यालय के एचएम अनीता देवी, बीपीओ केतन गुप्ता, कपिल सिंह, जितेंद्र कुमार, पंचायत सचिव राजेश यादव, ओमाशंकर सिंह, सेराफिनुस खलखो, राम लखन यादव, अजय मुंडा इत्यादि मौजूद रहे। वहीं बालूमाथ प्रखंड में बीस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक हुई। इसमें पूर्व निर्धारित समय सारणी पर ही झंडात्तोलन किये जाने का निर्णय लिया गया।

# शांति समिति की बैठक कर किया फ्लैग मार्च



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ/बारियातु/बरवाडीह/महुआडांड/चंदवा**

प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में शनिवार को शांति समिति की बैठक कर आगामी 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर विभिन्न आयोजनों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए फ्लैग मार्च मासीयातु शेरेगड़ा, बालूमाथ आदि में किया गया। वहीं बालूमाथ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने की। मौके पर पुलिस निरीक्षक शशि रंजन, थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो, बीडीओ सोमा उरांव, फूलबसिया पीकेट प्रभारी कुबेर साव, एसआई राहुल कुमार, मो. जुबेर, मो. मोतिउर रहमान, शैलेश सिंह, मो. मुजम्मिल, राजू साव, दिवाकर प्रसाद, मो. मनान, गंगेश्वर यादव, उपेंद्र साहू श्यामसुंदर यादव, विक्रांत सिंह, कमलेश सिंह, राजेश पांडे, लाल देव गंझू, अखिलेश भोक्ता, पराग साव, सतेंद्र साव, अनिल प्रजापति उपस्थित रहे।

**वहीं बारियातु** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत टोंटी पंचायत स्थित इटके ग्राम के मदरसा परिसर में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मुखिया शांति देवी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से पंसस मो ओजेफा, थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, पुलिस अवर निरीक्षक आनंद कुमार, बिंदेश्वर महतो, समाजसेवी देवनंदन प्रसाद , ग्राम प्रधान, सतेंद्र राम, गोपाल यादव, संजय सिंह, गौतम सिंह, बृजमोहन राम, मो खोयब मिंया, मो. मुर्सिद आदि गणमान्य लोगों ने 22 जनवरी को रामोत्सव सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने की बात कही। **वहीं बरवाडीह में** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर शनिवार को बरवाडीह व छिपादोहर थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता व सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, सब इंस्पेक्टर रवि कुमार, मुखिया कालो देवी, 20सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद इत्यादि शामिल थे। इसके उपरांत बीडीओ के नेतृत्व में थाना परिसर से फ्लैग मार्च भी किया गया, जो प्रखंड के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए थाना परिसर में आकर समाप्त हुआ। वहीं छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक कर क्षेत्र में आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च किया गया। वहीं प्रखंड प्रशासन ने 22 जनवरी को प्रखंड क्षेत्र में मांस मछली की दुकानों को बंद रखने का निर्देश दिया। **वहीं महुआडांड़** थाना परिसर में अंचल अधिकारी संतोष बैठा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें सकिल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान, जिला परिषद सदस्य स्तेला नागेशिया, इंचार्ज थाना प्रभारी अजय कुमार, बंधन भगत, रोशन कुमार मौजूद थे। राम उत्सव शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। सुरज कुमार, प्रदीप जायसवाल, बिहारी जयसवाल, प्रदीप बड़ाईक मौजूद रहे। इधर नेतरहाट थाना में भी शांति समिति की बैठक कर फ्लैग मार्च किया गया।

**वहीं चंदवा** थाना परिसर में शनिवार को थाना प्रभारी शुभम कुमार की अध्यक्षता में 22 जनवरी को रामोत्सव सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसमें अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, समाजसेवी सतेंद्र प्रसाद यादव, रवि कुमार डे, रविराज, माल्हन मुखिया जतरु कुमार मुंडा, डॉ शम्स राजा, अबुल अंसारी आदि मौजूद थे। वहीं विधि व्यवस्था संधारण हेतु शनिवार शाम पुलिस द्वारा शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया, जो थाना परिसर से निकल कर पूरे शहर का चक्कर लगाते हुए पुनः थाना परिसर में समाप्त हुआ।

## हामी से ओरसापाठ तक पथ की मांग पूरी होने पर विधायक का किया गया सम्मान

**महुआडांड़।** ओरसापाठ पंचायत के ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग हामी से ओरसापाठ तक पथ निर्माण की मांग पूरी होने पर ग्राम चीरोपाठ में शनिवार को ओरसा रोड निर्माण संघर्ष समिति द्वारा समारोह आयोजित कर विधायक रामचंद्र सिंह को सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि पूर्व में इसी पथ निर्माण कार्य को लेकर निजी फायदे के लिए सड़क निर्माण कार्य कर रहे कुछ लोगों पर एफआईआर तक दर्ज कराई गई थी। यह पथ इस पूरे क्षेत्र का लाइफ लाइन है। इसके बनने में काफी अड़चनें आ रही थीं, लेकिन जनहित को देखते हुए मैंने पूरी ताकत के साथ इसका निर्माण कार्य प्रारंभ कराया, जो शीघ्र ही संपन्न हो जायेगा। विधायक ने 300 कंबल का वितरण भी किया। मौके पर मुखिया अमृता देवी, सत्येंद्र जायसवाल, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अजित पाल कुजूर, सीओ संतोष कुमार बैठा, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तेखार अहमद, कांग्रेस वरिष्ठ नेता रामनरेश ठाकुर, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अजित पाल कुजूर, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख सह बीस सूत्री अध्यक्ष अभय मिंज आदि उपस्थित रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 30 / 2023–24**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 02.02.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 03.02.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03.02.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉंची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा
2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।

7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र.सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत हुटाप के ग्राम लुकईया में ट्रामा सेन्टर का निर्माण। | 24,90,840/ - | 50,000/ - | 5000/ | 03 (Three) Months |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ के पंचायत नेतरहाट के ग्राम बृजियाटोली में ट्रामा सेन्टर का निर्माण। | 24,90,840/ - | 50,000/ - | 5000/ | 03 (Three) Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत मारंगलोईया में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, बारा में चाहरदिवारी निर्माण। | 21,63,600/ - | 43,500/ - | 5000/ | 03 (Three) Months |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार में रेड क्रॉस भवन, लातेहार का जिर्णोद्धार। | 19,97,000/ - | 40,000/ - | 5000/ - | 03 (Three) Months |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड मुहुआडांड़ के पंचायत चम्पा में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुरून्द में 244 मी0 चाहरदिवारी एवं 01 Unit GCI Sheet Gate निर्माण। | 18,05,738/ - | 36,500/ - | 5000/ - | 03 (Three) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार ।

PR.NO.316608 Building (23-24):D


**पहल**

## लीगल सशक्तिकरण शिविर का एचसी के न्यायाधीश व पीडीजे ने किया उद्घाटन

# 15 करोड़ की परिसंपत्ति का किया गया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त सहयोग से मेगा लीगल इम्पोरमेंट सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ. एसएन पाठक, पीडीजे, उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन एवं जिला बार एसोसिएशन के प्रभारी अध्यक्ष दुखी प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नयामूर्ति डॉ. पाठक ने कहा कि मेगा लीगल साक्तिकरण



शिविर लगा कर लाभुकों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाएं एवं निडर हो ईमानदारी से कार्य करें। वहीं कस्तूरबा विद्यालय, ग्रामोदय चेतना भारती, ज्योति विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम की सराहना करने के साथ नयामूर्ति डॉ. पाठक ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। साथ हीं कुल 15 करोड़ 26 लाख 21 हजार 4 सौ पचास रुपये की परिसंपत्ति का वितरण लाभुकों के बीच किया गयाद्ध शिविर का संचालन प्रज्ञा वाजपाई सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया।

## एचसी के न्यायाधीश पहुंचे भद्रकाली मंदिर



**चतरा/इटखोरी।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ. एसएन पाठक शनिवार को जिले के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर के समीप जिला परिषद डाक बंगला परिसर में आगमन हुआ। उनके आगमन पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह, उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने चतरा आगमन को लेकर आभार व्यक्त करते हुए पौधा भेंट कर स्वागत किया। जिसके पश्चात गार्ड ऑफ ऑनर से उन्हें नवाजा गया। इसके बाद एचसी न्यायाधीश ने मां भद्रकाली मंदिर पहुंच पूजा अर्चना किया। पूजा के पश्चात न्यायधीश चतरा रवाना हो गए।

## एक नजर

### पूनम सर्वश्रेष्ठ छात्रा व मंतोष सर्वश्रेष्ठ छात्र

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सत्र 2022 - 2024 के सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार मंतोष उरांव और सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार पूनम कुमारी को दिया गया। उत्कृष्ट अनुशासन का पुरस्कार विज्ञान के छात्र रोशन उरांव, उत्कृष्ट सांस्कृतिक का पुरस्कार कला की छात्रा रोशनी उरांव, उत्कृष्ट विज्ञान का पुरस्कार विज्ञान की छात्रा शशि कच्छप, उत्कृष्ट खेलकूद के क्षेत्र में प्रदर्शन का पुरस्कार विज्ञान के छात्र रोहित उरांव व कला के छात्र सुजल बाखला को दिया गया। सत्र 2022 - 24 के सर्वश्रेष्ठ सदन का पुरस्कार आर्यावर्त को मिला। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, रोहित साहू, रोशनी उरांव, प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, आकांक्षा पांडे, कविताी, सचिव अजय प्रसाद, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, सरस्वती विद्या मंदिर कैरो के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, सेन्हा के प्रधानाचार्य विमलेश तिवारी, कुडू की प्रधानाचार्य पिंकी इंदवार आदि उपस्थित थे।

### विद्या मंदिर में विभिन्न गतिविधियां संचालित

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में अनेक गतिविधियां संचालित हुईं। सर्वप्रथम अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन हुआ। परीक्षा प्रमुख मुकेश कुमार सिन्हा एवं विष्णु दत्त पांडेय के दिशा निर्देशन में संपादित हुई। इसके बाद कक्षा षष्ठ से नवम तक की बहनें हस्तकला प्रतियोगिता में सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम की प्रमुख मधुमिता शर्मा के नेतृत्व में यह प्रतियोगिता आयोजित हुई। कक्षा षष्ठ से नवम तक की 52 बहनों ने इसमें भाग लिया। मौके पर कनक अग्रवाल, नीरा सिंह एवं गीता देवी उपस्थित रहीं। मौके पर नित्यानंद, नफीद आलम, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, राजीव कुमार सिंह, श्वेता संदेश, प्रोन्नति यादव, प्रमेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

### निबंध में सुभद्रा का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सेन्हा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा के छात्र छात्राओं का प्रान्त स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन रहा। विद्या विकास समिति झारखंड प्रदेश के तत्वाधान में प्रांतीय निबंध प्रतियोगिया का आयोजन किया गया था, जिसमें विद्यालय के कक्षा दशम की छात्रा सुभद्रा कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सुभद्रा ने ओजोन परत के क्षय के दुष्प्रभाव विषय पर निबंध प्रतियोगिता में प्रांतीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यालय का मान बढ़ाया है। मौके पर विद्यालय प्रबंधनकारिणी समिति के सचिव रेशम लाल, प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी, डॉली कविता, जयप्रकाश सिंह, प्रतिभा देवी, राजकिशोर उरांव, चांदनी कुमारी, संध्या कुमारी, प्रेमशीला उरांव, मीना देवी मालती कुमारी आदि ने सुभद्रा को बधाई दी।

### ध्वजा का वितरण

**लोहरदगा।** अयोध्या में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त शनिवार को विभिन्न गांवों और पंचायत और नगर के बीच ध्वजा वितरण किया गया। सचिन साहू ने कहा कि जिस क्षेत्र में ध्वजा नहीं लगा हो उस क्षेत्र में जाकर ध्वजा लगाया जाए। लोगों को प्राण प्रतिष्ठा के दिन रात्रि में दीप उत्सव मनाने के लिए लोगों को कहा गया। ध्वज वितरण का कार्यक्रम का उद्देश्य प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जागरूक करना है।

# सेन्हा थाना क्षेत्र में दो ऑटो व एक बाइक के बीच टक्कर में सात व्यक्ति हुए घायल

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



थाना क्षेत्र के लोहरदगा घाघरा मुख्य पथ 143 ए पर संत मार्क विद्यालय के समीप तीन वाहनों के बीच टक्कर होने से सात लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और निजी अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जाता है कि एक ऑटो सेन्हा चौक से सवारी लेकर तथा बाइक लोहरदगा जा रही थी। तभी लोहरदगा की ओर से आ रहा मालवाहक ऑटो में सामने से टक्कर होने से मालवाहक ऑटो पलट गया। घायलों में सुभान अंसारी के पुत्र सिदिक अंसारी, पुत्री सबा फिरदौस तथा वारिश अंसारी, राजू उरांव, वैभवी साहु, उमेश पासवान, जीरमुनिया उरांव शामिल हैं। चिकित्सकों ने दो को छोड़ सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया, जबकि सिदिक और जीरमुनिया को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### अंजुमन इस्लामिया कैरो के पदाधिकारियों की पगड़ीपोशी व शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए डीसी-एसपी

# अमन चैन के साथ एक दूसरे से मिलकर रहें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**




उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां शनिवार को प्रखंड स्तरीय अंजुमन इस्लामिया कमिटी, कैरो के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की पगड़ीपोशी एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए।

मौके पर उपायुक्त ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया और निर्वाचित होने पर बधाई दी। उपायुक्त ने पदाधिकारियों से अपील की कि जब आपको समाज मे कोई जिम्मेवारी दी जाती है तो आपके विचार और सोच सभी के लिए समान हो। आप देशहित व समाज हित में सभी को मिलाकर सौहार्दपूर्ण वातवरण में काम करें और विकास की गति को बढ़ाएं। उपायुक्त ने कहा कि कैरो में इतिहास शांति का रहा है। आगे भी इसी तरह अमन चैन के साथ एक दूसरे से मिलकर रहेंगे। यहां की शांति हमेशा बनी रहेगी यही उम्मीद और आशा है। पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा हारिस बिन जमां ने कहा कि इस तरह की कमिटी का गठन एक सराहनीय काम है। अंजुमन इस्लामिया के नवनियुक्त ओहदेदारों से गुजारिश होगा कि आने वाले दिनों में क्षेत्र के लिए अपने समाज के साथ-साथ दूसरे समाज के विकास में चार चांद लगाने का कार्य करेंगे। साथ ही प्रशासन का हर सम्भव सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो,डॉ. राकेश कुमार, 20 सूत्री सदस्य शरत कुमार विधार्थी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के नवनिर्वाचित पदाधिकारी व गणमान्य उपस्थित थे।

# श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम, गरिमा का रखें ख्याल

## राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त की नसीहत

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। इस बात को धार्मिक आयोजनों में अवश्य याद रखा जाए। सुरक्षा के दृष्टिकोण से इस संबंध में जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी की गई है। जिले में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। आप सभी जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों से अपील है कि मर्यादा की महत्ता सभी युवाओं को बताएं। आयोजनों में गरिमा का ख्याल रखा जाय। उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिले में सभी पर्व-त्यौहार बीते वर्षों में शांतिपूर्ण रहे हैं। इसका श्रेय शांति समिति की पूरी टीम को जाता है। जिला व प्रखंड स्तर के सभी सदस्यों ने जिला प्रशासन का लोहरदगा जिला में शांति व्यवस्था कायम रखने में हमेशा सहयोग दिया है जिसके लिए जिला प्रशासन आपकी आभारी है। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी प्रखण्डों व नगर क्षेत्र से जिला स्तरीय शांति समिति के समिति के सदस्य, विभिन्न धार्मिक/सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष/सचिव/सदस्य आदि उपस्थित थे।

### लोहरदगा पुलिस ने की आम नागरिकों से अपील

आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर लोहरदगा पुलिस ने जिले के सभी वासियों से अपील किया हं कि किसी भी प्रकार के धार्मिक भावनाओं के भड़काने/ठेस पहुंचाने वाले संदेश, अप्रमाणिक जानकारी भ्रामक मैसेज / वीडियों इत्यादि सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि पर पोस्ट / अपलोड / शेयर न करें ताकि जिले में शांति व्यवस्था / विधि व्यवस्था भंग न हो। लोहरदगा पुलिस सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखे हुए है, उल्लंघन करने वाले लोगों के विरुद्ध विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जायेगी । लोहरदगा जिला में समाजिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला प्रशासन का सहयोग करें।

### श्रीराम के चरित्र को आत्मसात करने की आवश्यकता : एसपी

बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम थे। उनके चरित्र को आत्मसात करने की आवश्यकता है। आप सभी मर्यादा की सीख बच्चों को अवश्य दें। 22 जनवरी का आयोजन एक त्योहार की तरह है जिसे शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनकर्ता मंदिरों या अन्य प्रचार वाहन में सिर्फ भजन ही बजाएं। किसी भी तरीके से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला संदेश ना प्रसारित हो। सोशल मीडिया का इस्तेमाल संयमित हो। सोशल मीडिया हैंडलर/एडमिन किसी प्रकार का विवादित या आहत करने वाला संदेश वायरल नहीं करें अन्यथा विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जो आयोजन होना है उसे निर्धारित समय मे ही संपन्न कराएं। एलईडी स्क्रीन के संचालन स्थल पर लोगों की भीड़ से ट्रैफिक व्यवस्था बाधित नहीं हो। आयोजक अपने वोलेंटियर्स तैनात रखेंगे ताकि ईव टीचिंग जैसी घटनाओं पर निगरानी रखी जा सके। किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना डायल-100/112 या 7004400718 (कंट्रोल रुम लोहरदगा) पर या नजदीकी थानों को दें। इसके लिए पुलिस विभाग की ओर से मोबाइल नंबर जारी किया गया है। पुलिस अधीक्षक के मोबाइल नंबर 9431706218, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 9431361305, लोहरदगा सदर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक का मोबाइल नंबर 6206353913, किस्को अंचल पुलिस निरीक्षक के मोबाइल नंबर 7979933845, अंचल निरीक्षक सह सीसीआर प्रभारी 8709642865 शामिल हैं।

# 30 लाख रुपये के मोबाइल चोरी मामले का उद्भेदन

### एक शातिर अपराधी सहित दो को पुलिस ने साहिबगंज से दबोचा, तीन अब भी है फरार

### बांग्लादेश में 800000 में मोबाइल की चोरों ने की बिक्री, ठिकाने से पुलिस ने बरामद किये 21 खाली डब्बे व अन्य सामान

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**



मेन रोड गुमला स्थित सौम्या कॉम्प्लेक्स के अमित मोबाइल दुकान में 29 दिसंबर 2023 को हुए करीब 30 लाख रुपए मोबाइल चोरी कांड का पुलिस ने उद्वेदन कर लिया है। एसपी के निर्देश पर गठित एसआईटी की टीम ने साहेबगंज से घटना में शामिल दो चोरों को धर दबोचा।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर पूरे मामले का खुलासा किया। गिरफ्तार चोरों में साहेबगंज जिला के राजमहल थाना अंतर्गत मुगीटोला निवासी आलम शेख और अलीम शेख शामिल है। एसपी ने बताया की चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोरों के द्वारा कुल 8 लाख रुपए में सभी मोबाइल को बांग्लादेश में बेच दिया गया। इसके बाद पैसे को सभी ने आपस में बांट लिए। एक चोर के द्वारा उक्त पैसे से एक टीवीएस अपाची बाइक खरीदा था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। एसपी ने आगे बताया की कुल 5 लोगों ने मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसमें एक व्यक्ति पूर्व से गुमला में रह रहा था और उसके चार अन्य साथी काम की तलाश में छत्तीसगढ़ जा रहे थे लेकिन सभी गुमला में रुक गए और चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने गिरफ्तार चोर के घर से मोबाइल के 21 खाली डब्बे, घटना में प्रयुक्त नुकीला रॉड, सीसीटीवी कैमरा का डीपीआर जब्त किया है। दल में शामिल पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।फरार की तलाश जारी है। एसपी ने बताया कि घटना में शामिल एक चोर आलम शेख शातिर अपराधी है। वर्ष 2009 में चोरी के मामले में वह लाल वारंटी है। उसके खिलाफ रांची सदर थाना में मामला दर्ज है।

# घुसपैठियों के खिलाफ भाजपा का धरना

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




भारतीय जनता पार्टी जिला के अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठिए के खिलाफ महाधरना समाहरणालय मैदान में दिया गया। वही सदर प्रखंड स्थित मोड़ से समाहरणालय तक पदयात्रा कर विरोध जताया गया। वहीं इसको लेकर जिला उपायुक्त को पत्र सौंप कर राज्यपाल और केंद्रीय गृहमंत्री से कार्रवाई की मांग की गई। पत्र के माध्यम से कहा गया कि वदेशी आतंकवादियों का देश में घुसपैठ का मामला आता रहा है, जिसमें झारखंड क्षेत्र भी शामिल है। राज्य के संथाल परगना विशेष रूप से बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या लोगों का शरणस्थली के रूप में जाना जा रहा है, जिसका प्रभाव जिले में भी अब दिखाई देने लगा है। प्रतिदिन लोहरदगा जिले के शहरी इलाकों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी फेरी वालों के रूप में घूमा करते हैं, इनकी बोलचाल एवं भाषा बांग्लाभाषी से मिलता-जुलता है। इनकी संख्या अनुमानित काफी बड़ी है, और ये निश्चित ठिकानों में शरण लिए हुए हैं। मौके पर पूर्व मंत्री सधनु भगत, ओम प्रकाश सिंह, रमेश उरांव, पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, पूर्व माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, राकेश प्रसाद, सामेला भगत, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, बजरंग उरांव, अनिल उरांव, पशुपति नाथ पारस, संजय चौधरी बेंजामिन मिंज, कलावती देवी, लखन उरांव, राजकुमार मुंडा, बेंजामिन मिंज, जगनंदन पौराणिक, परमेश्वर भगत, सुदामा प्रसाद, विवेक सोनी, अमरेश भारती, सूरज दसोंधी, मुकेश साहू, अमित लोहरा, अमरनाथ भगत, असंबर उरांव, नंदकिशोर उरांव, सिकंदर उरांव, अशोक उरांव, ताजे उरांव, विनोद उरांव, अजय मुंडा, कैलाश महतो, विश्वजीत शाहदेव, मनीष शिखर, सजल कुमार, बाल्मीकि कुमार, तरूण देवघरिया, अजय पंकज, यदुनंदन पांडेय, सुरेश बैठा, विशेश्वर प्रसाद दीन, विनय उरांव, मीना बाखला, बिंदिया देवी, रूपाली भगत, देवन्ती उरांव, मीना देवी, सुचिता कुमारी, प्रमीला देवी, अनिता देवी आदि मौजूद थे।

# सड़क हादसे में अल्टिमा कंपनी के कर्मचारी की मौत

**चैनपुर(गुमला)।** चैनपुर मुख्यालय के रामपुर पुल के पास शनिवार की सुबह लगभग 6:00 बजे सड़क हादसे में अल्टिमा कंपनी के कर्मचारी 35 वर्षीय गोविंद चौधरी पिता गोविंद चौधरी की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। जानकारी अनुसार अल्टिमा कंपनी के कर्मचारी गोविंद चौधरी रामपुर गांव में डेरा लेकर रहते थे प्रत्येक दिन की भांति वे सुबह ब्लॉक चौक आ रहे थे इसी दौरान एक अज्ञात कर के धक्के से उनकी मौके पर ही मौत हो गई, वही कार वहां से फरार हो गया, स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना मिलती ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गोविंद चौधरी को उठाकर चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया जहां डॉक्टर डीएन ठाकुर ने गोविंद चौधरी को मृत घोषित कर दिया, पुलिस ने इसकी सूचना चैनपुर में रह रहे कंपनी के अन्य कर्मचारियों को दी साथ ही पुलिस जांच में जुट गई है।

# शांति समिति की बैठक में सदस्यों को रामोत्सव शांतिपूर्वक मनाने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**



अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को आयोजित श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर आयोजित कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर शनिवार को चैनपुर थाना परिसर में अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई।

इसमें सभी समुदाय के लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने की बात कही। अनुमंडल पदाधिकारी ने शांति समिति के सदस्यों को इस उत्सव को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर त्यौहार की भांति इस उत्सव को भी शांतिपूर्वक तरीके से मनाया जाए। असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर भी पुलिस प्रशासन को विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। सर्किल इंस्पेक्टर बैजु उरांव ने उत्सव को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट पर ध्यान ना दें। मौके पर जिप सदस्य मेरी लकड़ा, एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट सुनील कुमार खाखा, जारी सीओ रेशमा रेखा मिंज, चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, डुमरी थाना प्रभारी, जारी थाना प्रभारी मनीष कुमार, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, जमुना प्रशाद केशरी, रघुनंदन प्रशाद, अल्बर्ट तिग्गा, नीरज शर्मा, राजीव रंजन, मनोहर बड़ाईक, सकील खान, फरीद खान, अरविंद मौर्य, जावेद खान, सहित चैनपुर, डुमरी एवं जारी प्रखंड लोग उपस्थित थे।

# शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

जवाहर नवोदय विद्यालय समिति द्वारा सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का कक्षा षष्ठ में नामांकन के लिये शनिवार को परीक्षा आयोजित गई। नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। प्रखंड क्षेत्र से कुल 421 छात्र छात्राओं द्वारा परीक्षा के लिये आवेदन भरा गया था, जिनमें 361 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। वही 60 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहीं। वहीं नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में 288 छात्र-छात्राओं में 243 विद्यार्थियों ने और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में 133 में से 118 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त हो जिसके लिये प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज सिंह व जेई संजीत कुमार को दंडाधिकारी के रूप नियुक्त किया गया था। मौके पर प्रधानाध्यापिका सीमा नैंसी लकड़ा, प्रधानध्यापक अभिषेक गौरव के अलावे एस आई विरेन्द्र बाखला, रामचन्द्र मांझी दक बल के साथ मौजूद थे।


## झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल,लोहरदगा

**ई – अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– अल्पकालीन निविदा संख्या :– **08 /2023-24 / RWD /LOHARDAGA** दिनांक **19.01.2024**

कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि ( रूपये में ) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE RWD/ LOHARDAGA/ 03/ STPKG -03/ 2023-24 | मक्का से सेमरटॉड़ तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 7.200 कि0 मी0) | 14,58,97,000.00 | चौदह करोड अन्ठावन लाख संतान्वे हजार रू0 मात्र। | 09 माह | प्रथम |
| | | होन्दागा से कुजरा तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1. 150 कि0 मी0) | | | | |
| | | किस्को रिचुगुटा मेन रोड से फटीया टोली तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1.600 कि0मी0) | | | | |
| | | सेमरडीह से कोचा तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 0.700 कि0 मी0) | | | | |
| | | आर0 ई0 ओ0 रोड सिंजो मोड़ से बारडीह आर0 सी0 सी0 पुल तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.125 कि0 मी0) | | | | |
| | | आर0 ई0 ओ0 रोड टोंगरी से तोरंग गॉव तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1.730 कि0 मी0) | | | | |
| | | आर0 ई0 ओ0 रोड से राहे सीमाना भाया हुरहद गॉव तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.800 कि0 मी0) | | | | |
| | | एन0 एच0 हेंजला से कालीपुर सीमाना तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.200 कि0 मी0) | | | | |
| | | कचमची से ख्वासअम्बा भाया भीठा तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 6.670 कि0 मी0) | | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 30.01.2024 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 15.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 17.02.2024 अपराह्न 3.30 बजे ।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग ,कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा पुराना डी0 आर0 डी0 ए0 भवन, लोहरदगा, पिन कोड– 835302
6. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0.– 06526316381
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 (अनु0 ) दिनांक 09.10.2023 के निदेशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी ।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा ,उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी । अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबावदेही निविदादाता की होगी ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0 का वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 316695 Lohardaga(23-24)#D


## आस्था: राम की भक्ति में डूबा भंडरा, शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस ने की गश्त

# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हर तरफ उत्साह चरम पर

**कुलदीप कच्छप। भंडरा**



अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हर तरफ उत्साह है। प्रखंड में रामभक्त लोगों को इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनाने के लिए न्यौता दिया जा रहा है, तो प्रखंड के हर मंदिर और धार्मिक स्थलों की पूरी साफ-सफाई और आकर्षक ढंग से साज-सज्जा की जा रही। वहीं गांव-गांव में कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। वहीं 22 जनवरी को होनेवाले प्राण प्रतिष्ठा लेकर पूरे क्षेत्र में भजन, कीर्तन, भंडारे सहित अन्य कई तरह कार्यक्रमों की योजनाएं बनाई जा रही हैं। पूरे क्षेत्र को रामानामी झंडे और बड़े-बड़े बैनर पाट दिया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद के कृष्ण चैतन्य ब्रम्हचारी आनंद दुबे कहते हैं कि भंडरा प्रखंड में संभवतः पहली बार किसी धार्मिक कार्यक्रम को लेकर लोगों में इतना भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र के लिए 22 जनवरी के कार्यक्रम ऐतिहासिक होंगे। इधर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रशासन अलर्ट पर है। बीडीओ सीओ थाना प्रभारी ने शांति समिति की बैठक कर लोगो को आपसी भाईचारगी के साथ इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने की अपील की। शनिवार को थाना प्रभारी शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस जवानों के साथ प्रखंड बस्ती में गश्ती की। भगवान रामलल्ला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह भले ही अयोध्या नगरी में हो रहा है, पर इसकों लेकर प्रखंड में मंदिरों के दिन भी बहुर गये। कई ऐसे मंदिर या धार्मिक स्थल हैं, जो काफी जीर्ण-शीर्ण थे उन मंदिरों की साफ सफाई की जा रही है। कई जगहों पर 22 जनवरी को मंदिरों की आधारशिला रखी जाएगी, तो मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा होगी। प्रखंड के अंबेरा, भौरो, बेदाल, मसमानो, चट्टी सहित अन्य मंदिरों का रंग रोगन किया जा रहा है। भाजपा का आह्वान है कि सभी कार्यकर्ता 16 से 20 जनवरी तक मंदिरों की साफ-सफाई करेंगे। इस निमित स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत, राज्य सभा सांसद समीर उरांव भंडरा के प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम में 17 जनवरी को अपने दर्जनों कार्यकर्ताओ संग शिव मंदिर की ग्रामीणों के साथ सफाई की थी।

# सोने की बढ़ी चमक, चांदी में गिरावट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ कारोबार करता नजर आया। हालांकि आज सोने की कीमत में 100 से 150 रुपये तक की मामूली तेजी दर्ज की गई है। दूसरी ओर चांदी में आज गिरावट का रुख बना हुआ है। दिल्ली के सरार्फा बाजार में आज चांदी 200 रुपये की गिरावट के साथ 75,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 58,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 57,850 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 57,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 63,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 57,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से कोल इंडिया, कोटक महिंद्रा, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 4.04 प्रतिशत से लेकर 1.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। हिंदुस्तान युनिलीवर, टीसीएस, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और नेस्ले के शेयर 3.23 प्रतिशत से लेकर 1.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,122 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,215 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे जबकि 907 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 16 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 23 शेयर हरे निशान में और 27 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 325.07 अंक की मजबूती के साथ 72,008.30 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार शुरू होने के बाद ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण इस सूचकांक में गिरावट आने लगी। पहले घंटे के कारोबार के बाद कुछ देर तक लिवाली का जोर भी बना, जिसकी वजह से ये सूचकांक उछल कर 72,026.26 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद फिर बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से दोपहर 1 बजे के करीब ये सूचकांक लाल निशान में गोता लगा कर 71,499.27 अंक तक पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच दोपहर 2 बजे तक के कारोबार में सेंसेक्स 1.35 अंक की कमजोरी के साथ 71,681.88 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 83.75 अंक की तेजी के साथ 21,706.15 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से इस सूचकांक में भी गिरावट आ गई, लेकिन सुबह 10 बजे के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इस सूचकांक में थोड़ी तेजी आई, जिसके कारण निफ्टी उछल कर 21,720.30 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण ये सूचकांक लाल निशान में 21,578.75 अंक तक पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच दोपहर 2 बजे तक निफ्टी 8.15 अंक की तेजी के साथ 21,630.55 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

मिले-जुले ग्लोबल संकेतों के बीच आज प्री ओपनिंग सेशन में घरेलू शेयर बाजार ने बढ़त के साथ कारोबार की शुरूआत की थी। इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 547.46 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की तेजी के साथ 72,230.69 अंक के स्तर पर था। निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 150 अंक यानी 0.69 प्रतिशत मजबूत होकर 21,772.40 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 496.37 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ 71,683.23 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 160.15 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की छलांग लगा कर 21,622.40 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

# वेफेयर ने अपने ग्लोबल वर्कफोर्स से 1,650 नौकरियों की छंटनी की

**सैन फ्रांसिस्को।** ई-कॉमर्स कंपनी वेफेयर ने लागत कम करने के लिए ग्लोबल लेवल पर 1,650 कर्मचारियों यानी अपने कार्यबल के 13 प्रतिशत को नौकरी से निकालने की घोषणा की है। सीएनबीसी के अनुसार, ताजा छंटनी से कंपनी को वार्षिक लागत बचत में 280 मिलियन डॉलर से ज्यादा मिलने की उम्मीद है। वेफेयर के सह-संस्थापक और सीईओ नीरज शाह ने शुक्रवार को एक ब्लॉगपोस्ट में कहा मैं उन 1,650 टीम सदस्यों को धन्यवाद कहना चाहता हूं जो आज हमें छोड़कर जा रहे हैं। आप सभी मूल्यवान और प्रतिभाशाली व्यक्ति हैं, और आपमें से प्रत्येक ने वेफेयर और हमारे कस्टमर्स के लिए अविश्वसनीय योगदान दिया है। महामारी के चलते वेफेयर को अपने बिजनेस में उछाल देखने को मिला क्योंकि घर में रह रहे कंज्यूमर्स ने फर्नीचर और सजावट जैसे घरेलू सामानों पर पैसा खर्च किया। इस बीच, मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि गूगल ने कंपनी द्वारा घोषित नौकरी में छंटनी के लेटेस्ट राउंड में 1,000 से ज्यादा कर्मचारियों को निकाल दिया है।




## कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव
Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

### आवश्यक सूचना

PR 315466 Urban Development (23-24)_D के द्वारा प्रकाशित अति–अल्पकालीन बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना सं0 39/2023–24 में भाग लेने वाले सभी बन्दोबस्तीधारियों को सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणों से क्र0 सं0 03 पर अंकित खजुरी डैम में मछली पालन से संबंधित सैरात को स्थगित किया जाता है एवं सैरात की बन्दोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 23.01.2024 को संशोधित करते हुए दिनांक 24.01.2024 को किया जायेगा। अन्य नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

PR 316609 Urban Development(23-24)#D

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत मझिआँव

## जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू

### (प्रेस विज्ञप्ति)

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय झारखण्ड, रांची के ज्ञापांक–66/OTD दिनांक–12.01.2024 के आदेश के आलोक में झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी विभागान्तर्गत क्षेत्रीय खेल–कूद प्रतियोगिता 2023–24 का आयोजन केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान धुर्वा, रांची में दिनांक–21.02.2024 से 25.02.2024 तक कराया जाएगा।

उक्त आदेश के आलोक में पलामू जिला के प्रभावित बल के वैसे गृह रक्षक जो बैडमिंटन, एथलेटिक, दौड़, क्रॉस कंट्री दौड़, उँची कूद, लम्बी कूद, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, गोला फेक, फुटबॉल, कबड्डी, खोखो, बॉलीबॉल, रस्सा कस्सी खेल में रूची रखते हों व भाग लेना चाहते हैं को सूचित किया जाता है कि दिनांक– 25.01.2024 तक अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में आकर अपना–अपना नाम दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

ह0/–
जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू।

PR.NO.316708 Police(23-24):D

## कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।
पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड), पिन– 825401

### आवश्यक सूचना–II

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल 36 होल्डिंग धारियों द्वारा बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नही किया गया है। वैसे होल्डिंगधारी सात (07) दिनों के अन्दर नगर परिषद्, चतरा के जन सुविधा केन्द्र में आकर अपना होल्डिंग टैक्स का भुगतान कर दें, अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के धारा–184 के क्रम संख्या–16.1 के तहत आपके बैंक खाता को फ्रिज करने की कार्रवाई की जायेगी। बकायादार होल्डिंग धारकों की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| S. No. | Ward No. | Holding No. | Owner Name | Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 0010000484000A1 | ANAND KUMAR MATHUR | 538920 |
| 2 | 1 | 0010000432000M0 | LAXMAN LAL GUPTA | 50553 |
| 3 | 1 | 0010000506000M0 | VISHUN KUMHAR | 35105 |
| 4 | 2 | 0020000454000M0 | YASHODA DEVI | 34411 |
| 5 | 2 | 0020000161000F2 | RAJNI KANT SINHA | 22929 |
| 6 | 3 | 0030000234000A4 | SHOBHA JAISWAL | 52066 |
| 7 | 3 | 0030000058000A3 | RAGINI GUPTA | 27960 |
| 8 | 3 | 0030000296000M0 | MOHIUDDIN AND OTHERS | 21579 |
| 9 | 4 | 0040000546000M0 | MEHRUN MASOMAT | 31336 |
| 10 | 5 | 0050000250000X1 | VINAY KUMAR VERMA, SANJAY KUMAR VERMA, SANTOSH KUMAR VERMA, VIKASH KUMAR VERMA, ARVIND KUMAR VERMA | 109075 |
| 11 | 6 | 0060000260000C1 | MD WAHAJUL HAQUE | 52323 |
| 12 | 6 | 0060000122000X1 | MD MISHABAHUL HAQUE | 20164 |
| 13 | 7 | 0070000151000D1 | JAGTENDRA PRASAD JAISWAL H.U.F | 83662 |
| 14 | 7 | 0070000150000D1 | JAGTENDRA PRASAD JAISWAL H.U.F | 72289 |
| 15 | 7 | 0070000119000X3 | RAJESH KUMAR JAISWAL & OTHERS | 58638 |
| 16 | 7 | 0070000187000A3 | MD GULAM SARWAR | 37206 |
| 17 | 8 | 0080000282000M0 | LT. BANARASI PANDA | 23396 |
| 18 | 12 | 0120000389000M0 | KISHUN SINGH OTHERS | 67155 |
| 19 | 12 | 0120000387000M0 | MULCHAND SAW | 112235 |
| 20 | 12 | 0120000410000M0 | PACHO DEVI & DROUPADI DEVI | 58889 |
| 21 | 12 | 0120000360000A1 | MOHAMMAD FAKHAR ALAM | 23979 |
| 22 | 15 | 0150000493000M0 | FULIYA KUMHAIN | 30033 |
| 23 | 15 | 0150000489000M0 | MASOMAT SITWA | 25640 |
| 24 | 17 | 0170000367000X4 | SHIV DEVI | 46557 |
| 25 | 17 | 0170000252000X1 | PURUSHOTTAM LAL AGRAWAL, PRAMOD KUMAR AGRAWAL & BROTHERS | 26463 |
| 26 | 18 | 0180000178000D1 | PRAYAG SAW,PARMESHWAR SAHU,SHAMBHU PRASAD,SHIV SAHU | 40340 |
| 27 | 18 | 0180000010000X4 | RAJIV JAIN & OTHERS | 39249 |
| 28 | 19 | 0190000118000X1 | PRADIP KUMAR | 314040 |
| 29 | 19 | 0190000433000X4 | GOPAL RAM | 89423 |
| 30 | 19 | 0190000412000X1 | SRI RAJENDRA PRASAD KESHRI | 41374 |
| 31 | 19 | 0190000361000M0 | SAIBAL KUMAR DATTA | 29742 |
| 32 | 19 | 0190000291000A4 | MANOJ KUMAR AND OTHERS | 25165 |
| 33 | 19 | 0190000370000X1 | SRIMATI. LALITA DEVI | 14283 |
| 34 | 20 | 0200000538000M0 | AJAY KUMAR AGRAWAL | 53463 |
| 35 | 20 | 0200000767000I1 | VIKASH BHAWAN D R D A PRASHIKSHAN BHAWAN | 41628 |
| 36 | 21 | 0210000326000X1 | JILA PARISHAD KARYALAY CHATRA | 501619 |

PR 316614 (Urban Development) 23-24 (D)

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा।

## Government of Jharkhand
## Urban Development & Housing Department
## Medininagar Municipal Corporation

### e-Procurment Tender Notice

| S.l. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC /38/2023-24 | Rejuvenation of Guryahi Talab Under Medininagar Municipal corporation. | 2,12,75,205/- | 4,25,600/- | 10,000/- | 12 माह |
| 2 | UDHD/MMC /39/2023-24 | Rejuvenation of Kishun Saw Talab Under Medininagar Municipal corporation. | 97,18,330/- | 1,94,400/- | 10,000/- | 12 माह |
| 3 | UDHD/MMC /40/2023-24 | Rejuvenation of Badka Talab Under Medininagar Municipal corporation. | 1,91,90,608/- | 3,83,900/- | 10,000/- | 12 माह |
| 4 | UDHD/MMC /41/2023-24 | Rejuvenation of Surya Mandir Talab Under Medininagar Municipal corporation. | 2,22,02,851/- | 4,44,100/- | 10,000/- | 12 माह |
| 5 | UDHD/MMC /42/2023-24 | Rejuvenation of Sahid Bhagat Singh Talab Under Medininagar Municipal corporation. | 1,10,47,830/- | 2,21,000/- | 10,000/- | 12 माह |
| 6 | UDHD/MMC /43/2023-24 | Rejuvenation of Samdhah Aahar Talab Under Medininagar Municipal corporation. | 1,58,46,002/- | 3,17,000/- | 10,000/- | 12 माह |
| 7 | UDHD/MMC /44/2023-24 | Construction of (i) Drain From Paver block raod to Ram Chandra Yadav house (ii) PCC Road from Paver Block road to near crown plaza hotal via Ramchandra yadav house (part) (iii) PCC road from Farais gupta house to Main road (iv) PCC Road from Nahar to Rekha Devi House, Under Medininagar Municipal corporation. | 24,98,920/- | 50,000/- | 5,000/- | 04 माह |

**Part – B**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 19.01.2024 At 10:00 AM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 25/01/2024 AT 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 25/01/2024 AT 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 12/02/2024 AT 02:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 13/02/2024 AT 04 :00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in & office Notice Board in Medininagar Municipal Corporation.

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 316618 District(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला
Email-eedwsd.gumla@gmail.com

### अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना

निविदा सूचना संख्या : 15 — दिनांक –: 19.01.2024

1. Name of Work:- Construction of 125 x 115 mm dia and 70m/90m/120m mtrs. deep drilled Tube-Well with installation of India Mark II (IS 15500 part - 2/2004) hand pump, 32 mm dia G.I. medium class Riser Pipe by Truck Mounted D.T.H Rig machine/ D.T.H. Rig Machine with 125 mm dia blue casing UPVC Pipe with drain, Platform etc. on "Turn Key Basis" in different rural habitations of Gumla District under D. W. & S. Division, Gumla for the Year 2023-24.

| ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड न0 की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| GML/DT/70M – Gr.01 | 90 | 80,25,966.00 | 1,60,600.00 | 10,000.00 | 165 Days |
| GML/DT/70M – Gr.02 | 90 | 80,25,966.00 | 1,60,600.00 | 10,000.00 | 165 Days |
| GML/DT/70M – Gr.03 | 90 | 80,25,966.00 | 1,60,600.00 | 10,000.00 | 165 Days |
| GML/DT/70M – Gr.04 | 90 | 80,25,966.00 | 1,60,600.00 | 10,000.00 | 165 Days |
| GML/DT/70M – Gr.05 | 90 | 80,25,966.00 | 1,60,600.00 | 10,000.00 | 165 Days |
| GML/DT/70M – Gr.06 | 90 | 80,25,966.00 | 1,60,600.00 | 10,000.00 | 165 Days |
| GML/DT/70M – Gr.07 | 95 | 84,71,853.00 | 1,69,500.00 | 10,000.00 | 175 Days |
| GML/DDT/90M – Gr.04 | 80 | 80,94,878.00 | 1,61,900.00 | 10,000.00 | 145 Days |
| GML/DDT/90M – Gr.05 | 80 | 80,94,878.00 | 1,61,900.00 | 10,000.00 | 145 Days |
| GML/DDT/90M – Gr.06 | 80 | 80,94,878.00 | 1,61,900.00 | 10,000.00 | 145 Days |
| GML/EDDT/120M – Gr.01 | 65 | 84,46,756.00 | 1,69,000.00 | 10,000.00 | 120 Days |
| GML/EDDT/120M – Gr.02 | 65 | 84,46,756.00 | 1,69,000.00 | 10,000.00 | 120 Days |
| GML/EDDT/120M – Gr.03 | 65 | 84,46,756.00 | 1,69,000.00 | 10,000.00 | 120 Days |
| GML/EDDT/120M – Gr.04 | 65 | 84,46,756.00 | 1,69,000.00 | 10,000.00 | 120 Days |
| GML/EDDT/120M – Gr.05 | 65 | 84,46,756.00 | 1,69,000.00 | 10,000.00 | 120 Days |

2. Name of Work:- Construction of 300 x 115 mm dia and 60m deep (Av.) Gravel Packed drilled Tube-Well with installation of India Mark II (IS 15500 part - 2/2004) hand pump, 32 mm dia G.I. medium class Riser Pipe by Truck Mounted Mechanical/ Hydraulic Reverse Rotary with mud pump Rig machine with 125 mm dia blue casing UPVC Pipe with drain, Platform etc. on "Turn Key Basis" in different rural habitations of Gumla District under D. W. & S. Division, Gumla for the Year 2023-24.

| ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड न0 की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| GML/GPT/60M – Gr.01 | 50 | 73,63,989.00 | 1,47,300.00 | 10,000.00 | 90 Days |
| GML/GPT/60M – Gr.02 | 50 | 73,63,989.00 | 1,47,300.00 | 10,000.00 | 90 Days |
| GML/GPT/60M – Gr.03 | 50 | 73,63,989.00 | 1,47,300.00 | 10,000.00 | 90 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 22.01.2024 समय 02.00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 05.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 05.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 06.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम ;- | ई0 मंतोष कुमार मणि, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 7488491963 |
| 10 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 7488491963 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला

PR 316621 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

## कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)।
Email:- nphussainabad@gmail.com

पत्रांक———————/न0प0 दिंनाक———————

### अतिअल्पकालिन दर आमंत्रण सूचना
### इच्छा की अभिव्यक्ति सं0 02/2023–24 (2nd Call)

हुसैनाबाद नगर पंचायत हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने से संबंधित इच्छुक C.A/FIRM/सेवा प्रदाता संस्था से दर आमंत्रित की जाती है। निकाय में होने वाले आर्थिक गतिविधियों के साथ वित्तीय सुझाव एवं समय–समय पर विभाग से प्राप्त निर्देश के आलोक में वित्तीय सहायता प्रदान करने के साथ वित्तीय प्रतिवेदन तैयार करना होगा, जो निम्नवत् हो सकते हैं:–

1- PF & ESIC से संबंधित सहायता प्रदान करना।
2- Income Tax Return/ GST File करना।
3. वार्षिक वित्तीय प्रतिवेदन तैयार करना।
4. वित्त से संबंधित अन्य कार्य।

इच्छुक सेवा प्रदाता/फर्म/C.A. जो उपरोक्त कार्य करने के इच्छुक हों, वे अपना दर आमंत्रण दिनांक– 30.01.2024 को अपराहन दो बजे तक बंद लिफाफे में अपना दर हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं। उसी दिन अपराहन 3:00 बजे निकाय की निविदा निस्तारण समिति के समक्ष प्रतिभागियों की उपस्थिति में दर आमंत्रण खोली जायेगी। अतिअल्पकालिन दर आमंत्रण सूचना हेतु भाग लेने वाले इच्छुक सेवा प्रदाता/फर्म/C.A. को निम्नलिखित अहर्ता रखनी होगी:–

1. वैसे फर्म/C.A जो झारखण्ड सरकार के साथ कार्य कर रहे हों को प्राथमिक्ता दी जायेगी।
2. अंकेक्षित बैलेंस शीट एवं अद्यतन Income tax return & GSTR-3B होना अनिवार्य होगा।

– विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस को मोबाईल सं0 9835206770 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 316611 (District) 23-24 (D)

## कार्यालय नगर परिषद्, चतरा
पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401

### आम सूचना–II

एतद द्वारा नगर परिषद्, चतरा क्षेत्रान्तर्गत धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल आदि प्रतिष्ठान के संचालकों को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त प्रतिष्ठानों को झारखण्ड शहरी क्षेत्र "धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल निर्माण और अनुज्ञप्ति नियमावली, 2013" के तहत उक्त प्रतिष्ठान का निर्माण/संचालन हेतु नगर परिषद्, चतरा से अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य है।

संचालन करने हेतु अनुज्ञप्ति एवं नवीकरण का वार्षिक शुल्क दर निम्नवत् है:–

| क्र0 | भवन का प्रकार | निर्मित क्षेत्र (Built up Area) | अनुज्ञप्ति का न्यूनतम वार्षिक शुल्क(रू0 में) नगर परिषद |
|---|---|---|---|
| 1 | धर्मषाला | 5000 वर्गफीट तक | 1000.00 |
| | | 5001 वर्ग फीट से ऊपर | 1250.00 |
| 2 | विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall) | 5000 वर्गफीट तक | 9375.00 |
| | | 5001 वर्ग फीट से ऊपर | 12500.00 |
| 3 | लॉज | 1–10 बेड | 1000.00 |
| | | 11–20 बेड | 1500.00 |
| | | 21–50 बेड | 1875.00 |
| | | 50 से अधिक बेड | 2500.00 |
| 4 | हॉस्टल | 1–10 बेड | 750.00 |
| | | 11–20 बेड | 1000.00 |
| | | 21–50 बेड | 1250.00 |
| | | 50 से अधिक बेड | 1875.00 |

नोटः– उपरोक्त दर अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए भी वार्षिक रूप से देय होगा।

अतः सभी धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल आदि प्रतिष्ठान के संचालकों को आदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन से 15 दिनों के अन्दर अनुज्ञप्ति हेतु कार्यालय में आवेदन जमा करना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित अवधि तक अनुज्ञप्ति नही पाये जाने पर निम्न दण्ड शूल्क के साथ अनुज्ञप्ति की जायेगी:–

(क) एक माह विलम्ब होने के पर– दण्ड शुल्क रू0 500/–(पाँच सौ रूपये)
(ख) प्रत्येक तीन माह के विलम्ब होने पर– दण्ड शुल्क रू0 2,000/–(दो हजार रूपये)
(ग) अनुज्ञप्ति अवधि समाप्त होने के एक वर्ष तक अनुज्ञप्ति का नवीकरण नहीं कराये जाने पर अनुज्ञप्ति स्वतः प्रभाव से रद्द समझा जायेगा एवं उसके संचालन को पूर्णताः बंद करा दिया जायेगा।

इस नियमावली के प्रवृत होने की तिथि से 03 (तीन) माह के अन्दर अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं करने पर, ऐसे सभी धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल को अनाधिकृत घोषित कर उसके संचालन को पूर्णतः बन्द कराने की कार्रवाई की जा सकेगी। धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल संचालन पर रोक के लिए मुख्य पदाधिकारी/नगर आयुक्त/कार्यपालक पदाधिकारी/विशेष पदाधिकारी/सक्षम पदाधिकारी होंगे।

अनुज्ञप्ति पदाधिकारी स्वप्रेरण से या शिकायत प्राप्त होने पर स्वयं अथवा किसी पदाधिकारी के द्वारा धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल का निरीक्षण कर या करा सकेगा। निरीक्षण के क्रम में जिन मानकों पर अनुज्ञप्ति दिया गया है, उसके प्रतिकूल पाये जाने पर अनुज्ञप्ति पदाधिकारी द्वारा अनुज्ञप्ति को रद्द करते हुए संचालन को बन्द करने की कार्रवाई की जा सकेगी, परन्तु ऐसे कार्रवाई के पूर्व अनुज्ञप्तिधारी को अपना पक्ष रखने एवं सुधार लाने का अवसर प्रदान किया जायेगा।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा

PR 316616 (Urban Development)23-24*D

## Government of Jharkhand
## Urban Development & Housing Department
## Medininagar Municipal Corporation

### e-Procurment Tender Notice

| S.l. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/46/2 023-24 | Detailed Estimate for Construction of RCC drain from subhash chowk to Santosh Ram house via nigam toilet via both side of palamu club road and 1 no. Culvert, Under Medininagar Municipal Corporation. | 20,79,990/- | 41,600/- | 5,000/- | 3 माह |
| 2 | UDHD/MMC/47/2 023-24 | Construction of PCC Road from Satish Mehta house to existing PCC road near shiv madap via dinesh ram house via Prema Kumari house via babban pal house in ward no. 02 Koyal Nagar, Under Medininagar Municipal Corporation. | 11,23,650/- | 22,500/- | 5,000/- | 3 माह |
| 3 | UDHD/MMC/48/2 023-24 | Detailed Estimate for Construction of RCC drain from Jailhata chowk to culvert near Dr. Shail Sinha via nandu Prasad house, Slab over drain near culvert near dr shail sinha, slab from jailhata chowk to dental house, RCC drain from SDO Office to Shukla sadan via, Uma Photostate shop in ward no. 24, Under Medininagar Municipal Corporation. | 19,86,050/- | 39,800/- | 5,000/- | 3 माह |
| 4 | UDHD/MMC/49/2 023-24 | Detailed Estimate for Construction of RCC drain from Ashu press to old culvert near Koyal river front via Community toilet and culvert near community toilet, Under Medininagar Municipal Corporation. | 13,61,100/- | 27,300/- | 5,000/- | 3 माह |
| 5 | UDHD/MMC/50/2 023-24 | Detailed Estimate for Repair of Drain and covering with Slab from BSNL office to Nehru yuva Kendra, bhishma narayan charitable trust to nirmal hospital, police line stadium gata 1 to last gate, Sanskrit university to vijay medical store, Under Medininagar Municipal Corporation. | 24,56,700/- | 49,200/- | 5,000/- | 3 माह |
| 6 | UDHD/MMC/51/2 023-24 | Detailed Estimate for Construction of (i) RCC drain from Jawahar navodaya school to Vijay house (ii) Laying of Paver block from subhash chowk to palamu club road and ACB ground (iii) hume pipe near ACB office, Under Medininagar Municipal Corporation. | 16,69,250/- | 33,400/- | 5,000/- | 3 माह |
| 7 | UDHD/MMC/52/2 023-24 | Construction of PCC Road from Vimlesh singh house to Girendra dubey house in ward no. 03 Under Medininagar Municipal Corporation. | 4,03,140/- | 8,063/- | 1,000/- | 2 माह |
| 8 | UDHD/MMC/53/2 023 | Detailed Estimate for (i) Construction of Drain from Mahendra saw house to main road drain via Sanjay Jaiswal house (ii) Laying of Paver Block from daltonganj shahpur main road to bazaar mohalla pcc raod via Amrendra kumar house in ward no. 32 Under Medininagar Municipal Corporation. | 4,67,950/- | 9,359/- | 1,000/- | 2 माह |
| 9 | UDHD/MMC/54/2 023 | Detailed Estimate for Construction of RCC drain from Kutchery campus to main road via SBI bank and paver block in Kutchery campus in ward no. 24 Under Medininagar Municipal Corporation. | 8,06,151/- | 16,123/- | 5,000/- | 2 माह |
| 10 | UDHD/MMC/55/2 023 | Construction of PCC road and drain from Vinod Upendhyay house to Vimlesh dubey house in Panchvati nagar in ward no. 02 Under Medininagar Municipal Corporation. | 5,22,260/- | 10,445/- | 5,000/- | 2 माह |
| 11 | UDHD/MMC/56/2 023 | Detailed Estimate for Laying of Paver Block from Sachchidanand Pandey house to vidhyashankar paswan house via prem dubey house via ajit singh house in ward no. 17 Under Medininagar Municipal Corporation. | 6,38,900/- | 12,778/- | 5,000/- | 2 माह |
| 12 | UDHD/MMC/57/2 023 | Detailed Estimate for Construction of Culvert in Sudama Chowk (Near Arun Dubey house), PCC road and Drain from Sudama Chowk to Arun Dubey house Under Medininagar Municipal Corporation. | 9,99,820/- | 19,996/- | 5,000/- | 2 माह |
| 13 | UDHD/MMC/58/2 023 | BOQ for Construction of Box Culvert at tila near moharram mahboob khansama house, kund mohalla in ward no. 26 and Slab over existing drain in jivan jyoti lane bypass road in ward no. 08, Under Medininagar Municipal Corporation. | 2,93,129/- | 5,863/- | 1,000/- | 2 माह |
| 14 | UDHD/MMC/59/2 023 | Detailed Estimate for Construction of RCC Drain and PCC from Paras Ram house to manoj saw house in ward no. 21, Under Medininagar Municipal Corporation. | 3,62,780/- | 7,256/- | 1,000/- | 2 माह |
| 15 | UDHD/MMC/60/2 023 | Detailed Estimate for Laying of Paver Block from Vimlesh Vishwakarma to sanjeev dubey house via asha devi house in ward no. 08, Under Medininagar Municipal Corporation. | 2,50,240/- | 5,005/- | 1,000/- | 2 माह |
| 16 | UDHD/MMC/61/2 023 | Construction of RCC drain Near Abhishek Kumar house and PCC road from abhishek kumar house to main road and RCC culvert in ward no. 19, Under Medininagar Municipal Corporation. | 6,28,050/- | 12,561/- | 5,000/- | 2 माह |
| 17 | UDHD/MMC/62/2 023 | Detailed Estimate for Construction of RCC drain from Shiv ram house to MD ayub Khalifa house and from Hardewan manjhi house to sanjay house in ward no. 26, Under Medininagar Municipal Corporation. | 5,33,280/- | 10,666/- | 5,000/- | 2 माह |

**Part – B**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 19.01.2024 At 10:00 AM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 25/01/2024 AT 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 25/01/2024 AT 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 12/02/2024 AT 02:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 13/02/2024 AT 04 :00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders .gov.in & office Notice Board in Medininagar Municipal Corporation.

PR.NO.316617 District(23-24):D — ह0/– नगर आयुक्त –सह– प्रशासक मेदिनीनगर नगर निगम

## आज कल

# मोदी भारत के सांस्कृतिक इतिहास के महानायक

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी और अयोध्या सारी दुनिया में चर्चा का विषय हैं। मोदी जी विश्व राजनीति के सम्मानित चेहरे हैं। वे भारत के लोगों के मन के महानायक हैं। प्रधानमंत्री आध्यात्मिक अनुष्ठान पर हैं। सारा देश उनकी ओर टकटकी लगाये देख रहा है। उधर अयोध्या में दिक्काल का अतिक्रमण हो रहा है। मोदी जी चमत्कृत करते हैं। विश्व इतिहास में उनके जैसा लोकप्रिय कोई राजप्रमुख नहीं दिखाई पड़ता। दुनिया के किसी भी राजप्रमुख के नाम की ऐसी चर्चा कभी नहीं हुई जैसी मोदी की हो रही है। अयोध्या में दिव्य और भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर सारी दुनिया के हिन्दुओं का सपना रहा है। मोदी इस सपने से अयोध्या आन्दोलन के समय से जुड़े हुए हैं। उनके राजनैतिक विरोधी भी हतप्रभ हैं। मोदी भारत के सांस्कृतिक इतिहास के महानायक हैं। नया इतिहास बन रहा है। अयोध्या ने इतिहास के अनेक प्रिय व अप्रिय प्रसंगों को देखा है। सरयू भूमि इसकी साक्षी है। अयोध्या ने वैदिक काल से लेकर अब तक इतिहास बनते देखा है। अयोध्या सभी घटनाओं की द्रष्टा है और दृष्टि भी है। यही अयोध्या विश्व आकर्षण हैं। वह तथ्य हैं और कथ्य भी हैं। राम लम्बे समय तक चित्रकूट में रहे। चित्रकूट भी प्रत्यक्ष है और दण्डकारण्य भी। सरयू, मन्दाकिनी और गंगा ने श्रीराम को निकट से देखा है। अयोध्या का नया इतिहास नृत्य मगन है। सब तरफ अयोध्या ही अयोध्या की चर्चा है। जो अयोध्या से बहुत दूर दक्षिण या उत्तर में बैठे हैं उनके अंतर्मन में भी अयोध्या है। अयोध्या सामने है। यही दाएं है। यही बाएं है। अयोध्या सम्प्रति मनमोहनी हो गई है। भारत के अंतस का छंदस बन गई है। वे वैदिक मंत्रों की ऋचा जैसी हैं। ऋचाएं परम व्योम से धरती पर उतरती हैं। ऋग्वेद के ऋषि ने बताया है कि ऋचाएं परम व्योम में रहती हैं और धरती पर जाग्रत बोध वाले मनुष्यों के हृदय में उतरती हैं। अयोध्या भारत के मन का नया उत्सव और उल्लास बन गई हैं। अयोध्या दिव्य हैं। भव्य हैं। महाकवि तुलसीदास ने 500 वर्ष पहले अयोध्या के गीत गाये थे, ''अवधपुरी अति रुचिर बनाई। देवन्ह सुमन वृष्टि झरि लाई।'' अयोध्या को निकट से देखने के लिए आकाश और नक्षत्र भी धरती पर उतर आये हैं। आकाश का शब्द गुण अयोध्या में उतर आया है। तुलसीदास श्रीराम के राज्यारोहण की चर्चा करते हैं, ''राम राज्य बैठे त्रैलोका। हर्षित भये मिटे सब शोका।'' तुलसी कहते हैं, ''नभ दुंदुभीं बाजहिं बिपुल गंधर्ब किंनर गावहीं। नाचहिं अपछरा बृंद परमानंद सुर मुनि पावहीं।'' सम्प्रति अयोध्या सबको खींच रही है। काव्य, गीत संगीत बन गई है अयोध्या। अयोध्या हजारों वर्ष प्राचीन वैदिककाल में भी प्रतिष्ठित नगरी रही है। ऋग्वेद में वैदिक काल के राजा इक्ष्वाकु का उल्लेख है। उन्होंने अयोध्या में स्वतंत्र राज्य की स्थापना की। पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार इनकी 19वीं पीढ़ी के बाद मानधाता राजा हुए। उन्होंने अनेक राज्य जीते। मानधाता के बाद उनके पुत्र पुरुकुत्स अयोध्या के राजा हुआ। उसके 2 पीढ़ी बाद त्रसदस्यु राजा हुए। पुरुकुत्स के 11 पीढ़ी बाद राजा हरिश्चन्द्र अयोध्या के राजा बने। इक्ष्वाकु वंश की 31वीं पीढ़ी में राजा सगर और 45वीं में भगीरथ। फिर अम्बरीश। 60वीं पीढ़ी में दिलीप। दिलीप का पौत्र रघु। कालिदास ने रघुवंश में इनकी चर्चा की। फिर रघु के पुत्र अज। अज के पुत्र दशरथ। श्रीराम इक्ष्वाकु वंश की 65वीं पीढ़ी में हुए थे। श्रीराम विश्व प्रतिष्ठ महानायक हुए। यूनान के कवि होमर प्रतिष्ठित कवि गिने जाते हैं। उनकी रचनाएं खूब पढ़ी जाती हैं। वे अपने समय की सभ्यता और संस्कृति के प्रतिनिधि कहे जाते हैं। उन्होंने इलियड और ओडिसी नाम के दो महाकाव्यों की रचना की थी। उनका कार्यकाल ईसा से 1000 वर्ष पूर्व था। यूनानी इतिहास का एक कालखण्ड होमर युग कहा जाता है। जैसे रामायण में श्रीराम के पात्र से हिन्दू प्रेरणा लेते हैं वैसे ही ओडिसी के वीर एकलिस की गाथा से यूनानी प्रसन्न होते हैं। लेकिन श्रीराम ''अखिल लोकदायक विश्रामा'' हुए। वे इतिहास के अंक में नहीं समाये। इतिहास का पात्र छोटा पड़ गया और श्रीराम विराट पुरुष। अयोध्या और श्रीराम इतिहास के साथ संस्कृति और दर्शन के भी प्रतीक हैं। भारत के प्राचीन इतिहास में अनेक प्रतिष्ठित राजा हुए हैं।

■ हृदयनारायण दीक्षित

# प्रभु श्रीराम ने जब मुझे अयोध्या बुलाया...


डॉ. राजीव बिन्दल

**जय** श्रीराम के उद्घोष से पूरा देश गुंजायमान था। हर समय कानों में ध्वनि सुनाई देती थी- राम लला जब आयेंगे, मंदिर वहीं बनायेंगे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मार्गदर्शन और विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में देशव्यापी आंदोलन चल रहा था। शिला पूजन, शिला यात्राओं के कार्यक्रम हो चुके थे और अब कारसेवकों के जाने का समय आ गया। देश भर से कारसेवकों के जत्थे निकलने लगे थे। मेरे बड़े भाई डॉ. राम कुमार बिंदल विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश पदाधिकारी एवं राम जन्म भूमि आंदोलन के अग्रणी नेताओं में से एक थे। एक बहुत विशाल जत्था लेकर वह सोलन से पहले चरण में निकल गये और उनके मार्गदर्शन में पीछे से और जत्थे निकलने लगे। मैं हिमगिरी कल्याण आश्रम सोलन का सेवा कार्य देखता था। साथ ही अपना क्लीनिक भी चलाता था। श्रीराम जी का आदेश हुआ, फिर क्या था। 32 रामभक्तों का जत्था बनाया, पिट्ठू पीठ पर लादकर बढ़ चले प्रभु श्रीराम के चरणों में शीश नवाने। सोलन और राजगढ़ से अयोध्या जाने के लिए 32 लोग तैयार हुए। शिमला-कालका राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर धर्मपुर के पास पुराने शिव मंदिर के पास सभी एकत्रित हुए, जहां



पर पूरा प्रशिक्षण लिया गया। डॉ. राम कुमार बिंदल, जो यात्रा के लिए पहले ही निकल चुके थे, उनके द्वारा बहुत सी महत्वपूर्ण जानकारियां हमें भेजी गई थीं। तदानुसार 32 कारसेवकों का ग्रुप लीडर मुझे बनाया गया व चंद्र मोहन ठाकुर राजगढ़ वालों को सह-लीडर नियुक्त किया गया। हमने 16-16 कारसेवकों की जिम्मेवारी ले ली व पुनः उन्हें 4-4 के 8 ग्रुपों में विभाजित कर दिया। यह संकल्प लिया कि अयोध्या पहुंचना है। यदि पुलिस किसी को पकड़े तो चार का ग्रुप एक साथ जायेगा, शेष अपने को बचा कर रखेंगे। हम 30 लोग प्रभु श्री राम की कृपा से ट्रेनें बदलते हुए लखनऊ तक निर्बाध पहुंच गये। हम स्टेशन पर उतरें तो उतरें कैसे, चप्पे-चप्पे पर पुलिस थी। सब ओर कर्फ्यू लगा हुआ था। हम हिमाचल प्रदेश के लोग पिट्ठी और थैलों के साथ अलग ही पहचाने जा रहे थे। पूरी योजना से चार-चार का ग्रुप पुलिस की निगाहों से बचते-बचते स्टेशन के बाहर निकला, क्योंकि लखनऊ से अयोध्या की ओर जाने वाली सभी ट्रेनें बंद कर दी गई थीं। बाहर निकलते ही अहसास हुआ कि कोई बस गाड़ी नहीं है, कर्फ्यू है। छोटा सा जय श्रीराम का उद्घोष किया। इसके बाद हम एक राम भक्त के सहयोग से एक मंदिर में पहुंचे। मंदिर में 500 से अधिक कारसेवक ठहरे थे। यहां पता

> राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मार्गदर्शन और विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में देशव्यापी आंदोलन चल रहा था। शिला पूजन, शिला यात्राओं के कार्यक्रम हो चुके थे और अब कारसेवकों के जाने का समय आ गया। देश भर से कारसेवकों के जत्थे निकलने लगे थे। मेरे बड़े भाई डॉ. राम कुमार बिंदल विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश पदाधिकारी एवं राम जन्म भूमि आंदोलन के अग्रणी नेताओं में से एक थे। एक बहुत विशाल जत्था लेकर वह सोलन से पहले चरण में निकल गये और उनके मार्गदर्शन में पीछे से और जत्थे निकलने लगे। मैं हिमगिरी कल्याण आश्रम सोलन का सेवा कार्य देखता था। साथ ही अपना क्लीनिक भी चलाता था। श्रीराम जी का आदेश हुआ, फिर क्या था।

लगा कि मुलायम सिंह ने पूरी व्यवस्था की है कि परिंदा भी पर न मार सके। लाखों कारसेवकों को सरयू नदी के उस पार रोके रखा गया था। एक संत ने बताया कि यहां से पैदल 200 किलोमीटर से ज्यादा चलना होगा, तभी पहुंच पायेंगे। फिर क्या था, जय श्रीराम का उद्घोष हुआ। पुनः 4-4 के ग्रुप बनाये व 16-16 के 5 ग्रुप बनाये गये और उस संत के पीछे पैदल चल पड़े। 7-8 घंटा निरंतर चलने के बाद कुछ कारसेवकों की हिम्मत जैसे टूटने लगी थी। पैरों में छाले पड़ने लगे, परंतु श्रीराम के नाम की महिमा अपरम्पार थी। तभी एक ट्रेन की आवाज आई, यह मालगाड़ी थी। हम ड्राइवर की मर्जी के खिलाफ डिब्बों पर चढ़ गये। किन्तु ट्रेन ने हमें आगे जंगल में किसी अनजान जगह पर उतार दिया। इसके बाद अनेक दुश्वारियों का सामना करते हुए हम अयोध्या पहुंच पाये थे। हजारों कारसेवक नाके तोड़कर परिसर में दाखिल हो गये। चंद कारसेवक गुंबद पर चढ़ गये व भगवा लहरा दिया। देखते ही देखते पैरा मिलिट्री ने उन्हें ढेर कर दिया। 30 नवम्बर की घटना के बाद एक दिसम्बर को पुनः दो लाख कारसेवक बड़ी छावनी में एकत्र हो गये, हम भी उनमें शामिल थे और दोबारा बाबरी ढांचा तोड़ने के लिए कूच करने का निर्णय हुआ। चार जत्थे 50-50 हजार कारसेवकों के बनाये गये। चारों तरफ से मार्च शुरू हुआ। अभी 500 मीटर दूर ही निकले थे कि मिलिट्री, पैरा मिलिट्री व पुलिस ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। रामभक्तों पर गोलियां बरसी, आंसू गैस, लाठियों का कोई अंत नहीं था। कितने बलिदान हुए, इसका हिसाब आज तक नहीं लगा। उन गोलियों की बौछारों में मैं बच गया और पुलिस ने सामान की तरह उठा कर मुझे ट्रक में फेंक दिया, जिस कारण आज मैं जीवित हूं। बाद में हम लोगों को जेल की बैरक में भेज दिया गया। कोई एफआईआर नहीं, कोई मुकदमा नहीं। बस मुलायम सिंह की तानाशाही थी। राम जन्म भूमि का आंदोलन शांत हो चला। लाखों लोग जो पूरे उत्तर प्रदेश की जेलों में थे, उन्हें छोड़ दिया गया। हम भी इंतजार करने लगे कि हमें कब छोड़ा जायेगा। सोलन के हमारे साथी कारसेवक सोलन पहुंच गये थे। हमारा पिट्ठू भी घर पहुंच गया था। परिवार-दोस्त-साथी सभी परेशान थे हमारी तलाश में। एक माह बीत गया, फैजाबाद जेल में अब तो दाढ़ी-मूंछ व सिर के बाल सब बेतरतीब हो चले थे। इसी बीच हमें जेल से रिहा कर दिया गया। घर पहुंचने के लिए कोई साधन नहीं था, कोई धन नहीं था। हमारी बाजू पर एक मुहर लगा दी गई और कहा गया कि जिस ट्रेन में आप जायेंगे, मात्र मुहर दिखाने से आपको जाने दिया जायेगा।

## निर्गुण ब्रह्म की सगुण अभिव्यक्ति

# अवध में श्रीराम विराजें-14


डॉ. मयंक मुरारी
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक

राम परम आत्मा है और विश्व की समस्त चेतना के मूल स्त्रोत है। उनको ही जड़ चेतन और जग तथा जीवन मानो। यह समूची सृष्टि ही राममय है। यह अगुण और सगुण उसी परमात्मा के दो स्वरूपा है, जो अथाह, अनिर्वाचनीय एवं अनंत है। मानस में सियाराम के लिए कहा गया है कि उभय बीच सिया सोहति कैसे। ब्रह्म जीव बीच माया जैसे। इस सगुण और निर्गुण में कोई भेद नहीं। जब भक्ति के साथ प्रेम का प्रकटीकरण करना होता है, ताब निराकार स्वरूप की अभिव्यक्ति सगुण और साकार रूप में होता है। निराकार कोई नकारात्तक शब्द नहीं है। इससे ही आकार या साकार की उत्पति होती है। जब व्यक्ति ज्ञान की आंखों से जगत की समस्त चेतना को देखता है तो निर्गुण और निराकार दिखता है। और वही माया के कारण सगुण हो जाता है। यह ईश्वरीय अभिव्यक्ति की संसार में लीला है, जिसमें माया का खेला होता है, परंतु दोनों में कोई भेद नहीं हैं। स्टीफन हॉकिंग एक महान वैज्ञानिक थे। उनसे सवाल किया गया था कि क्या ईश्वर है ? उनका कहना था कि आस्था और विश्वास संप्रदाय का मौलिक स्तंभ है, जबकि विज्ञान में इसका कोई जगह नहीं है। आगे वह कहते हैं कि सृष्टि का उद्भव स्वयंमेव वैज्ञानिक नियमों के अनुकूल शून्य से हुआ। ये नियम ईश्वरप्रदत्त हो या न हों, लेकिन कोई इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। उनका कहना था कि इस सृष्टि को गतिशील रखने के लिए तीन घटकों की जरूरत है। पहला पदार्थ है जिसमें द्रव्यमान होता है। यह ठोस, द्रव और गैस रूप में अनंत आकाश में तारे, पृथ्वी, नक्षत्र, जल और पहाड़ के रूप में है। दूसरा अनंत दूरियां, जहां इसका विस्तार होता चला जाए। और तीसरी चीज है ऊर्जा जो इन प्रक्रिया में प्रयुक्त हो। आइंस्टीन ने अपने ई बराबर एमसी एस्क्वायर में बताया कि दो ही घटक चाहिए। एक अनंत विस्तार यानी दूरी या जगह और दूसरी ऊर्जा। वैज्ञानिक कहते है कि बिग-बैंग के साथ काल यानी टाइम की गणन शुरू हुई। वहीं वह पल था, जब बिना किसी ईश्वरीय हस्तक्षेप के शून्य से कोई चीज बन सकती है, लेकिन यह कैसे बना? स्टीफन हॉकिंग बताते है कि बिग-बैंग के कारण

> जब भक्ति के साथ प्रेम का प्रकटीकरण करना होता है, तब निराकार स्वरूप की अभिव्यक्ति सगुण और साकार रूप में होता है। निराकार कोई नकारात्तक शब्द नहीं है। इससे ही आकार या साकार की उत्पति होती है। जब व्यक्ति ज्ञान की आंखों से जगत की समस्त चेतना को देखता है तो निर्गुण और निराकार दिखता है। और वही माया के कारण सगुण हो जाता है। यह ईश्वरीय अभिव्यक्ति की संसार में लीला है, जिसमें माया का खेला होता है, परंतु दोनों में कोई भेद नहीं हैं। स्टीफन हॉकिंग एक महान वैज्ञानिक थे।

अपरिमित मात्रा में सकारात्मक ऊर्जा निकली। तब उतनी ही मात्रा में नकारात्मक यानी ऋणात्मक ऊर्जा निकली। अब सकारात्मक और नकारात्मक का योग शून्य होता है। हॉकिंग कहते है कि यह ऋणात्मक ऊर्जा का विस्तार समूचे दिक् यानी अंतरिक्ष की दूरियां में विस्तारित है, जिसमें सकारात्मक ऊर्जा से बने पदार्थ स्थित है। अब इसको हम अपने शरीर पर समझते है। हमारी कोशिकाओं में ऋणात्मक ऊर्जा यानी इलेक्ट्रॉन का काम आवेशित या तोड़ना है और विस्तारित करना होता है, जबकि सकारात्मक ऊर्जा यानी प्रोटॉन से निर्माण होता है। शरीर का विकासमान स्वरूप दिखता है। वैदिक कालीन ऋषियों के समक्ष यह सवाल परवर्ती काल में आया था ? वे जानते थे कि संसार प्रत्यक्ष है और ईश्वर अनुभूति है। संसार के सृजन यानी प्रकृति इंद्रियगोचर है, जबकि ईश्वर यानी सृजक इंद्रियों से परे है। ईश्वर की प्रकृति पलपल अभिव्यक्त होती है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त के अनुसार, सृष्टि की उत्पत्ति के पहले ना सत था ना असत, केवल अंधकार था। असत से अर्थ शून्य से है, जिसका कोई रूप नहीं है। सत से अर्थ पदार्थ या मैटर से है। पदार्थ का आकार होता है, चेतना निराकार होती है। मूर्ति भी निर्गुण होता है लेकिन जब उसमें प्राण की प्रतिष्ठा होती है, भक्त के हृदय में उस मूर्ति की धड़कन सुनाई पड़ती है। मूर्ति के साथ हमारी निष्ठा एक सजल रूप में जीवंत हो जाती है, और भक्त उस मूर्ति के साथ असीम और अनंत के साथ एकाकार हो जाता है। श्रीराम स्पष्ट रूप से सुतीक्ष्ण को अपने चतुर्भुज स्वरूप का दर्शन कराते है। मानस मां कहा गया है कि- भूप रूप तब राम दुरावा। हृदयं चतुर्भुज रूप दिखावा।। कौशल्या भी उनके अवतार रूप के साथ आने पर उनका स्तवन करती है। बाद में अनुनय करती है कि आप बालरूप में आईए। इसके बाद उनका बाल रूप प्रकट होता है। श्रीराम के जीवन में अपवाद स्वरूप ही ईश्वरीय रूप में आये है। सीता हरण के समय महादेव और सती जब आकाशमार्ग से गमन करते हैं, तो महादेव ने राम को देखकर प्रणाम किया। वहीं, माता सती को राम के बारे में संशय हुआ। परीक्षा लेने के बाद जब उनका संशय खत्म हुआ और राम के परमब्रह्म होने पर भरोसा हुआ। हालांकि इस कारण उनका महादेव से दुराव हो गया। कहा भी गया है कि जब भक्ति नहीं है तो सब बेकार है। प्रेम नहीं है तो यह सृष्टि धूल के समान दिखायी देगी। राम को देखना है तो प्रेम और भक्ति के समुच्चय से देखने की जरूरत है।

## अनोखा भारत

# भगवान राम और मुंडा जनजाति


डॉ. प्रदीप मुंडा
- जनजातीय शोध एवम अध्ययन केंद्र विकास भारती बिशुनपुर

आगामी 22 जनवरी 2024 को पूरा भारत एक ऐतिहासिक घटनाक्रम का साक्षी बनने जा रहा है, अयोध्या में रामलला की स्थापना हो रही है। सैद्धांतिक रूप से सामान्य सा दिखने वाला यह क्रम भारत में संभव हो रहा है, यह अविश्वसनीय है । तमाम तरह की बातें अतीत के गर्भ से निकलकर धरातल पर दृष्टिगोचर हो रही है। इन्हीं में से एक है एक बहुत बड़े जनजाति समाज का युग पुरुष भगवान राम के साथ समय यात्रा। जनजाति ज्ञान परंपरा को धूमिल करने की और उन्हें मुख्य पद से हटाने की साजिश लगातार चल रही है। एक भ्रम की स्थिति उत्पन्न की जाती है कि भगवान राम का आदिवासियों के साथ क्या संबंध है? सामान्य बुद्धि से अगर हम विचार करें तो जिस कालखंड में रामायण की बात आती है उसे कालखंड में इस भारत देश की धरती पर मुंडाओं के अलावा कोई और निवास करते थे क्या? यह स्वयं में अनुसंधान का विषय है। भगवान राम से पहले भारत में राम-राम कहने की परंपरा नहीं थी जनजाति विशेष कर मुंडा समाज के लोग एक दूसरे का और समाज में संवाद स्थापित करने के लिए जोहार शब्द का प्रयोग करते थे। वाल्मीकि से लेकर के तुलसीदास ने भी अपने लेखन में जोहार शब्द का उल्लेख किया है एक प्रसंग में श्री राम जी सीता और लक्ष्मण के साथ वन गमन कर रहे होते हैं और गंगा जी को पार करने के बाद सभी आदिवासी उन्हें इस प्रदेश में आगमन पर जोहार करते हैं।

**'पूरजन करी जोहार घर आए रघुवर संध्या करण सिधाए'** : अर्थात समस्त जनजाति समाज राम को जोहार करके और उनसे बातचीत करके संध्या के समय अपने-अपने घर आए।अगला प्रसंग यह है कि वनवास के क्रम में भगवान राम चित्रकूट के निकट कमंदगिरी पर्वत के पास 12 वर्ष वनवास करते हैं,यहां भी आदिवासी उनसे मुलाकात करते हैं और उन्हें जोहार करते हैं।

**करहीं जोहारू भेंट धरि आगे। प्रभूहि बिलोकहीं अति अनुरागे।।** जोहार शब्द का प्रचलन सभी आदिवासियों में नहीं मिलता है मुख्य तौर पर यह मुंडाओं में और झारखंड छत्तीसगढ़ उड़ीसा इत्यादि में पाया जाता है। रामायण का अध्ययन करने पर पता चलता है कि श्री राम जी के साथ न्याय और अन्याय की यात्रा में केवल और केवल यहां के आदिवासी खड़े थे। हनु मुंडा जिसे आज हम हनुमान के नाम से जानते हैं, के बिना रामायण अधूरा प्रतीत होता है। हनुमान श्री राम जी के साथ धैर्य साहस विवेक और ज्ञान का अद्वितीय उदाहरण देते हैं। हनु मुंडा अर्थात हनुमान जी का संबंध झारखंड गुमला जिले के अंजन धाम से जुड़ा हुआ है। इसीलिए जी आदर्शवाद की बात रामायण करता है जो आदर्शवाद राम जी के चित्र में दिखाई देता है हवाई आदर्शवाद झारखंड के आदिवासियों में मुंडाओं में दिखाई देता है। आज वापस लौटने का पक्ष श्री राम जी ने भी मुंडाओं आदिवासियों के साथ रंग को पूरा सम्मान दिया और जाते-जाते अयोध्या का राजा हनु मुंडा अर्थात हनुमान को बनाते गए। इसी कारण आज भी अयोध्या का राजा हनुमान जी को समझा जाता है और उनकी स्मृति में आज भी वहां हनुमानगढी के रूप में साक्षात विराजमान है। आदिवासी भारत भारत के कान-कान में है यहां का इतिहास यहां के संस्कृति जनजाति समाज के बिना अधूरा है। यह दुर्भाग्य का विषय है भारत में तथाकथित विकसित समाज जनजाति समाज की सरलता और सहजता को उनका पिछड़ापन मानता है उनके लिए विकास का पैमाना सामाजिक सद्भाव और रिश्तों की मजबूती नहीं हो पाती है। बावजूद इसके झारखंड में आदिवासी समाज अपनी पहचान और अपने धर्म आस्था विश्वास जल जंगल जमीन को लेकर उसी तरह खड़ा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं )

# स्कूली शिक्षा की चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा

**नया** भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करने का मुख्य आधार शिक्षा है, लेकिन भारत की ग्रामीण शिक्षा को लेकर आयी एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (ग्रामीण) 2023 चिन्ताजनक एवं चुनौतीपूर्ण है। इस सर्वे में ग्रामीण भारत में छात्रों की स्कूली शिक्षा और सीखने की स्थिति की तस्वीर बयां की गई है, ग्रामीण शिक्षा की इन निराशाजनक स्थितियों पर गौर करना जरूरी है। यह सर्वे 26 राज्यों के 28 जिलों में किया गया और 34,745 युवाओं तक इस सर्वे की पहुंच रही। ग्रामीण छात्रों ने जो तथ्य एवं सच्चाई व्यक्त की है, उसके अनुसार 14 से 18 आयु वर्ग के बच्चे अपनी क्षेत्रीय भाषा में दूसरी कक्षा के स्तर तक का पाठ नहीं पढ़ पाते। इस उम्र के तीसरी-चौथी क्लास के गणित के सामान्य से प्रश्नों को हल न कर सकें तो यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कही जा सकती। ग्रामीण युवाओं की पसंद विज्ञान एवं तकनीकी विषयों की बजाय आर्ट्स विषय ही होना, शिक्षा के प्रति उपेक्षा एवं उदासीनता को ही दर्शा रहा है। समस्या गणित या भाषा नहीं है, ग्रामीण क्षेत्रों की पढ़ाई में यह पिछड़ापन अपने देश के लिए कोई नई बात नहीं। यह चुनौती बड़ी इसलिए है कि नवीन शिक्षा नीति घोषित होने के बावजूद स्कूली पढ़ाई की नियमित प्रक्रिया में इसका इलाज नहीं तलाशा गया है। जाहिर है, विशेष प्रयास करने पड़ेंगे, ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी अन्यथा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बनने की राह पर बढ़ रहे देश के लिये यह चुनौती एक अंधेरा ही है। चिंता की बात यह भी है कि नई शिक्षा नीति में खास तौर से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार के प्रावधान की बातें बहुत हो रही है, लुभावनी योजनाएं बन रही हैं, लेकिन उनके परिणाम जमीन पर उतरते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। यह हमारी नीतियों की पौल खोल रहा है या नीति-निर्माता की सोच में धुंधलापन है? जिंदगी का गुणा-भाग सिखाने वाली शिक्षा में जब बच्चों को गणित की सामान्य जोड़-बाकी भी नहीं आ पा रही हो तो इसे क्या कहेंगे? यही ना कि स्कूली शिक्षा के प्रसार की बातें भले ही जोर-शोर से की जा रहीं हों लेकिन इनमें सुविधाएं अपर्याप्त हैं या नई शिक्षा नीति को बनाने में कोई कमी है। यह भी हो सकता है कि साधनों के अभाव एवं दक्ष-प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी के कारण हम नई शिक्षा नीति को प्रभावी ढंग से लागू नहीं कर पा रहे हैं। बेहतर शिक्षा देने का हमारा लक्ष्य कहीं-ना-कहीं भटका हुआ है। इस सर्वे रिपोर्ट में गांवों की सरकारी व निजी शिक्षण संस्थाएं दोनों के बच्चों को शामिल किया गया है। यही नहीं इस सर्वे में जिन विद्यार्थियों को शामिल किया गया, उनमें 90 फीसदी से ज्यादा ने सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया है। स्मार्ट फोन का इस्तेमाल मनोरंजन के लिए ज्यादा और पढ़ाई के लिए कम होने लगा है। साफ है शिक्षा के प्रसार के लिए मोबाइल व कम्प्यूटर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल सकारात्मक रूप से नहीं हो पा रहा है। अधिकांश बालक-बालिकाएं कम्प्यूटर या मोबाइल के माध्यम से पढ़ाई-लिखाई में फिसड्डी नजर आते हैं। हालात बदलने के लिए न केवल प्रशिक्षित शिक्षकों की स्कूलों में भर्ती जरूरी है, बल्कि दूर-दराज के इलाकों में भी शिक्षा की पहुंच को आसान किया जाना भी अपेक्षित है। देश-दुनिया ने कोरोना महामारी की जबर्दस्त चुनौती झेली है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की पढ़ाई तो कोरोना काल में लगभग ठप ही हो गई थी। ऐसे दौर में जब पहले ही बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए कठिन प्रतिस्पर्धा एवं चुनौतियों सामना करना पड़ रहा है, उनकी नींव को कमजोर रखना चिंताजनक है। जिम्मेदारी सरकारों की ज्यादा है, जिन्हें इस दिशा में अभी काफी काम करना है। शिक्षण संस्थाओं के प्रसार की दिशा में भले ही हम प्रगति कर रहे हों, लेकिन यह साफ है कि शिक्षा डिजिटल तकनीक माध्यम से देने में हम असफल रहे हैं। सर्वे में एक और खास बात निकलकर सामने आई है कि वोकेशनल ट्रेनिंग में अभी ग्रामीण युवा पीछे हैं। सर्वे में शामिल युवाओं में केवल 5.6 प्रतिशत ही वोकेशनल ट्रेनिंग ले रहे हैं। इसी रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि करीब एक तिहाई बच्चे 12वीं से आगे नहीं पढ़ते। लड़कों के मामले में ड्रॉप आउट की सबसे बड़ी वजह रुचि की कमी पाई गई तो लड़कियों के मामले में पारिवारिक मजबूरी। आधुनिक शिक्षा के सामने आज अनेक चुनौतियां हैं। छात्र जहां अनेक कारणों से बीच में ही पढाई छोड़ देने को मजबूर है, वही कुछ छात्र शिक्षा की चुनौतियों को झेल नहीं पाने के कारण आत्महत्या तक कर रहे हैं। जबकि हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरंतर सामंजस्यपूर्ण विकास करके हमारे स्वभाव को परिवर्तित करने का सशक्त माध्यम है। हमने प्राचीन शिक्षा प्रणाली की इन विशेषताओं को भूला दिया है।


> बेहतर शिक्षा देने का हमारा लक्ष्य कहीं-ना-कहीं भटका हुआ है। इस सर्वे रिपोर्ट में गांवों की सरकारी व निजी शिक्षण संस्थाएं दोनों के बच्चों को शामिल किया गया है। यही नहीं इस सर्वे में जिन विद्यार्थियों को शामिल किया गया, उनमें 90 फीसदी से ज्यादा ने सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया है। स्मार्ट फोन का इस्तेमाल मनोरंजन के लिए ज्यादा और पढ़ाई के लिए कम होने लगा है। साफ है शिक्षा के प्रसार के लिए मोबाइल व कम्प्यूटर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल सकारात्मक रूप से नहीं हो पा रहा है। अधिकांश बालक-बालिकाएं कम्प्यूटर या मोबाइल के माध्यम से पढ़ाई-लिखाई में फिसड्डी नजर आते हैं।

आजादी के बाद से चली आ रही शिक्षा प्रणाली में शिक्षालय मिशन न होकर व्यवसाय बन गया था। इस बड़ी विसंगति को दूर करने की दृष्टि से वर्ततान शिक्षा नीति में व्यापक चिन्तन-मंथन किया गया है, लेकिन उसका असर सामने न आना हमें शिक्षा पर नये सिरे से सोचने को मजबूर कर रहा है। भले ही यह आशा की जा रही है कि नयी शिक्षा नीति में शिक्षा की इन कमियों एवं अपूर्णताओं के दूर होने संभावनाएं हैं। लेकिन इसके लिये आधुनिक शिक्षा एवं शिक्षकों को समग्र दृष्टि से परिपक्व बनाना होगा, तभी शिक्षा की कमियां दूर हो सकेगी और नयी शिक्षा नीति के प्रभावी परिणाम आ सकेंगे। अन्य कलाओं की भांति शिक्षण भी एक महत्वपूर्ण कला है, शिक्षक उस कलाकार के समान होता है, जो अनगढ़ पत्थर को तराशकर पूज्य प्रतिमा एवं समग्र व्यक्तित्व का निर्माण करता है। यही शिक्षक छात्रों में जटिल शिक्षा की चुनौतियों को स्वीकार करने के लिये तैयार कर सकते हैं। वर्तमान में शिक्षण-कौशल एवं शिक्षण विधियों पर बहुत अनुसंधान हो रहा है। एक अध्यापक स्रष्टा की भांति समाज की भावी पीढ़ी का निर्माण करके समाज द्वारा उत्पन्न शून्य को भरने का प्रयत्न कर सकता है, यदि उसके दायित्व में कमी रहती है तो उसे क्षम्य नहीं माना जा सकता। सच्ची शिक्षा-संस्कृति इंजीनियरों और टेकनीशियनों पर नहीं, अपितु शिक्षकों पर आधारित होती है। अब शिक्षक एवं शिक्षा-नीति एक क्रांतिकारी बदलाव की ओर अग्रसर हो। शिक्षक एवं शिक्षा का वास्तविक लक्ष्य अब प्राप्त हो। अनेकानेक विशेषताओं के बावजूद अब तक शिक्षक का पद धुंधला रहा था। जैसाकि महात्मा गांधी ने कहा था-एक स्कूल खुलेगी तो सौ जेलें बंद होंगी। पर उल्टा होता रहा है। स्कूलों की संख्या बढ़ने के साथ जेलों के स्थान छोटे पड़ते गये हैं। जेलों की संख्या भी उसी अनुपात में बढ़ रही है। स्पष्ट है- हिंसा और अपराधों की वृद्धि में मैकाले की शिक्षा प्रणाली एवं शिक्षक भी एक सीमा तक जिम्मेदार है। शिक्षा के प्रति छात्रों में जुनून एवं जोश पैदा न होना शिक्षा नीति की बड़ी खामी है।

■ ललित गर्ग

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## पीएम मोदी ने तिरुचिरापल्ली के श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की



**एजेंसी। तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री मोदी आज से तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री इस अवधि में विभिन्न महत्वपूर्ण मंदिरों के दर्शन करेंगे। इनमें धनुषकोटि में स्थित कोदंड रामस्वामी मंदिर और श्री अरुल्मिगु रामनाथस्वामी मंदिर प्रमुख हैं। भारतीय जनता पार्टी ने एक्स हैंडल परप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के श्री रंगनाथस्वामी मंदिर पहुंचने और पूजा-अर्चना करने का फोटो साझा किया है। प्रधानमंत्री श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में कम्ब रामायणम के छंदों का पाठ भी सुनेंगे। इस मंदिर में भगवान विष्णु का लेटा हुआ रूप श्री रंगनाथस्वामी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर करीब दो बजे रामेश्वरम पहुंचेंगे और श्री अरुलमिगु रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। वह मंदिर में आयोजित 'श्री रामायण पारायण' कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। कार्यक्रम में आठ अलग-अलग पारंपरिक मंडलियां संस्कृत, अवधी, कश्मीरी, गुरुमुखी, असमिया,बंगाली, मैथिली और गुजराती रामकथाओं (श्रीराम की अयोध्या वापसी के प्रसंग का वर्णन) का पाठ करेंगी। श्री अरुल्मिगु रामनाथस्वामी मंदिर में प्रधानमंत्री भजन संध्या में भी हिस्सा लेंगे। शाम को मंदिर परिसर में भक्ति गीत गाए जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार 21 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी धनुषकोडी के कोदंड रामास्वामी मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। यह मंदिर श्री कोदंड रामस्वामी को समर्पित है। कोदंड राम नाम का अर्थ धनुधारी राम है। ऐसा कहा जाता है कि यहीं पर विभीषण पहली बार भगवान श्रीराम से मिले थे और उनसे शरण मांगी थी। कुछ किंवदंतियां यह भी कहती हैं कि यही वह स्थान है,जहां भगवान श्रीराम ने विभीषण का राज्याभिषेक किया था। धनुषकोडी के पास प्रधानमंत्री अरिचल मुनाई भी जाएंगे। अरिचल मुनाई के बारे में कहा जाता है कि यहीं पर राम सेतु का निर्माण हुआ था।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा : राहुल पहुंचे इंटानगर

**एजेंसी। इटानगर** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शनिवार को असम से होते हुए अरुणाचल प्रदेश की राजधानी इंटानगर पहुंची। यात्रा का कांग्रेस नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। यात्रा पापुम पारे जिला अंतर्गत गुतो, दोईमुख निरजुली और नाहरलगुन होते हुए शाम 4 बजे के करीब इटानगर पहुंची। अरुणाचल प्रदेश से राहुल गांधी पुनः असम जाएंगे।





### असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर हमला निंदनीय : कांग्रेस

कांग्रेस ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर शुक्रवार रात को असम के लखीमपुर में हुए हमले की निंदा की है। पार्टी ने कहा कि यात्रा को जनता के मिल रहे भरपूर सहयोग व समर्थन से भाजपा घबरा गई है। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि असम में हुआ हमला इस बात को दशार्ता है कि कांग्रेस और राहुल गांधी को मिल रहे समर्थन से मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा घबरा गए हैं। माकन ने कहा कि हम भाजपा से कहना चाहते हैं कि हम डरने वाले नहीं हैं।

देश की जनता की आवाज उठाने वाली इस यात्रा को रोकने की हिम्मत न की जाए। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को जनता का भरपूर सहयोग और समर्थन मिल रहा है, जिसे देखकर भाजपा व उनके नेता घबरा गए हैं। शुक्रवार रात लखीमपुर में जिस तरीके से कांग्रेस के लोगों की गाड़ियों को तोड़ा गया, पोस्टर फाड़े गए, पार्टी के खिलाफ नारे लगाए गए यह इस बात को दर्शाता है कि भाजपा घबरा गई है।

### बिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए 25 समितियां गठित

**पटना।** राज्य में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 27 जनवरी को किशनगंज जिले से शुरू होगी। किशनगंज जिले में इसकी सफलता के लिए 25 अलग-अलग समितियां बनाई गई है। इसमें अध्यक्ष सहित 220 नेताओं को जिम्मेदार दी गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि राहुल गांधी दो बार बिहार में दाखिल होंगे। इसकी तैयारी बिहार कांग्रेस की ओर से जोर-शोर से की जा रही है। डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि सभी कमेटी को स्वीकृति दे दी गई है। कमेटी में विधायक, विधान पार्षद सहित पूर्व सांसदों को भी जिम्मेदारी दी गई है।

## एक नजर

### भाजपा में शामिल हुए आप के पूर्व नेता अशोक तंवर



**नई दिल्ली।** आप से इस्तीफा देने वाले अशोक तंवर शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। तंवर हरियाणा में एक बड़ा राजनीतिक चेहरा हैं। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की मौजूदगी में अशोक तंवर ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। अशोक तंवर हरियाणा में आम आदमी पार्टी की चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष रहे हैं। उन्होंने 18 जनवरी को आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दिया था। इससे पहले अशोक तंवर कांग्रेस में थे।

### पन्नू ने केजरीवाल और सीएम मान को दी धमकी

**नई दिल्ली।** खालिस्तान समर्थक सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू ने चेतावनी दी है कि अगर अगले महीने तक उनके सहयोगियों को रिहा नहीं किया गया तो दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्रियों को राजनीतिक मौत का सामना करना पड़ेगा। पन्नू की धमकी शुक्रवार को पंजाब पुलिस के राज्य विशेष ऑपरेशन सेल द्वारा राजपुरा के निवासियों जगदीश सिंह, मंजीत सिंह और दविंदर सिंह की गिरफ्तारी के कुछ घंटों बाद आई है। शनिवार को साझा किए गए एक वीडियो संदेश में, पन्नू ने दावा किया कि तीन युवकों ने 26 जनवरी से शुरू होने वाले खालिस्तान जनमत संग्रह मतदाता पंजीकरण के लिए सीधे एसएफजे के साथ काम किया। पन्नू ने चेतावनी दी कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब सीएम भगवंत मान को सिखों के क्रोध का सामना करना पड़ेगा जिन्होंने उनकी आम आदमी पार्टी (आप) को पंजाब में जीत दिलाने में मदद की।

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 500 रु. का जुर्माना

**मुंबई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर ठाणे की एक अदालत ने शनिवार को 500 रुपये का जुर्माना लगाया है। पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या में आरएसएस का नाम जोड़ने पर राहुल गांधी के खिलाफ आरएसएस कार्यकर्ता विवेक चंपानेरकर ने सिविल मानहानि का मामला दर्ज कराया था। इस वाद में एक रुपये का हर्जाना देने की मांग की गई थी। इसी मामले में राहुल गांधी की तरफ से लिखित बयान दर्ज कराने में देरी होने पर अदालत ने उन पर 500 रुपये का यह जुर्माना लगाया है। मामले की अगली सुनवाई 15 फरवरी को होगी।

### राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 21-22 को

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले का आयोजन 21-22 जनवरी को नई दिल्ली के मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम में होगा। इसमें बैंड की कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। शिक्षा मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय संयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में इस प्रतियोगिता का आयोजन करता है।

## जदयू अध्यक्ष नीतीश ने 22 सदस्यीय टीम का किया गठन

# ललन सिंह के करीबियों को कमेटी से बाहर किया गया

### राष्ट्रीय महासचिवों की संख्या आधी करते हुए 11 कर दी गई है

### केसी त्यागी बने मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता व नीतीश कुमार के राजनीतिक सलाहकार





### पूर्व महासचिव हर्षवर्धन सिंह हटाए गए

नीतीश की नयी कमेटी में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के खास पूर्व राष्ट्रीय महासचिव हर्षवर्धन सिंह को पद से हटा दिया गया है। इसके अलावा सांसद गिरधारी यादव, संतोष कुमार कुशवाहा, चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व सांसद दसई चौधरी, गुलाम रसूल बलियावी, आरपी मंडल, विजय कुमार मांझी, रामकुमार शर्मा, यूपी के पूर्व विधायक धनंजय सिंह, कमर आलम को नयी कमेटी में जगह नहीं दी गई है।

**एजेंसी। पटना** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नीतीश कुमार ने शनिवार को नई कमेटी का गठन किया है। खास बात ये है कि इस कमेटी में ललन सिंह की पुरानी टीम के लोगों पर कैंची चली है। नीतीश कुमार ने खुद सहित सिर्फ 22 लोगों की टीम बनायी है, जिसमें एक सलाहकार, एक उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष, 11 महासचिव, 6 सचिव और एक प्रवक्ता शामिल हैं।

नीतीश कुमार के निर्देश पर जदयू के राष्ट्रीय महासचिव अफाक अहमद खान ने नये पदाधिकारियों की सूची जारी की है। नीतीश कुमार ने पहला फेरबदल पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर किया है। ललन सिंह के समय मंगनी लाल मंडल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गये थे। नीतीश ने उन्हें हटाकर पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया है।

केसी त्यागी को राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता के साथ-साथ नीतीश कुमार का राजनीतिक सलाहकार बनाया गया है। त्यागी पहले से इसी पद पर थे। इसके साथ सांसद आलोक कुमार सुमन को फिर से राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाया गया है। पूर्व विधायक राजीव रंजन को पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। नीतीश कुमार ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों की संख्या आधी कर दी है।

ललन सिंह के समय पार्टी के 22 राष्ट्रीय महासचिव थे। नीतीश ने 11 महासचिव बनाए हैं। पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंगनी लाल मंडल को महासचिव बना दिया गया है। साथ ही सांसद रामनाथ ठाकुर, संजय झा, अली अशरफ फातमी, कहकंशा परवीन, आफाक आलम, श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, रामसेवक सिंह, कपिल हरिश्चंद्र पाटिल, राज सिंह मान और इंजीनियर सुनील कुमार को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है।

नीतीश कुमार ने सचिव पद पर 6 नेताओं को जगह दी है। पहले 7 राष्ट्रीय सचिव हुआ करते थे। नीतीश की नयी कमेटी में विद्यासागर निषाद, राजीव रंजन प्रसाद, अनूप पटेल, दयानंद राय, संजय कुमार और एम निसार को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है।

## प्रधानमंत्री के बिहार दौरे से भाजपा करेगी चुनावी सफर की शुरूआत

### गणतंत्र दिवस में मुख्य अतिथि होंगे फ्रांस के राष्ट्रपति, 27 के दौरे में बदलाव संभव



**एजेंसी। पटना** अयोध्या के श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद केंद्रीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक के भाजपा नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस माह के आखिरी में होने वाले बिहार दौरे से लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 या 28 जनवरी को बिहार दौरे पर आ सकते हैं। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फ्रांस के राष्ट्रपति रहेंगे, जिसकी वजह से पीएम के 27 जनवरी के दौरे में बदलाव हो सकता है। पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और बेतिया से सांसद डॉ संजय जायसवाल ने इसकी पुष्टि की है। प्रधानमंत्री मोदी का विस्तृत कार्यक्रम अभी आना बाकी है लेकिन इतना तय है कि इस दौरान प्रधानमंत्री तिरहुत प्रक्षेत्र के बेतिया, बाल्मिकीनगर, मोतिहारी, शिवहर और मुजफ्फरपुर क्षेत्र को कई सौगात दे सकते हैं। पीएम यहां योजनाओं को हरी झंडी दिखाएंगे। महात्मा गांधी की कर्मभूमि चंपारण से नरेन्द्र मोदी भाजपा के अभियान का श्रीगणेश करते हुए विपक्षी दलों के सामने चुनौती पेश करेंगे। बिहार भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि बेतिया में तीन स्थानों का प्रस्ताव दिया गया है लेकिन सुगौली का मैदान प्राथमिकता में है। प्रधानमंत्री का बेतिया के अतिरिक्त बेगूसराय एवं औरंगाबाद में भी कार्यक्रम होना है। हालांकि, इसकी तिथि अभी तय नहीं है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से जदयू के साथ तालमेल कर 39 सीटों पर कब्जा किया था। बाद में बिहार में 16 सीटें जीतने वाले जदयू ने गठबंधन बदलकर भाजपा से दोस्ती तोड़ ली थी। बिहार में नीतीश कुमार के विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए में शामिल होने के बाद भाजपा के लिए सियासी चुनौती बढ़ गई है। क्योंकि, जदयू-राजद,कांग्रेस और लेफ्ट के एक साथ है। इस लिहाज से भाजपा के लिए 2024 में 2019 जैसे नतीजे दोहराना आसान नहीं है। इसके चलते पार्टी ने पीएम मोदी की रैली कराने की रूपरेखा बनाई है।

## लोकसभा में किसी से समझौता नहीं करेगी बसपा : मायावती



**एजेंसी। लखनऊ** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को फिर दोहराया कि उनकी पार्टी किसी भी हालत में लोकसभा चुनाव में दूसरे दलों से समझौता नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यह फैसला पूर्व में अन्य दलों से किए गए गठबंधन के कड़वे अनुभवों से सबक लेते हुए किया है। उन्होंने कहा कि अन्य दलों के साथ गठबंधन से संगठन का मिशन कमजोर होता है और पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं का मनोबल भी टूटता है। मायावती ने लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड इकाई के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान मायावती ने एक बार फिर दोहराया कि पार्टी अपने बलबूते लोकसभा चुनाव लड़ेगी और बेहतर रिजल्ट लाने की जिम्मेदारी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की होगी। उन्होंने गठबंधन को लेकर पार्टी पदाधिकारियों को निराधार और भ्रामक खबरों से भी दूर रहने की नसीहत दी।

मायावती ने पार्टी पदाधिकारियों को संगठन के जनाधार को बढ़ाने और आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बसपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो संवैधानिक आदर्शों और मूल्यों के आधार पर चलती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अगर दंगामुक्त सरकार किसी ने दिया है तो वह सिर्फ बसपा की सरकार है।

## विदेशी नागरिक के पेट से निकाली 6 करोड़ की कोकीन

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई)की टीम द्वारा मुंबई में गिरफ्तार विदेशी नागरिक के पेट से डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर कोकीन से भरे 57 कैप्सूल निकाले हैं। इस कोकीन की कीमत 6 करोड़ रुपये आंकी गई है। डीआरआई की टीम कोकीन भरे कैप्सूल कब्जे में लेकर आरोपित से गहन पूछताछ कर रही है। डीआरआई सूत्रों ने शनिवार को मीडिया को बताया कि वेनेजुएला के एक नागरिक द्वारा ड्रग लाने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर इसे 16 जनवरी को मुंबई एयरपोर्ट से हिरासत में लिया गया था। अधिकारियों को उसके पेट में कोकीन होने का संदेह था लेकिन आरोपित बार-बार खुद को निर्दोष बता रहा था। इसलिए कोर्ट से आरोपित की मेडिकल जांच कराने की इजाजत मांगी गई थी। कोर्ट से अनुमति मिलने पर आरोपित को जे.जे. अस्पताल में भर्ती करवाया गया और उसकी एक्स-रे और सोनोग्राफी कराई गई।

## 'वोकल फॉर लोकल' की आधारशिला है हस्तशिल्प प्रदर्शनी : सीएम योगी



**एजेंसी। लखनऊ** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कैसरबाग स्थित सफेद बारादरी में आयोजित ग्रामश्री एवं क्राफ्ट रूट्स की हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हैंडीक्राफ्ट एग्जीबिशन देखने में भले ही छोटी लग रही है, लेकिन, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से प्रदेश में वर्ष 2018 में परंपरागत उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए 'एक जिला, एक उत्पाद' का एक अभिनव कार्यक्रम शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कारीगरों और हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहित करने एवं उनके प्रशिक्षण के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना चलायी जा रही है। इसके तहत उन्हें मानदेय और टूलकिट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि लैंडलॉक्ड स्टेट कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश का दो से तीन वर्ष के अंदर एक्सपोर्ट दोगुने से अधिक हो गया। कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन में गवर्नर आनंदीबेन पटेल ने कई अभिनव प्रयोग किए। उन्होंने इन प्रयोगों से महिला सशक्तीकरण को जोड़ा, जो काम से वंचित थीं। उन्हें जब मौके मिला तो उन्होंने अपने हुनर का प्रदर्शन कर साबित कर दिया कि प्रदेश में पोटेंशियल की कमी नहीं है। आज गवर्नर आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। हैंडीक्राफ्ट से जुड़े कारीगर और हस्तशिल्प प्रेरणा का स्रोत हैं क्योंकि वह आत्मनिर्भर होने के साथ दूसरों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना कालखंड में प्रदेश में 40 लाख से अधिक लोग आए। उन्हें रोजगार उपलब्ध कराना हमारे लिए बड़ा चैलेंज था। ऐसे में सरकार के आह्वान पर प्रदेश की 96 लाख एमएसएमई यूनिट ने इन्हें काम देकर संकट की घड़ी में साबित कर दिया कि उत्तर प्रदेश में कुछ भी असंभव नहीं है।

## छग : मुठभेड़ में एरिया कमेटी की दो महिला व एक पुरुष नक्सली ढेर

**बीजापुर।** जिले के थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत बलम नेड्रा के पास बेलम गुटटा पहाड़ी में शनिवार को हुई मुठभेड़ में दो महिला नक्सली एवं एक पुरुष नक्सली मारे गये। मारे गए तीनों नक्सलियों के शव के साथ दो नग भरमार, पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, 15 जेलेटिन, पांच डेटोनेटर, कोडेक्स वायर, विस्फोटक पदार्थ बरामद किया गया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मारे गये नक्सलियों की शिनाख्त की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बलम नेड्रा एवं बेलम गुटटा में बासागुड़ा और मददेड़ एरिया कमेटी के डीव्हीसीएम विनोद कर्मा, आवापल्ली एलओएस राजू पुनेम, एसीएम विश्वनाथ, गुडडू तेलम एवं अन्य 20-25 सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी बीजापुर एवं कोबरा 210 की संयुक्त टीम अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान शनिवार सुबह 07.30 बजे बेलम गुटटा पहाड़ी में हुई मुठभेड़ में मददेड़ एरिया कमेटी की दो महिला नक्सली एवं एक पुरुष नक्सली को मार गिराने में पुलिस को सफलता मिली है।

## संसदीय लोकतंत्र में हमारी प्रतिष्ठा बढ़ी : बिरला



**एजेंसी। रायपुर** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम की शुरूआत की। लोकसभा अध्यक्ष ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर ओम बिरला ने कहा कि पूरी दुनिया में संसदीय लोकतंत्र में हमारी प्रतिष्ठा बढ़ी है।

हमने छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास जीता, इसलिए नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी मतदान बढ़ा। प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संपदा, सौंदर्य, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक रहा है। प्रदेश छोटा है लेकिन विविधताएं बहुत हैं। यहां के पुरातत्व, संस्कृति, जनजातीय, लोकाचार पूरे देश को प्रभावित करते हैं। छत्तीसगढ़ की विशेष रूप से जीवंत कला, यहां के शिल्प, लोकगीत और नृत्य पूरे देश के लिए आकर्षण है। छत्तीसगढ़ और यहां के पुरातत्व संपत्ति को देखने के लिए देशभर और कई देशों के लोग यहां आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रबोधन कार्यक्रम में संसदीय कार्यों को जानते हुए संवैधानिक दायित्वों को निभाते हुए जिम्मेदारियों को पूरा कर सकें, यह सीखने को मिलेगा। संसदीय परंपराओं, नियमों, संविधान को जानने और किस तरीके से हम अपने संवैधानिक दायित्वों को निभाते हुए इस विधान मंडल के माध्यम से इस राज्य में समृद्धि और खुशहाली ला सकते हैं, इसका ज्ञान मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र बहुत पुराना है। लोकतंत्र हमारे जीवन का हिस्सा रहा है। पूरी दुनिया में संसदीय लोकतंत्र के मामले में हमारी प्रतिष्ठा बढ़ी है।

### आजादी के बाद अब तक 18 आम चुनाव और तीन सौ से ज्यादा विधानसभा के चुनाव हुए

आजादी के बाद से अब तक 18 से ज्यादा आम चुनाव और तीन सौ से ज्यादा विधानसभा के चुनाव हुए हैं। सत्ता का हस्तांतरण सामान्य ढंग से हुआ है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के साथ यहां की समृद्धि बढ़ी है। सरकार किसी की भी हो विधानमंडल एक ऐसा मंच है। जहां किसी भी दल का विधायक चाहे सत्तापक्ष का हो या विपक्ष का अपने क्षेत्र की बात को मजबूती से रखता है। जब सामूहिक हित की बात हो तो सभी दलों को एक समूह में काम करने की जरूरत है। देश में जब ऐसे विषय आते हैं, हम सामूहिकता के साथ खड़े होते हैं। सर्व सम्मति से फैसले लेते हैं। विधान मंडल के भीतर प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर बेहतर चर्चा हो। विधानसभा के अध्यक्ष से आग्रह करता हूं कि जितनी भी महत्वपूर्ण चर्चा है उसका डिजिटलाइजेशन कर दें। दो दिनों तक जो प्रबोधन कार्यक्रम चलेगा उस पर डिटेल में चर्चा होगी। नये-पुराने सभी विधायकों से आग्रह करता हूं कि, सदन में ज्यादा से ज्यादा बैठें। मेरा मानना है कि जो विधायक सदन में ज्यादा देर तक बैठता है वह अपनी बात प्रभावी ढंग से रख पाता है। मेरा यह भी मानना है कि हम नई तकनीक के जरिए अपनी क्षमता को बढ़ायें। पिछड़े क्षेत्र के विधायकों की जवाबदारी ज्यादा बढ़ जाती है, उन क्षेत्रों में विकास अच्छी तरह हो सके और जो विधायक ऐसे क्षेत्र के हैं जो पिछड़े नहीं हैं, उन क्षेत्रों में भी विशेष कार्य करने की आवश्यकता होती है।

## जातीय संघर्ष के बाद तमिलनाडु के उथंगराई में तनाव, दो गिरफ्तार

**एजेंसी। चेन्नई** तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में उथनागिरी के पास पल्लाथुर गांव में कथित तौर पर मरियम्मन मंदिर के जुलूस में दलितों को हिस्सा लेने की अनुमति नहीं देने पर झड़प के बाद तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई। यह घटना गांव में मरियम्मन मंदिर के जुलूस के दौरान एक दलित शक्तिवेल और एक प्रमुख जाति के व्यक्ति एस वेदियप्पन के बीच बहस के बाद हुई। इसके तुरंत बाद, शक्तिवेल के रिश्तेदारों और दोस्तों ने वेदियप्पन के बेटे निवास (22) पर हमला करने का प्रयास किया। निवास भाग गया लेकिन शक्तिवेल और अन्य लोगों ने उसका पीछा किया। जब निवास गांव की एस ज्योति (41) के घर में घुसा, तो दूसरे समूह ने ज्योति के घर में घुसकर उसके और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट और गाली-गलौज की। लोगों ने घर में रखे सामान को भी नष्ट कर दिया। ज्योति को उथानागरी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया और सिंगारपेट्टई पुलिस में उसकी शिकायत के बाद शक्तिवेल को गिरफ्तार कर लिया गया। 12 अन्य लोगों के खिलाफ आईपीसी और तमिलनाडु महिला उत्पीड़न निषेध अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि एक जवाबी शिकायत में, शक्तिवेल ने आरोप लगायाः हम पर हमला किया गया, अपमान किया गया और जातिगत भेदभाव के कारण जुलूस में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई। दो व्यक्तियों शिवा (23) और मनिगंदम (45) को गिरफ्तार किया गया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

" Smiles & More"

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज




CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## पीएम मोदी कर रहे 11 दिन का कठिन अनुष्ठान

रामलला की नई मूर्ति गर्भगृह में पहुंच गई है। इधर पीएम मोदी 12 जनवरी से 11 दिनों के अनुष्ठान का पालन कर रहे हैं। इस अनुष्ठान के नीयम बहुत कठोर हैं। इस दौरान वो सिर्फ दो बार नारियल पानी ही पी रहे हैं और जबरदस्त ठंड में भी लकड़ी की चौकी पर सिर्फ चादर डाल कर सो रहे हैं। प्रधानमंत्री की ओर से जारी संदेश में कहा गया है कि शास्त्रों में देव प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा एक विशद और वृहद प्रक्रिया है। इसके लिए विस्तृत नियम बताए गए हैं जिनका प्राण प्रतिष्ठा के कई दिन पहले से पालन करना होता है। मैंने भी 11 दिवसीय अनुष्ठान पर व्रत का निर्णय किया है।

### अनुष्ठान के नियम

- अनुष्ठान के दौरान लकड़ी की चौकी पर सोना होता है।
- यजमान को लकड़ी की चौकी पर सोने के साथ ही सूती वस्त्र ही धारण करना होता है।
- साथ ही इस दौरान ब्रह्मचर्य के नियमों का सख्ती से पालन करना होता है।
- अनुष्ठान आरंभ करने वाले व्यक्ति को बाहर का खाना, बोतल बंद पानी और बर्फ, हल्दी, राई, उड़द, मूली, बैंगन, लहसुन-प्याज, मांस-अंडा, तेल से बने पदार्थ, भुजिया चावल, चना खाने से परहेज करना होगा।







### रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का पांचवां दिन, शर्कराधिवास-फलाधिवास संपन्न

# नवनिर्मित मंदिर में स्वर्ण मंडित आधार तैयार

**81 कलशों में स्थित विविध औषधियुक्त जल से स्नपन संपन्न**

**तिरुमाला देवस्थानम ट्रस्ट एक लाख महाप्रसाद (तीन टन) लड्डू वितरित करेगा**

**एजेंसी। अयोध्याधाम**


रामायण के अरण्यकाण्ड में कहा गया है ''जिनके कपट, दम्भ नहिं माया, तिनके हृदय बसहु रघुराया॥'' अर्थात जिसके अंदर कपट, झूठ और माया नहीं होती, उन्हीं के हृदय में रघुपति राम बसते हैं। साथ ही उनके ऊपर प्रभु की कृपा सदैव होती है। अब ये कृपा भक्तों पर प्रतयक्ष बरसने वाली है। प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्याधाम इतिहास रचने के बेहद करीब है।

यहां श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे अपने भव्य और दिव्य मंदिर में अब प्रभु श्रीराम विराजमान होकर अपने भक्तों को जल्द दर्शन देने वाले हैं। शनिवार रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का पांचवां दिन है। अब अस्थायी गर्भगृह में रामलला के दर्शन नहीं होंगे। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से नवनिर्मित भव्य और दिव्य राम मंदिर में दोबारा दर्शन आरंभ होंगे। वैकल्पिक गर्भगृह में विराजमान रामलला को नवर्निर्मित राम मंदिर के गर्भगृह में स्थानांतरित किया जाएगा। इसके लिए स्वर्ण मंडित आधार तैयार किया गया है। ईधर अनुश्ठान के पांचवें दिन प्रातः पूजा में शर्कराधिवास, फलाधिवास, प्रासाद का 81 कलशों में स्थित विविध औषधियुक्त जल से स्नपन किया गया। प्रासाद का अधिवासन, पिण्डिका अधिवासन, पुष्पाधिवास भी हो रहा है। श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की मानें तो अनुष्ठान में अब तक नवीन मंदिर के ईशान कोण पर बने यज्ञ मंडप और शुक्रवार को अरणि से प्रकट अग्नि की नवकुण्डों में स्थापना हो चुकी हैं। उसमें सपरिवार रामजी की स्थापना एवं पूजा शुरू है। पूरे अनुष्ठान का लाइव स्ट्रीमिंग ट्रस्ट के सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर चल रहा है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार और काशी के उद्यमी सूर्यकांत जालान भी प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में यजमान की भूमिका में रहेंगे। एक अन्य यजमान विहिप के अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह भी शुक्रवार शाम अयोध्या पहुंच गए।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले अमृत महोत्सव लेजर शो का आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान चौथे दिन शुक्रवार को निर्धारित मुहूर्त सुबह नौ बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अरणि मंथन विधि से अग्निदेव को प्रकट कर अनुष्ठान की शुरूआत की गई। इस विधि में शमी और पीपल की लकड़ी के घर्षण से अग्नि को प्रकट किया जाता है। श्रीराम लला के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में तिरुमाला देवस्थानम ट्रस्ट की ओर से एक लाख (तीन टन) महाप्रसाद (लड्डू) वितरित किए जाएंगे। तिरुपति से यह महाप्रसाद अयोध्या हवाई अड्डे पर विशेष विमान से पहुंचेगा। रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की असीम प्रसन्नता का परिचायक दशरथ दीप शुक्रवार को दिन ढलते ही प्रज्ज्वलित हो गया। तपस्वी छावनी के तुलसीबारी स्थित परिसर में स्थापित इस दीप की परिधि तीन सौ फीट है। इसमें 21 हजार लीटर तेल के साथ सवा क्विंटल रुई की बाती का प्रयोग हुआ है। इस अवसर पर काशी के सुमेरु पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानंद सरस्वती सहित बड़ी संख्या में संत एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। रामलला के नए विग्रह की आंखें फिलहाल ढकी हुई हैं। उन्हें 22 जनवरी को खोला जाएगा। अभी रामलला सिर्फ मेवा खाएंगे। 22 जनवरी को उन्हें छप्पन भोग लगाया जाएगा। रामलला विराजमान भी लकड़ी वाले मंदिर से नए भव्य मंदिर में आ जाएंगे। उनके लिए जगह पहले ही बना दी गई है। नए विग्रह का आज कमल के फूलों से अधिवास होगा और 81 कलशों के जल से मंदिर को शुद्ध किया जाएगा।

## अयोध्या में मंदिर होंगे स्वच्छ, भगवान के चरणों में चढ़े फूलों से बनेगी धूप

**अयोध्या।** अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान और इसके बाद मंदिर में उपयोग होने वाले और भगवान के श्रीचरणों में चढ़ने वाले फूलों के कारण मंदिर परिसर में गंदगी नहीं होगा। इसके लिए अयोध्या नगर निगम ने अनूठी पहल की है। इस पहल के तहत अयोध्या धाम के सभी मंदिरों में चढ़े फूलों को प्रॉसेस करके धूपबत्ती बनाई जा रही है। फूलों की प्रॉसेसिंग से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार से भी जोड़ा जाएगा। एक आकलन के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या धाम के सभी मंदिरों से प्रतिदिन 9 मीट्रिक टन फूल वेस्ट रिसाइकिल किए जाने की उम्मीद है, जबकि अभी यह 2.3 मीट्रिक टन हो रहा है।



### अरुण योगिराज ने गढ़ी है रामलला की मूर्ति

प्रभु की ये मूर्ति मैसूर के कलाकार अरुण योगिराज ने तैयार की है। योगीराज के परिवार में पांच पीढ़ियों से मूर्ति रचना का काम हो रहा है। योगीराज खुए एमबीए हैं कुछ समय नौरी करने के बाद उन्होंने मूर्ति गढ़ने में भविष्य बनाने का निश्चय किया। राम मंदिर में स्थापित की गई रामलला की प्रतिमा 4.24 फीट ऊंची और 3 फीट चौड़ी है। मूर्ति के दाएं और बाएं दोनों तरफ दशावतार स्वरुप अंकित हैं। प्रभु की मूर्ति के नीचे के स्थान पर हनुमान जी और गरुड़ जी के चित्र अंकित हैं। इस मूर्ति का वजन तकरीबन 200 किलो है। पुजारी अरुण दीक्षित भाव विह्वल होकर बताते हैं कि प्रभु की छवि अत्यंत मनोहारी है। इसके दर्शन अपने आप में अद्भुत हैं।

**Narendra Modi** @narendramodi

अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा का अवसर देशभर के मेरे परिवारजनों को प्रभु श्री राम के जीवन और आदर्शों से जुड़े एक-एक प्रसंग का स्मरण करा रहा है। ऐसा ही एक भावुक प्रसंग शबरी से जुड़ा है। सुनिए, मैथिली ठाकुर जी ने किस तरह से इसे अपने सुमधुर सुरों में पिरोया है।

#ShriRamBhajan

youtube.com/watch?v=h33HOJ...

## पीएम मैथिली ठाकुर के राम भजन के हुए मुरीद

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की बेटी मैथिली ठाकुर के गाए एक भजन को अपने एक्स हैंडल से शेयर कर तारीफ की है। लोक गायिका मैथिली ठाकुर द्वारा गाया गया यह भजन शबरी और प्रभु श्री राम से जुड़ा है। पीएम मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा, अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा का अवसर देशभर के मेरे परिवारजनों को प्रभु श्री राम के जीवन और आदर्शों से जुड़े एक-एक प्रसंग का स्मरण करा रहा है। ऐसा ही एक भावुक प्रसंग शबरी से जुड़ा है। सुनिए, मैथिली ठाकुर ने किस तरह से इसे अपने सुमधुर सुरों में पिरोया है। मैथिली ने भजन की तारीफ करने पर प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया है। मैथिली मूल रूप से बिहार के मधुबनी जिले की रहने वाली हैं। वह हिंदी, भोजपुरी और मैथिली जैसी भाषाओं में कई भजन और गीत गा चुकी हैं।

## घोषणा : विश्वभारती विवि ने की आधे दिन की छुट्टी

**कोलकाता।** 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के बोलपुर-शांतिनिकेतन में प्रतिष्ठित विश्वभारती विश्वविद्यालय ने छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए आधे दिन की छुट्टी की घोषणा की है। विश्वविद्यालय अधिकारियों द्वारा एक अधिसूचना जारी की गई है, जिसमें दावा किया गया है कि सभी विभागों और कार्यालय अनुभागों में सामान्य कामकाज सोमवार दोपहर 2.30 बजे तक बंद रहेगा। अधिसूचना में विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आधे दिन की छुट्टी अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव के लिए है।

## एक नजर

### चंद्रमा की सतह पर उतरने वाला पांचवां देश बना जापान

**नई दिल्ली।** जापान के स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून मिशन (स्लिम) ने चांद की सतह पर सफलतापूर्वक लैंडिग कर ली है। इसके साथ ही जापान चांद पर पहुंचने वाला पांचवां देश बन गया है। जापान से पहले अमेरिका, रूस, चीन और भारत ने चंद्रमा की सतह पर अपने लैंडर उतारे हैं। जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) के मुताबिक जापान का मानवरहित अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर पहुंच चुका है। चंद्रमा के अध्ययन के लिए भेजे गए स्मार्ट लैंडर टोक्यो के समय के अनुसार शनिवार देर रात 12:20 बजे चंद्रमा की सतह पर उतरा। स्लिम यात्री वाहन के आकार का हल्का अंतरिक्ष यान है। साफ्ट लैंडिंग के लिए इसने 'पिनपाइंट लैंडिंग' तकनीक का उपयोग किया।



### अमेरिकी संसद में वेद नंदा की विरासत को सम्मान



**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी स्तंभकार और 2018 में पद्म भूषण से सम्मानित वेद नंदा की विरासत को सम्मान देते हुए अमेरिकी कांग्रेस ने इस सप्ताह उन्हें एक प्रतिष्ठित शख्सियत और दोनों देशों के बीच एक सेतु बताया। डेनवर पोस्ट के जाने-माने स्तंभकार और डेनवर विश्वविद्यालय में 50 वर्ष तक पढ़ाने वाले प्रोफेसर नंदा का इस महीने 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 2004 में सामुदायिक शांति निर्माण के लिए 'गांधी-किंग-इकेदा' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। सांसद डायना डीगेट ने इस सप्ताह प्रतिनिधि सभा में कहा, "पांच दशक से अधिक समय तक प्रोफेसर नंदा ने डेनवर विश्वविद्यालय और भारतीय प्रवासी समुदाय के छात्रों का उत्थान किया और वह एक प्रतिष्ठित शख्सियत तथा दोनों देशों के बीच सेतु बने।"

# कड़ी सुरक्षा के बीच ज्ञानवापी परिसर के सील वजूखाने की हुई सफाई

## सफाई कार्य सुबह 09 बजे से पूर्वाह्न 11.45 तक चला

**सफाई कार्य के दौरान शृंगार गौरी केस के वादी पक्ष और मस्जिद कमेटी के दो-दो प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे**

**एजेंसी। वाराणसी**





सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच ज्ञानवापी परिसर के सील वजूखाने की सफाई की गई। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम की देखरेख में वजूखाने की सफाई हुई, जिसमें करीब पौने तीन घंटे लगे। वजूखाने का पानी तीन जेट पम्प से निकाले जाने के बाद जिंदा मछलियां प्रतिवादी पक्ष अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद के पदाधिकारियों को सौंप दी गईं। अधिकारियों ने बताया कि वाराणसी नगर निगम के सफाई कर्मियों की टीम ने वजूखाने की सफाई की और चूने का भी छिड़काव किया। सफाई का कार्य सुबह 09 बजे से पूर्वाह्न 11.45 तक चला। इस दौरान श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट-4 और परिसर के अंदर एवं बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। सफाई के दौरान पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन भी परिसर में मौजूद रहे। सफाई कार्य के दौरान शृंगार गौरी केस के वादी पक्ष और मस्जिद कमेटी के दो-दो प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ज्ञानवापी परिसर के सील वजूखाने की यह सफाई की गई है। वजूखाना सील होने की वजह से उसकी साफ-सफाई नहीं हो पा रही थी। इसके चलते अधिकांश मछलियां मर गई थीं, जिसके कारण दुर्गंध आ रहा था।

## चीन के एक स्कूल के डॉरमेट्री में आग लगी, 13 छात्रों की मौत



**बीजिंग।** चीन के हेनान प्रांत में एक स्कूल के शयनगृह (डॉरमेट्री) में आग लगने से कम से कम 13 छात्रों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार रात 11 बजे स्थानीय अग्निशमन विभाग को दुशू शहर के यानशानपु गांव में यिंगकाई स्कूल के एक पुरुष शयनगृह में आग लगने की सूचना मिली। बचावकर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और रात 11:38 बजे आग पर काबू पा लिया। जब आग लगी तो शयनगृह में लगभग 30 बोर्डिंग छात्र थे। छात्राएं शयनगृह की दूसरी मंजिल पर रहती हैं, जबकि छात्र तीसरी मंजिल पर रहते हैं। पुलिस ने स्कूल के प्रभारी को हिरासत में ले लिया है।

### फिल्म जगत

## सानिया मिर्जा ने शोएब से लिया 'खुला' इसकी पुष्टि पिता इमरान मिर्जा ने की



सानिया मिर्जा (बायें) शोएब मलिक अपनी नई पत्नी सना जावेद के साथ। (दायें)

**नई दिल्ली।** पाक के पूर्व क्रिकेट कप्तान शोएब मलिक ने शनिवार को खुलासा किया कि उन्होंने लोकप्रिय पाकिस्तानी एक्ट्रेस सना जावेद से दूसरी शादी कर ली है। इस बीच सानिया मिर्जा के पिता इमरान मिर्जा का बयान सामने आया है, जिसमें कहा गया कि यह एक 'खुला' था। दरअसल, 'खुला' एक मुस्लिम महिला के अपने पति को एकतरफा तलाक देने का अधिकार है। शोएब मलिक, जिन्होंने पहले अप्रैल 2010 में सानिया मिर्जा से शादी की थी, ने सोशल मीडिया पर अपनी नई पत्नी के साथ एक तस्वीर साझा की, जिसमें लिखा- अलहम्दुलिल्लाह, उन्होंने हमें जोड़े में बनाया। क्रिकेटर का पांच साल का बेटा इजान अपनी मां सानिया मिर्जा के साथ रहता है। शोएब और सानिया के रिश्ते में दिक्कतों की अटकलें 2022 से ही लगाई जा रही थीं और हाल के वर्षों में इस जोड़े को एक साथ कम ही देखा गया था। सानिया मिर्जा को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो करने के मलिक के हालिया फैसले ने चल रही अफवाहों को और हवा दे दी। शोएब मलिक के नए चैप्टर में सना जावेद के साथ संबंध शामिल है, जो एक प्रसिद्ध एक्ट्रेस हैं। जिन्होंने पहले 2020 में सिंगर उमैर जसवाल से शादी की थी।

# सीएम आवास के सामने की सड़क पर लगा बैरिकेडिंग

# पूरा शहर रहा जाम





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री से ईडी की टीम द्वारा पूछताछ के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर मुख्यमंत्री आवास के सामने वाली सड़क को बंद कर दिया गया था।

रांची में मुख्यमंत्री आवास के आसपास जेएमएम कार्यकर्ताओं के जुटने की सूचना पर जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार की रात को एतिहातन उपाय कर लिये गये थे। कांके रोड को बैरिकेटिंग लगाकर बंद कर देने के कारण वाहनों को मोरहाबादी की ओर मोड़ दिया जा रहा था। जिससे मोरहाबादी, हातमा रोड, कांके रोड, रणधीर वर्मा चौक, जाकिर हुसैन पार्क और कचहरी रोड तक जाम की स्थिति बनी रही। वहीं बुटी रोड और मोरहाबादी से कांके रोड जाने वाले वाहनों को रातू रोड की ओर मोड़ दिया जा रहा था। रातू रोड में भी लोगों के लिए विकट स्थिति बनी हुई थी। फ्लाइओवर निर्माण कार्य के कारण न्यू मार्केट चौक को कांके रोड और रातू रोड से बंद कर दिया गया है।

इस कारण मेन रोड, कचहरी चौक और लालपुर की ओर जाने वाले वाहनों को अपर बाजार होकर जाना पड़ रहा था। जिस कारण अपर बाजार की सभी गलियों में जाम की स्थिति बनी रही। रातू रोड चौक, भारत माता चौक, अरगोड़ा चौक, हॉट लिप्स चौक, किशोरगंज चौक, बरियातू रोड में सभी गाड़ियां रेंगते रही। वहीं लोगों की काफी समय की बर्बादी हुई। लोगों को एक-दो किलोमीटर की सफर तय करने में घंटों लग गये।



## झामुमो महासचिव ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को समझाया



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव और प्रवक्ता विनोद पांडेय शनिवार को मुख्यमंत्री आवास के पास पहुंचे। मुख्यमंत्री आवास के समीप सड़क पर बैठकर नारेबाजी कर रहे पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं को समझाया। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का कोई भी अप्रिय घटना ना हो। इसलिए शांतिपूर्वक विरोध कीजिए। पांडेय ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि सभी विधायकों को रांची हेड क्वार्टर में ही बने रहने का निर्देश दिया गया था। सभी रांची में है सभी लोग आसपास हैं। यदि किसी भी तरह की आवश्यकता होगी तो सभी लोग तुरंत पहुंचेंगे।

## मुख्यमंत्री के समर्थन में आत्मदाह की धमकी देने वाला युवक हिरासत में

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ करने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम शनिवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंची हुई है। इस बीच मुख्यमंत्री के समर्थन में आत्मदाह की चेतावनी देने वाला युवक गढ़वा से रांची पहुंचा, जिसे पुलिस के जवानों ने हिरासत में लेते हुए अरगोड़ा थाना को सौंप दिया। युवक ने पहले ही ईडी के अधिकारियों को चिट्ठी लिखकर कहा था कि यदि मुख्यमंत्री को किसी ने छुआ भी तो वह आत्मदाह कर लेगा। ईडी टीम 1.03 बजे मुख्यमंत्री आवास



पहुंची। मुख्यमंत्री आवास में जाने से पहले गेट पर स्पेशल ब्रांच के पुलिसकर्मियों के पास ईडी के अधिकारियों की जो सूची थी, उससे मिलान किया गया। इसके बाद से पूछताछ शुरू हुई। इसी दौरान आठ गाड़ियों से सैकड़ों की संख्या में सीआरपीएफ की जवान मुख्यमंत्री आवास पहुंचे हैं। बताया जाता है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर सीआरपीएफ जवानों को मुख्यमंत्री आवास के पास तैनात किया गया है।



## सीएम आवास के 500 मीटर दायरे में धारा 144 लागू

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी की पूछताछ के दौरान विभिन्न आदिवासी संगठन के लोग मुख्यमंत्री आवास के नजदीक पहुंचे हैं और धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री आवास के 500 मीटर के दायरे में धारा 144 लगा दिया है। यदि कोई भी व्यक्ति धारा 144 का उल्लंघन करेगा तो रांची जिला प्रशासन उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। जिला प्रशासन की टीम सभी लोगों से आग्रह कर रही है कि धरना प्रदर्शन ना करें और शांतिपूर्वक वापस लौट जायें। जिला प्रशासन की टीम लाउडस्पीकर के जरिए लोगों से आग्रह कर रही है। एसडीओ ने बताया कि धारा 144 लागू किया गया है। यह शनिवार रात 11:00 तक लागू रहेगा।

## कैमरे की नजर से



सीएम आवास के पास सुरक्षा व्यवस्था।



जुटे रहे कार्यकर्ता।



सीएम आवास जाते ईडी अधिकारी

## थाना न बुलाएं, अब अभियुक्त के घर जाकर पूछताछ करे पुलिस : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुख्यमंत्री आवास में ईडी की पूछताछ पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सम्मान किया और उनकी जिद को कानून के ऊपर रखकर पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री आवास तक गई। इस प्रकार की सुविधा झारखंड पुलिस द्वारा पाकुड़िया के सुदूरवर्ती गांवों के झोपड़ी में रहने वाले गरीब आदिवासी चुड़का सोरेन जैसे अभियुक्तों को भी मिलनी चाहिए। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कानून की नजर में मुख्यमंत्री और गरीब आदिवासी में कोई फर्क नहीं होता। इसलिए अब हम उम्मीद करते हैं कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी उदारता दिखाते हुए झारखंड पुलिस के लिए आज ही आदेश जारी करेंगे कि किसी भी



अभियुक्त को अब थाने में बुलाकर पूछताछ करने के बजाय अभियुक्त के घर जाकर ही पूछताछ की जाए। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि जनता को पता है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विदाई तय है।

बाउरी ने कहा कि कांग्रेसी विधायक इरफान अंसारी समेत तीन लोगों को मुख्यमंत्री ने वनवास दिया था। इरफान अंसारी की काल कोठरी के दिनों की संवेदना जागी होगी। वैसे भी विदाई के वक्त लोगों की आंखों में आंसू आ ही जाते हैं।

## झारखंड के 51 हजार मंदिरों में होगा धार्मिक अनुष्ठान : पंचम सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष पंचम सिंह ने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के दिन झारखंड में 51 हजार से अधिक मन्दिरों में अनुष्ठान होगा। कार्यक्रम पूर्वाह्न दस बजे से शुरू होगा। इस दौरान मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, पूजन, भजन, कीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड पाठ, श्रीरामचरितमानस पाठ किया जाएगा। पंचम सिंह शनिवार को मोरहाबादी मैदान में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने कहा अयोध्या में हो रहे कार्यक्रम का प्रांत के हजारों मंदिर परिसर में लाइव प्रसारण की भी व्यवस्था की जा रही है। इसकी तैयारी में समस्त हिंदू समाज के साथ विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी अनुषांगिक संगठन, सभी

### भव्य, ऐतिहासिक और अविस्मरणीय होगा पौष द्वादशी का दीपोत्सव: डॉ बिरेन्द्र



धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक संगठन, मन्दिर समिति के लोग लगे हुए हैं। उन्होंने भाव विभोर होकर कहा अयोध्या में हो रहे पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित होने का परम सौभाग्य प्राप्त हो रहा है, वास्तव में हमारा जीवन धन्य हो गया। मौके पर विहिप के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने कहा कि 16 जनवरी से ही हिंदू समाज मंदिरों की साफ- सफाई, मंदिरों की साज - सज्जा में लगे हुए हैं। प्राण प्रतिष्ठा के दिन कि तैयारी लगभग पूरी हो गई हैं। डॉ साहु ने कहा हिंदू समाज 22 जनवरी के दिवस को विस्मरणीय बनाने के लिए दांपत्य जीवन की शुरूआत करने के लिए, तो कहीं माताएं अपने शिशु को जन्म देने के लिए तो कहीं अपने-अपने निकट भगवान के नूतन मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम के अनुष्ठान प्रारंभ कर दिए हैं।

## नियम विरुद्ध निर्णय लेने में भी रिकॉर्ड बना रहे सीएम : अरुण उरांव

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ अरुण उरांव ने शनिवार को राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। उरांव ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री केवल भ्रष्टाचार में ही नहीं बल्कि नियम विरुद्ध निर्णय लेने में भी रिकॉर्ड बना रहे। हेमंत सरकार ऐसी सरकार है जिसने कैबिनेट के फैसले में संसद से पारित कानून को चुनौती दी। मानो झारखंड कोई अलग देश हो। ईडी की कार्रवाई को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने आप को कानून से ऊपर रख लिया है। आठवें समन के बाद भी ईडी को सीएम से पूछताछ के लिए आवास पर जाना पड़ा। भाजपा प्रवक्ता डा. अरुण उरांव ने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री ईडी के अधिकारियों को पूछताछ के लिए अपने आवास पर बुलाते हैं और बाहर ईडी के विरुद्ध अपने समर्थकों से विरोध भी करवाते हैं।

## बैंक ऑफ इंडिया की एटीएम उखाड़ ले गये चोर, खोलने में रहे नाकाम

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

खूंटी शहरी इलाकों में चोर दुस्साहस का परिचय देते हुए शहर में भगत सिंह चौक स्थित बैंक आफ इंडिया की एटीएम मशीन को उखाड़ कर एक गैरेज तक ले गये, पर वे एटीएम को खोल नहीं पाये और एटीएम की रकम सुरक्षित रह गई। जानकारी के अनुसार शनिवा रात एटीएम सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़कर चोर एटीएम मशीन को उखाड़ कर सड़क किनारे एक गैराज के पास ले गए थे। वहां एटीएम मशीन को तोड़ने का प्रयास किया गया। एटीएम मशीन तोड़े जाने की आवाज सुनकर कुछ लोगों को चोरी होने की आशंका हुई और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। देर रात सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, लेकिन दूर से ही पुलिस वाहन को आता देख चोर एटीएम मशीन को वहीं छोड़ भाग निकले। पुलिस किसी गैराज में चोरी होने



की सूचना पर वहां पहुंची थी, लेकिन वहां पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि चोर एटीएम को ही खोलकर वहां ले आए थे। बाद में एटीएम मशीन को वहां से पुलिस थाना ले गई। खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एटीएम मशीन से चोर पैसा निकालने में सफल नहीं हो पाए। इस संबंध में खूंटी थाने में बैंक मैनेजर के बयान पर एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। एसडीपीओ ने बताया कि जल्द ही घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## रांची जिला बार एसो. के लिए हुआ 86 मतदान, परिणाम आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला बार एसोसिएशन (आरडीबीए) के 16 पदों के लिए शनिवार को शांतिपूर्ण मतदान हुआ। एसोसिएशन के पांच पदाधिकारी और 9 कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के लिए 74 प्रत्याशी मैदान में हैं। इस दौरान 86% मतदाताओं ने मतदान किया। चुनाव समिति के सदस्य अजय कुमार तिवारी ने बताया कि मतदान समाप्त होने तक 1863 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जबकि मतदाताओं की कुल संख्या 2163 थी। उन्होंने बताया कि सबसे पहले सात पदधारियों के लिए मतगणना कल सुबह 11:30 बजे से शुरू होगी। इधर बार एसोसिएशन के नये बार भवन में शनिवार की सुबह 10:30 बजे वोटिंग शुरू हुई। वोटिंग को लेकर अधिवक्ताओं में काफी उत्साह देखा गया। ऑब्जर्वर राधेश्याम गोस्वामी एवं मृत्युंजय श्रीवास्तव लगातार चुनाब की गतिविधियों में लगे रहे थे।



वहीं चुनाव समिति के सदस्य अजय कुमार तिवारी, वाईएन सिन्हा एवं अमरेंद्र कुमार ओझा शांतिपूर्ण चुनाव व्यवस्था में जुटे थे। चुनाव को लेकर रांची जिला सुबह 10:00 बजे से ही गहमागहमी दिख रही थी। मतदान के लिए अधिवक्ताओं की लंबी कतार देखने को मिली। मतदान केंद्र के बाहर कई उम्मीदवारों के प्रतिनिधि वोटरों को अपने पक्ष में वोट देने के लिए आग्रह करते देखे गये।

**वोटिंग के लिए बने थे दो बूथ :** वोटिंग के लिए दो बूथ बनाये गये थे। जिसमें एक-एक बूथ पर 35-35 काउंटर यानी कुल 70 काउंटर बने थे। एक बूथ में ए से एम नाम अक्षर नाम वाले वोटर वोट दे रहे थे। वहीं दूसरे बूथ में एन लेकर जेड तक नाम वाले अधिवक्ता बोट डाल रहे थे।

### सेंट जेवियर्स कॉलेज में एडवांस नावेल मेटेरियल्स टूवड्र्स सस्टेनेबल फ्यूचर पर सेमिनार

## नई अवधारणाओं, नई तकनीकी और नई खोज की ओर ध्यान दें : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भविष्य में विकास की गति बनी रहे इसके लिए नई अवधारणाओं, नई तकनीकी और नई खोज की ओर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की मात्रा सीमित है लेकिन विकास के लिए इसका लगातार दोहन किया जा रहा है। हमें वैकल्पिक मेटेरियल के उपयोग की दिशा में कार्य करना पड़ेगा। इस सेमिनार में भाग लेने वाले विद्वान और अनुभवी लोग इस दिशा में अपने विचार साझा करेंगे। राज्यपाल शनिवार को रांची के जेवियर्स कॉलेज में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एडवांस इन नावेल मेटेरियल्स टूवड्र्स सस्टेनेबल फ्यूचर (आईसीएएन-2024) में बोल रहे

### हमें वैकल्पिक मैटेरियल के उपयोग की दिशा में कार्य करना पड़ेगा




थे। उन्होंने कहा कि सेंट जेवियर्स कॉलेज का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहां के विद्यार्थी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दिया है। यह बहुत गर्व कि बात है की सेंट जेवियर्स कॉलेज के भौतिकी शाखा की स्थापना 1944 ई. में हुई थी। भौतिकी शाखा सहित अन्य विद्यार्थियों को भी इस सेमिनार से विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे नित्य नए बदलाव की जानकारी उन्हें मिलेगी। इससे वे नए प्रयोग, नई खोज एवं नई तकनीक विकसित करने के लिए प्रेरित होंगे। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और लगातार प्रोत्साहित करते रहते हैं। चन्द्रयान-2 के पूर्ण रूप से सफल नहीं होने पर उन्होंने वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित किया और फिर चन्द्रयान-3 का सफल लैंडिंग हुआ।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का देश बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने 'विकसित भारत 2047' का नारा दिया है। राज्यपाल ने सभी से उत्साहपूर्वक विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए आह्वान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड हाईकोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए सरायकेला-खरसावां के जिला शिक्षा अधीक्षक

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में याचिकाकर्ता श्यामली मंडल को उसके शिक्षक पति की मृत्यु के बाद ग्रेच्युटी, एरियर आफ पेंशन, फैमिली पेंशन आदि सुविधा भुगतान नहीं किए जाने से संबंधित अवमानना याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक सरायकेला-खरसावां कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। डीएसई ओर से कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगते हुए बताया गया कि आदेश का अनुपालन कर लिया गया है। इसके बाद जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट ने अवमानना याचिका को समाप्त कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमरेंद्र प्रधान ने पैरवी की। स्वप्न मंडल साइंस शिक्षक के रूप में 23 दिसंबर, 1976 को ज्वाइन किए थे। वे अपग्रेडेड हाई स्कूल ,कपाली में अप्रैल, 2011 में इंचार्ज हेड मास्टर के पद पर कार्य कर रहे थे। इसी दौरान उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी श्यामली मंडल को रिटायरल बेनिफिट नहीं मिल पाया था, जिसे लेकर उन्होंने हाई कोर्ट की एकल पीठ में याचिका दाखिल की थी। एकल पीठ ने 17 जून, 2020 को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता को रिटायरल बेनिफिट देने का आदेश सरकार को दिया था लेकिन आदेश का अनुपालन नहीं होने पर श्यामली मंडल ने हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की। इस अवमानना याचिका में जिला शिक्षा अधीक्षक, जमशेदपुर की ओर से कोर्ट के आदेश का अनुपालन रिपोर्ट भी नहीं प्रस्तुत किया गया। साथ ही कोर्ट में शोकाज दायर नहीं किया गया, जिस पर कोर्ट ने उन्हें 19 दिसंबर को तलब किया था।

### पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई अब दो फरवरी को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू स्थित चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की ओर से दायर जमानत याचिका पर अब सुनवाई दो फरवरी को होगी। मामले में बीते 19 जनवरी को ईडी की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है। मामले की सुनवाई जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में सूचीबद्ध है। चेशायर होम जमीन गड़बड़ी मामले में ईडी ने ईसीआईआर 5/ 2023 दर्ज किया है। इस मामले में पूर्व डीसी छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ ईडी ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल, 2023 को छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे, जिसके बाद 14 अप्रैल, 2023 को ईडी ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप है।

### हेमंत सोरेन 23 जनवरी को तोरपा आयेंगे उपायुक्त ने की तैयारियों की समीक्षा

**खूंटी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 23 जनवरी को तोरपा स्थित एनएचपीसी मैदान में आयोजित आबुआ आवास योजना के मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान विधि व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यानिवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि 23 जनवरी को मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना से संबंधित मुख्य कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। इसे लेकर सारी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ व दुरुस्त किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर सभी विभाग अपनी तैयारी पहले से पूर्ण कर लें। सभी विभाग समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को गति दें। कार्यक्रम को लेकर तोरपा प्रखंड के एनएचपीसी मैदान की पूरी साफ-सफाई कराने के निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत को दिया गया।



# भारत से और अधिक बच्चों को टेनिस खेलते देखना पसंद करूंगा : नोवाक जोकोविच

**एजेंसी। मुंबई**

मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच जिन्होंने टूर्नामेंट के 2024 संस्करण में अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी को सीधे सेटों में हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की, ने टेनिस को एक पेशे के रूप में अपनाने की इच्छा रखने वाले भारत के युवा बच्चों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा मैं विशेष रूप से बचपन में बच्चों के विकास के लिए डिजाइन किये गये कुछ कार्यक्रमों का हिस्सा बनना चाहता हूं क्योंकि यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं बहुत भावुक हूं। वही हमारी नींव की आधारशिला भी है, मैं और अधिक बच्चों को रैकेट पकड़कर टेनिस खेलते हुए देखना चाहता हूँ। एक टेनिस खिलाड़ी होने के नाते, ऐसा होते देखकर मेरा दिल खुशी से भर जायेगा।

सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के विशेषज्ञ पैनलिस्ट सोमदेव देववर्मन के साथ पहले साक्षात्कार के दौरान, जोकोविच ने भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली के प्रति अपनी प्रशंसा के बारे में बात की थी। सानिया मिर्जा से बात करते हुए 36 वर्षीय ने भारत के प्रति अपना प्यार व्यक्त करते हुए कहा मुझे लगता है कि मेरा भारत के साथ एक विशेष संबंध है। मैं वहां के लोगों से प्यार करता हूं वे मेरे प्रति बहुत दयालु रहे हैं और दुनिया के सबसे सच्चे और सज्जन लोगों में से एक हैं। वे अपने खेल से प्यार करते हैं और जाहिर तौर पर क्रिकेट को सबसे ज्यादा फॉलो किया जाता है लेकिन जैसा कि मैं समझता हूं टेनिस को पूरे देश में भी बहुत पसंद किया जाता है। उन्होंने 2014 में नई दिल्ली में रोजर फेडरर और कई अन्य टेनिस दिग्गजों के साथ एक प्रदर्शनी मैच में भाग लिया था। जिसे उन्होंने याद किया और जल्द ही देश में घूमने के अपने सपने के बारे में भी बताया।

उन्होंने कहा उम्मीद है। अभी मेरे सामने कई साल हैं ताकि मैं आपके खूबसूरत देश में अधिक समय बिता सकूं और हम अधिक बच्चों को टेनिस खेलने के लिए सशक्त बनाने के मिशन पर काम कर सकें। रविवार, 21 जनवरी 2024 को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के चौथे दौर में जोकोविच का सामना फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो से होगा।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने संन्यास को लेकर कहा
# जिस पल मुझे लगेगा कि मेरा काम हो गया, मैं रिटायर हो जाऊंगा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पुर्तगाली सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपनी सेवानिवृत्ति की योजना के बारे में खुलकर बात की और कहा कि जब उनका काम पूरा हो जायेगा तब वह निर्णय लेंगे।

ग्लोब सॉकर अवार्ड्स 2023 समारोह में बोलते हुए रोनाल्डो ने गोल.कॉम के हवाले से कहा जिस पल मुझे लगेगा कि मेरा काम हो गया, मैं रिटायर हो जाऊंगा... शायद 10 साल में?

जब रोनाल्डो से 2023 में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बनने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी उपलब्धि पर गर्व है। पांच बार के बैलन डी ओर विजेता ने कहा कि उन्हें अच्छा लगता है जब लोग उन पर संदेह करते हैं।

उन्होंने कहा मैं इस सीजन में सबसे अच्छा गोलस्कोरर था, हालैंड जैसी टीम को हराने की कल्पना करें... मुझे गर्व है और मैं जल्द ही 39 साल का हो जाऊंगा। मुझे पसंद है जब लोग मेरे बारे में फिर से संदेह करते हैं और फिर मैं सफल होता हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं आलोचना से प्रभावित होता हूं।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए 2023 शानदार रहा और उन्होंने साल का अंत दुनिया के शीर्ष गोल स्कोरर के रुप में किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद पुर्तगाली सुपरस्टार ने कहा कि वह अगले साल इसे फिर से हासिल करने की कोशिश करेंगे।

2023 में पांच बार के बैलन डीओर विजेता ने अपने देश और अपने वर्तमान क्लब, अल नासर के लिए 54 गोल किये। इंग्लिश स्ट्राइकर हैरी केन 52 गोल के साथ दूसरे स्थान पर रहे। पीएसजी और फ्रांसीसी हमलावर किलियन एम्बाप्पे ने 52 गोल किए। इस बीच, सिटी और नॉर्वेजियन स्ट्राइकर एर्लिंग हलांड ने 50 गोल किये। रोनाल्डो को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलरों में से एक माना जाता है और उन्होंने कुछ ऐसे रिकॉर्ड बनाए हैं जिन्हें तोड़ना मुश्किल होगा।

पांच बार के बैलन डीओर विजेता रोनाल्डो जनवरी 2023 में सऊदी क्लब अल नासर में शामिल हुए और उन्होंने अपनी नई टीम के लिए 50 मैच खेले हैं और 44 गोल किए हैं।

सऊदी प्रो लीग के मौजूदा सीजन में पुर्तगाली ने रियाद स्थित क्लब के लिए 18 मैचों में भाग लिया और 20 गोल किए। रोनाल्डो ने 2023-24 सीजन में अल नासर के लिए नौ गोलों में सहायता भी की।

# टाटा ग्रुप 2028 तक आईपीएल का टाइटल प्रायोजक बना रहेगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टाटा समूह ने अगले पांच वर्षों (2024-28) के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शीर्षक प्रायोजन अधिकार हासिल कर लिए हैं। ग्रुप ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ 2500 करोड़ रुपये के अनुबंध का नवीनीकरण किया है।

बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान में कहा बीसीसीआई ने शनिवार को टाटा ग्रुप को पांच साल की अवधि के लिए इंडियन प्रीमियर लीग के शीर्षक प्रायोजन अधिकार प्रदान किये। विभिन्न कार्यक्षेत्रों वाले भारतीय समूह ने 2500 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड-तोड़ मूल्य पर बीसीसीआई के साथ अपने सहयोग को नवीनीकृत किया है - जो लीग के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक प्रायोजन राशि है।

### 2500 करोड़ रुपये के अनुबंध का किया नवीनीकरण




टाटा समूह के पास पहले 2022 और 2023 में आईपीएल के लिए शीर्षक प्रायोजन अधिकार थे और वह दुनिया की सबसे बड़ी महिला टी20 लीग, महिला प्रीमियर लीग का शीर्षक प्रायोजक भी है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा हम आईपीएल के शीर्षक प्रायोजक के रूप में टाटा समूह के साथ साझेदारी की घोषणा करते हुए प्रसन्न हैं। लीग ने कौशल, उत्साह और मनोरंजन के अपने बेजोड़ मिश्रण के साथ दुनिया भर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। इसी तरह, भारत में निहित टाटा समूह, उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में उभरा है, जो विभिन्न वैश्विक क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहा है। यह सहयोग विकास, नवाचार और उत्कृष्टता के लिए पारस्परिक समर्पण की भावना का प्रतीक है। अभूतपूर्व वित्तीय प्रतिबद्धता अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर आईपीएल के विशाल पैमाने और वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है।

आईपीएल के चेयरपर्सन अरुण सिंह धूमल ने कहा आईपीएल 2024-28 के शीर्षक प्रायोजन के लिए टाटा समूह के साथ सहयोग आईपीएल की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। टाटा समूह द्वारा 2500 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड-ब्रेकिंग राशि खेल की दुनिया में आईपीएल के अपार मूल्य और आकर्षण के लिए एक वसीयतनामा है। यह अभूतपूर्व राशि न केवल लीग के इतिहास में एक नया मानदंड स्थापित करती है, बल्कि वैश्विक प्रभाव के साथ एक प्रमुख खेल आयोजन के रूप में आईपीएल की स्थिति की भी पुष्टि करती है। टाटा समूह की प्रतिबद्धता क्रिकेट और खेल वास्तव में सराहनीय हैं, और हम एक साथ नई ऊंचाइयों को छूने और प्रशंसकों को अद्वितीय क्रिकेट मनोरंजन प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।

## अजारेंका, अल्काराज चौथे दौर में पहुंचे



**मेलबर्न।** विक्टोरिया अजारेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे दौर में अपनी जगह पक्की कर ली है। 34 वर्षीय दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन ने मार्गरेट कोर्ट एरेना में 11वीं वरीयता प्राप्त जेलेना ओस्टापेंको को 6-1, 7-5 से हरा दिया। अजारेंका का लचीलापन तब चमका जब उन्होंने 11 एस लगाए, जिसमें महत्वपूर्ण क्षण भी शामिल थे जब उन्होंने मैच के लिए सर्विस करते हुए ब्रेक प्वाइंट बचाये। विशेष रूप से, बेलारूसी ने अपनी अप्रत्याशित त्रुटियों को 17 तक सीमित रखा, जो उसकी जीत का एक महत्वपूर्ण कारक था जबकि उसके प्रतिद्वंद्वी की 30 थीं।

# आर्थर कैजॉक्स, दानिल मेदवेदेव चौथे दौर में पहुंचे

**एजेंसी। मेलबर्न**

फ्रांसीसी वाइल्ड कार्ड आर्थर कैजॉक्स ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना शानदार पदार्पण जारी रखते हुए 28वीं वरीयता प्राप्त टालोन ग्रिक्सपुर को शनिवार को सीधे सेटों में हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया।

नवंबर 2023 में नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल में विकल्प के रूप में काम करने वाले 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 28वीं वरीयता प्राप्त टालोन ग्रिक्सपुर पर सीधे सेटों में 6-3, 6-3, 6-1 से शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने मैच के दौरान एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया।

कोर्ट 3 पर फ्रांसीसी प्रशंसकों के हाई-फाइव्स के साथ जश्न मनाते हुए, कैजॉक्स की रैंकिंग में 83वें स्थान पर वृद्धि संभावित शीर्ष 60 में सफलता के लिए मंच तैयार करती है। अगर वह हर्काज के खिलाफ अपनी पहली बार की भिड़ंत में जीत हासिल करता है।

मोंटपेलियर के रहने वाले कैजॉक्स का लक्ष्य 2014 में निक किर्गियोस के बाद ग्रैंड स्लैम



क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाला पहला वाइल्डकार्ड बनकर इतिहास बनाना है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनके पिछले संघर्षों का अनुसरण करती है क्योंकि इस सप्ताह से पहले करियर की तीन प्रमुख प्रस्तुतियों में वह पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाये थे।

इस बीच कैमरन नोरी ने 11वीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड पर आत्मविश्वास बढ़ाने वाली जीत में एक नए गेम प्लान का प्रदर्शन किया। ब्रिटिश खिलाड़ी, जिसने 2023 के चुनौतीपूर्ण अंत का अनुभव किया था और कलाई की चोट के कारण ऑकलैंड में क्वार्टर फाइनल से हट गया था, ने आक्रामक और आत्मविश्वासपूर्ण प्रदर्शन के साथ वापसी की।

नोरी के रणनीतिक दृष्टिकोण, जिसमें 63 विनर्स को मारना और नेट दृष्टिकोण को सफलतापूर्वक परिवर्तित करना शामिल था, ने उन्हें पहली बार मेलबर्न पार्क में चौथे दौर में जगह दिलाई। इस जीत ने उन्हें पेपरस्टोन एटीपी लाइव रैंकिंग के शीर्ष 20 में वापस पहुंचा दिया, जिससे अलेक्जेंडर ज्वेरेव और एलेक्स मिशेलसन के विजेता के साथ उनकी भिड़ंत तय हो गई।

इससे पहले, मेदवेदेव ने मार्गरेट कोर्ट एरेना में फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को सीधे सेटों में 6-3, 6-4, 6-3 से हराकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

विश्व नंबर 1 रैंकिंग पुनः प्राप्त करने के अवसर के साथ, मेदवेदेव का नैदानिक ????प्रदर्शन उन्हें खिताब की दौड़ में रखता है। उनकी अगली चुनौती पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के खिलाफ है, जिन्होंने 13वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को उलटफेर का शिकार बनाया।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे थांग-टा के पांच खिलाड़ी



**रांची।** युवा कार्य एवम खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित छठी खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए राज्य के पांच थांग-टा खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में इंदु कुमारी (पलामू), ऐश्वर्या प्रसाद, प्रगति प्रिया, सौरभ भारती तथा सौरभ रवानी (सभी धनबाद) का नाम सामिल है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के झारखंड के नोडल अधिकारी दिलीप कुमार द्वारा आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के कोच रंजीत केशरी को दल का कोच तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (हिसरा) पलामू की शारीरिक शिक्षिका सोनामोती कुमारी को मैनेजर नियुक्त किया गया है। चयनित खिलाड़ियों का 21 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर कोच रंजीत केशरी के नेतृत्व में दून पब्लिक स्कूल, धनबाद में जारी है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत थांग-टा की प्रतियोगिता आगामी 28 से 30 जनवरी तक तमिलनाडु में कोयंबटूर स्थित पीएसजी मेडिकल कॉलेज स्टेडियम में आयोजित होगा जिसके लिए झारखंड थांग-टा दल 25 जनवरी को धनबाद से अलापुजा एक्सप्रेस से रवाना होगी।

## दुबई कैपिटल्स के साथ मैदान में उतरने को लेकर उत्साहित हूं: सैम बिलिंग्स



**दुबई।** डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 लीग में दुबई कैपिटल्स शनिवार 20 जनवरी को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में एमआई एमिरेट्स के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने अभियान की शानदार शुरूआत करना चाहेगी। खिलाड़ी दूसरे सीजन में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर के नेतृत्व में दुबई कैपिटल्स के लिए मैदान में उतरेंगे। टूर्नामेंट से पहले मीडिया से बात करते हुए स्टार बल्लेबाज सैम बिलिंग्स ने वार्नर के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने की संभावना पर अपना उत्साह साझा किया।

## करियर की 500वीं जीत दर्ज करने पर बोपन्ना ने कहा
# यह वास्तव में एक विशेष अहसास

**एजेंसी। मेलबर्न**

43 साल की उम्र में मजबूत प्रदर्शन करते हुए रोहन बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में पेशेवर टेनिस में अपने करियर की 500वीं जीत दर्ज करके भारत को गौरवान्वित किया। बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन ने पुरुष युगल के पहले दौर में जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैन्स को हराकर 500वीं जीत दर्ज की।

उन्होंने स्टूडियो शो एक्स्ट्रा सर्व में सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के विशेषज्ञ पैनलिस्ट सोमदेव देववर्मन से बातचीत में कहा यह वास्तव में एक विशेष एहसास है कि मैंने खुद को 500 जीत दिलाई। इस यात्रा में बहुत सारे बलिदान हुए हैं और इस दौरान बहुत सारे लोग मेरे साथ थे।

बोपन्ना ने पुरुष युगल जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन के साथ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में अपनी 501वीं जीत हासिल की। इस जोड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर को 6-2,6-4 से सीधे सेटों में हराया। 21 करियर खिताबों के साथ, रोहन बोपन्ना भारत के सबसे प्रतिष्ठित टेनिस पेशेवरों में से एक हैं। वह टेनिस में काफी सक्रिय खिलाड़ी रहे हैं और पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने अपनी खेल शैली में काफी बदलाव किया है।

इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि वह अभी भी किस तरह आगे बढ़ने में सफल रहते हैं। बोपन्ना ने कहा सर्विस और वॉली नहीं कर पाना बहुत मुश्किल था। जो मुझे हमेशा करना सिखाया गया था और यह मेरी शैली थी। मुझे इसे प्रबंधित करना था और खेलने के नए तरीके खोजने थे जो उच्चतम स्तर पर खेलते समय काम करते थे। 2020 में महामारी के दौरान मैंने अयंगर योग करना शुरू किया और इससे मेरे स्वास्थ्य पर काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ा। मैं सप्ताह में चार बार 90 मिनट का सत्र कर सकता हूं। उन्होंने आगे कहा मुझे लगता है कि मानसिक रूप से भी मैं काफी मजबूत हो गया हूं। टेनिस खेलते समय मैं जिस तरह से सोच रहा था वह स्पष्ट था। इससे बहुत फर्क पड़ा, इसका परिणाम यह हुआ कि पिछला साल मेरे लिए बहुत अच्छा रहा क्योंकि मैंने कोर्ट पर रहकर आनंद उठाया। बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों और उन्हें जीत दिलाने के लिए अपनी सीमाएं पार करने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा मेलबर्न की परिस्थितियां वास्तव में मुश्किल हैं। जब हवा चल रही हो तो टेनिस वास्तव में अलग होता है। आप अपनी सर्विस के बाद नहीं जा सकते, आपको प्रतिशत गेम खेलना होगा। यह वास्तव में मेरी शैली नहीं है और मुझे अपने पैरों के साथ वास्तव में कड़ी मेहनत करनी पड़ी। लेकिन शुक्र है, हम सफल हो गये।

**रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन आज अपने पुरुष युगल के तीसरे दौर के मैच में वेस्ले कूलहोफ और निकोला मेक्टिक से भिड़ेंगे।**



## खबरें व्यापार जगत की

### इरेडा का मुनाफा 77 फीसदी की उछाल के साथ 355 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) ने वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा 77 फीसदी उछलकर 355.54 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 200.75 करोड़ रुपये रहा था।

कंपनी ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में उसका मुनाफा 77 फीसदी उछलकर 355.54 करोड़ रुपये रहा। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी की कुल आमदनी बढ़कर 1,253.19 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 868.97 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने बताया कि इस दौरान उसका व्यय 867.05 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 634.27 करोड़ रुपये रहा था। उल्लेखनीय है कि इरेडा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत आने वाली एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है। यह कंपनी ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता यानी संरक्षण के नए और नवीकरणीय स्त्रोतों से संबंधित परियोजनाओं की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता देने एवं विकसित करने और विस्तार करने में लगी है। इसकी स्थापना 11 मार्च, 1987 को हुई थी।

### शेयर बाजार में 22 जनवरी को अवकाश रहेगा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में 22 जनवरी को इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स, एसएलबी सेगमेंट में ट्रेडिंग अवकाश रहेगा। बीएसई ने 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा के संबंध में महाराष्ट्र सामान्य प्रशासन विभाग की 19 जनवरी की अधिसूचना और निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट, 1981 के तहत 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश के संबंध में आरबीआई की प्रेस विज्ञप्ति का हवाला दिया। बीएसई ने कहा कि वह इक्विटी, एसएलबी और इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट में अपनी प्राथमिक साइट (पीआर) से शनिवार 20 जनवरी को नियमित समय के अनुसार नियमित ट्रेडिंग सत्र आयोजित करेगा। पीआर साइट से डीआर साइट पर कोई इंट्रा-डे स्विचओवर नहीं होगा। इससे पहले, एक्सचेंजों ने शनिवार, 20 जनवरी को डीआर साइट पर इंट्राडे स्विच के साथ एक विशेष लाइव ट्रेडिंग सत्र की योजना बनाई थी।

### आईडीबीआई बैंक ने तीसरी तिमाही में 1,458.18 करोड़ रुपये का उच्चतर शुद्ध लाभ किया दर्ज

**चेन्नई।** आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही 1,458.18 करोड़ रुपये के उच्च शुद्ध लाभ के साथ बंद की। शनिवार को एक नियामक फाइलिंग में, आईडीबीआई बैंक ने कहा कि 31.12.2023 को समाप्त तिमाही के लिए उन्होंने 6,54.86 करोड़ रुपये (वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही 5,23.44 करोड़ रुपये) की कुल ब्याज आय और 1,458.18 करोड़ रुपये (927.27 रुपये करोड़) का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। इसके राजस्व स्त्रोतों में चौतरफा वृद्धि के कारण लाभ बढ़ गया। रिव्यू तिमाही के दौरान बैंक का प्रावधान घटकर 319.85 करोड़ रुपये (784.28 करोड़ रुपये) रह गया। 31 दिसंबर, 2023 तक बैंक की सकल और शुद्ध गैर-निष्पादित संपत्ति 8,589.40 करोड़ रुपये (31.12.2022 को 23,535.06 करोड़ रुपये) और 593.34 करोड़ रुपये (1,595.63 करोड़ रुपये) थी।

### मजबूत शुरूआत के बाद लुढ़का शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज उतार-चढ़ाव के बीच सपाट स्तर पर कारोबार हो रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी लेकिन पहले 1 घंटे के कारोबार में ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से बाजार के दोनों सूचकांक गिर कर लाल निशान में पहुंच गए। हालांकि इसके बाद दोबारा खरीदारी शुरू हो जाने की वजह से बाजार की स्थिति में मामूली सुधार होता नजर आया। दोपहर 2 बजे तक के कारोबार में सेंसेक्स 0.001 प्रतिशत की कमजोरी और निफ्टी 0.04 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

### दही खाओ इनाम पाओ में विनय कुमार सिंह ने 2.537 किलो दही खाकर बने दही सम्राट




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मेधा दही खाओ इनाम पाओ प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। प्रतियोगिता में कुल 210 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को तीन मिनट में दही खाना था। इसमें तीन वर्गों (महिला, पुरुष एवं वरिष्ठ नागरिक) ने भाग लिया। झारखंड राज्य दुग्ध उत्पादक सहकारी महासंघ लिमिटेड (जेएमएफ) एवं इंडियन डेयरी एसोशिएशन (इस्टर्न जोन) झारखंड चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान के तहत मेधा डेयरी प्लांट, होटवार में प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

सुधीर कुमार सिंह, अध्यक्ष इंडियन डेयरी एसोशिएशन (इस्टर्न जोन) सह प्रांत निदेशक झारखंड राज्य दुग्ध उत्पादक सहकारी महासंघ लिमिटेड (जेएमएफ) ने कहा कि पुराने समय में लोग पेट भर खाने के बाद भी कई किलो दही एवं मिठाई खा जाया करते थे। उसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए लोगों के बीच दही खाने की लत लगे ताकि गुणवत्ता पूर्ण उत्पाद के साथ बेहतर पोषण मिल सके। यह चौथी बार प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। इसे लेकर लोगो में काफी उतासह रहता है। उन्होंने कहा कि दिन प्रति-दिन मेधा दही की मांग बढ़ी है। जिसके कारण मेधा डेयरी के पास 80 ग्राम दही कप से लेकर 15 किलो ग्राम के दही उपलब्ध हैं। मेधा दही विदेश से मंगाए गये उच्च गुणवत्ता पूर्ण कल्चर से जमाया जाता है, जो संक्रमण रहित है। आज की युवा पीढ़ी जंक फूड की ओर ज्यादा आकर्षित है एवं यह सही समय है हम नई पीढ़ी को पौष्टिक भोजन की ओर आकर्षित होने के लिए जागरूक करें।

इस अवसर पर अध्यक्ष, इंडियन डेयरी एसोशिएशन (झारखंड चैप्टर) सह महाप्रबंधक(क) झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड (जेएमएफ) पवन कुमार मरवाहा, महाप्रबंधक झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड (जेएमएफ), जयदेव विश्वास एवं समस्त ग्रुप हैड और मेधा डेयरी के सहयोगी कर्मचारी गण इस मौके पर मौजूद थे।

#### प्रतियोगिता के विजेता

- **पुरुष वर्ग में दही सम्राट बने विनय कुमार सिंह ने 2.537 किलो दही खाया। दही श्रीमान बने मनोज कुमार मिश्रा ने 2.535 किलो। दही वीर बने उत्तम कुमार महतो ने 2.413 किलो।**
- **महिला वर्ग में दही साम्रगी बने पूनम सिंह 1.849 किलो दही खायी है। दही श्रीमती का श्रेय सुनीता कुमारी को जाता है, उन्होंने 1.772 किलो खायी है। दही वीर बने पुतुल देवी 1.432 किलो।**
- **वरिष्ठ नागरिक श्रेणी में दही भूषण का श्रेय नीलकंठ झा उन्होंने 2.037 किलो। दही महाराज का श्रेय एमएन झा को जाता है 1.887 किलो। दही सूर्य बने प्रदीप कुमार दत्ता 1.866 किलो।**